# CALIFORNIA राज्यव्यापी सीधा

# प्राथमिक चुनाव

## मंगलवार, 3 जून, 2014

★ **आधिकारिक मतदाता सूचना मार्गदर्शिका** ★

*विशुद्धता का प्रमाण–पत्र*

मैं, Debra Bowen, California राज्य की राजकीय सचिव, एतद्द्वारा प्रमाणित करती हूं कि यह मार्गदर्शिका कानून के अनुसार तैयार की गई है।

आज दिनांक 10 मार्च, 2014 को Sacramento, California में मेरे हस्ताक्षर और राज्य की मुहर इसके साक्ष्य हैं।

**चुनाव दिवस पर, मतदान सुबह 7:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक खुला रहेगा**

Debra Bowen
*राजकीय सचिव*

# *राजकीय सचिव*

प्रिय मतदाता:

मतदान के लिए पंजीकरण कराकर, आपने पहला कदम उठा लिया है कि आप California का भविष्य तय करने में एक सक्रिय भूमिका निभाना चाहते हैं। अब आपके फैसले में मदद करने के लिए, मेरे कार्यालय ने यह आधिकारिक मतदाता सूचना मार्गदर्शिका तैयार की है—जो यह जानने के उपयोगी साधनों में से एक है कि आपके मतपत्र पर क्या छपा होगा और यह चुनाव कैसे होगा।

उम्मीदवारों तथा आपके क्षेत्र के लिए विशिष्ट विधेयकों के बारे में सूचना, आपके काउन्टी नमूना मतपत्र पुस्तिका में उपलब्ध है। निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में और अधिक जानकारी के लिए—जिसमें यह जानकारी भी शामिल है कि अपनी मतदाता पंजीकरण स्थिति की जांच कैसे करें, कहां मतदान करें, अथवा आपका डाक-द्वारा-मतपत्र प्राप्त हुआ या नहीं—*www.sos.ca.gov/elections* पर विज़िट करें अथवा मेरी शुल्क मुक्त मतदाता हॉटलाइन (888) 345-2692 पर फोन करें।

मतदान करना आसान है, और प्रत्येक पंजीकृत मतदाता डाक द्वारा या स्थानीय मतदान स्थल पर जाकर मतदान कर सकता है। आपके काउन्टी चुनाव कार्यालय से डाक द्वारा मतपत्र हेतु अनुरोध करने का अंतिम दिन 27 मई है। चुनाव दिवस पर,  मतदान सुबह 7:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक खुला रहेगा।

निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने के और भी तरीके हैं।

- चुनाव दिवस पर मतदान कर्मी बनें, और इस तरह सभी योग्य मतदाताओं के लिए मतदान करना आसान बनाएं तथा चुनाव अधिकारियों द्वारा मतपत्रों की गिनती किए जाने तक मतपत्रों की सुरक्षा करें।
- ई-मेल, फोन कॉल, ब्रोशरों, और पोस्टरों के ज़रिए मतदाता पंजीकरण समय–सीमा तथा मताधिकार के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जानकारी दें।
- चर्चा समूहों का आयोजन करके अथवा मित्रों, परिवार, तथा समुदाय के नेताओं के साथ वाद-विवाद में भाग लेकर अन्य मतदाताओं को उम्मीदवारों और मुद्दों के बारे में जानकारी दें।

इस निर्देशिका में जो बातें दी गई हैं, वे हैं - राज्य मतपत्र संबंधी विधेयकों के शीर्षक और सारांश जो अटॉर्नी जनरल Kamala D. Harris द्वारा तैयार किए गए हैं; मतपत्र संबंधी विधेयकों और करदाताओं के लिए संभावित लागतों का निष्पक्ष विश्लेषण जो विधायी विश्लेषक Mac Taylor द्वारा तैयार किया गया है; मतपत्र संबंधी विधेयकों के पक्ष में और उनके विरुद्ध तर्क जो समर्थकों एवं विरोधियों द्वारा तैयार किए गए हैं; प्रस्तावित कानूनों का पाठ जिसे विधायी सलाहकार Diane F. Boyer-Vine द्वारा तैयार किया गया है एवं प्रूफ़ पढ़ा गया है; तथा अन्य उपयोगी सूचना। इस निर्देशिका की छपाई राज्य प्रिंटर David Gerald "Jerry" Hill के पर्यवेक्षण में की गई।

लोकतन्त्र में विकल्प उपलब्ध होना तथा अपनी राय व्यक्त करने का अधिकार होना एक शानदार विशेषाधिकार है। जैसा कि आप जानते हैं, कुछ चुनावी मुकाबलों में जीत और हार के बीच चंद मतों का ही अंतर होता है। मैं आपको प्रोत्साहित करती हूं कि आप प्रत्येक उम्मीदवार और मतपत्र संबंधी विधेयक के बारे में ध्यानपूर्वक पढ़ने में समय लें—और अपने मताधिकार को जानें।

अपनी नागरिक जिम्मेदारी को गंभीरता से लेने तथा अपनी राय व्यक्त करने के लिए आपका धन्यवाद!

# विषय तालिका


सुलभ-संदर्भ मार्गदर्शिका 9

प्रस्ताव

41 वेटरंस हाउसिंग एंड होमलेस प्रिवेंशन बॉण्ड ऐक्ट ऑफ 2014।....10

42 सार्वजनिक रिकॉर्ड। खुली बैठकें। स्थानीय संस्थाओं को राजकीय प्रतिपूर्ति। विधायी संवैधानिक संशोधन।....14

राजकीय बॉण्ड ऋण का सूक्ष्म विवरण 18

राजनीतिक दल प्रयोजन वक्तव्य 20

राज्यव्यापी निर्वाचक कार्यालय हेतु उम्मीदवारों के लिए स्वैच्छिक अभियान खर्च 22

उम्मीदवार का वक्तव्य 24

प्रस्तावित नियम का पाठ 40

मतदाता अधिकारों की सूची 47

सूचना पृष्ठ

मतदान कैसे करें....4

California में चुनाव....5

अपना मतदान स्थल ढूंढ़ें....6

राज्य और संघीय मतदाता पहचान संबंधी आवश्यकताएं....6

मतदाता पंजीकरण....6

शारीरिक रूप से अक्षम मतदाता के लिये सहायक....7

मतपत्र के बारे में तर्क....8

California के सैनिकों एवं विदेश स्थित मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था....8

एक मतदान कर्मी के रूप में सेवा दें....8

बोर्ड ऑफ ईक्वलाइज़ेशन डिस्ट्रिक्ट का नक्शा....34

काउन्टी चुनाव अधिकारी....44

ऑनलाइन संसाधन....46

क्या पिछली बार मतदान के बाद आपने घर बदल लिया है?....46


**अपने मताधिकारों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया इस मार्गदर्शिका का पृष्ठ 47 देखें।**

# मतदान कैसे करें

मतदान करते समय आपके पास दो विकल्प हैं। आप अपनी काउंटी में किसी मतदान स्थल पर वैयक्तिक रूप से मतदान कर सकते हैं या आप डाक द्वारा मतदान कर सकते हैं।

आपको अपने मतपत्र पर दिये गये प्रत्येक चुनावी मुकाबले के लिए मतदान करने की ज़रूरत नहीं है। आपका वोट की गणना हर उस मुकाबले के लिए की जायेगी जिसके लिए आप मतदान करेंगे।

अपने मतदान सम्बन्धी अधिकारों के बारे में और अधिक जानकारी के लिए, इस मार्गदर्शिका का पृष्ठ 47 देखें।

## चुनाव के दिन मतदान स्थल पर मतदान करना

चुनाव के दिन मतदान सुबह 7:00 बजे से शाम 8:00 बजे तक खुले हैं। कुछ काउंटी कुछ मतदान स्थलों पर चुनाव के दिन से पहले जल्दी मतदान की भी सुविधा प्रदान करती हैं।

जिस समय आप अपने मतदान स्थल पर पहुँचेंगे, तो एक मतदान कर्मी आपका नाम पूछेगा और उस मतदान स्थल के लिए पंजीकृत मतदाताओं की एक आधिकारिक सूची की जाँच करेगा। आपके सूची पर अपने नाम के आगे हस्ताक्षर कर देने के बाद, मतदान कर्मी, आपकी काउंटी के द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली मतदान प्रणाली पर निर्भर करते हुए, आपको एक कागज़ी मतपत्र, अनूठा पासकोड, या कम्प्यूटर मेमोरी कार्ड देगा। किसी निजी बूथ पर जायें और मतदान शुरू करें।

मतदान प्रक्रिया के बारे में मतदाताओं की सहायता करने के लिए मतदान कर्मी मौजूद हैं। अगर आप इस बाबत परिचित नहीं हैं कि मतपत्र कैसे डालना है, तो मतदान प्रणाली के उपयोग करने के बारे में निर्देशों के लिए मतदान कर्मी से पूछें। अगर आपसे मतपत्र को अंकित करने में कोई गल्ती हो जाये, तो मतपत्र पर गल्ती ठीक करने के बारे में निर्देशों के लिए मतदान कर्मी से पूछें। अगर आपकी ज़रूरत हो, तो आप एक नया मतपत्र मांग सकते हैं और फिर से शुरू कर सकते हैं।

राजकीय और संघीय कानूनों के अनुसार आवश्यक है कि सभी मतदाता अपने मतपत्रों को गोपनीय ढंग से और स्वतंत्र रूप से डाल पाने में समर्थ हों। कुछ मतदान प्रणालियां विशिष्ट रूप से शारीरिक असमर्थताओं वाले मतदाताओं की सहायता करने के लिए तैयार की गयी हैं। हर मतदान स्थल के लिए कम से कम एक ऐसी मतदान मशीन रखनी आवश्यक है जो मतदाताओं, जिनमें ऐसे मतदाता भी शामिल हैं जो नेत्रहीन हैं या जिन्हें ठीक से दिखायी नहीं देता है, को बिना सहायता के मतपत्र डालने दे। यह मतदान मशीन आपको अपने मत विकल्पों का सत्यापन भी करने दे और, अगर कोई गल्ती हो, तो यह आपको उन विकल्पों को ठीक भी करने दे।

## डाक द्वारा मतदान करना

अगर आप डाक-द्वारा-मतदान के स्थायी मतदाता (जिसे पूर्व में अनुपस्थित मतदाता कहा जाता था) नहीं हैं, तो भी आप इस चुनाव में डाक द्वारा मतदान करना चुन सकते हैं। आपकी काउंटी की नमूना मतपत्र पुस्तिका में डाक-द्वारा-मतदान के लिए एक आवेदन-पत्र शामिल है। आपके काउंटी के चुनाव कार्यालय से डाक-द्वारा-मतदान के मतपत्र हेतु अनुरोध करने के लिए आखिरी तारीख 27 मई है।

अपने डाक-द्वारा-मतदान के मतपत्र पर अपनी पसंद चिन्हित कर देने के बाद, इसे अपनी काउंटी के चुनाव कार्यालय के द्वारा प्रदत्त आधिकारिक लिफाफे में रख दें और उसे सील कर दें। लिफाफे के बाहर की तरफ निर्देशित जगह पर हस्ताक्षर कर दें। आप अपने मतदान किये हुए डाक-द्वारा-मतदान के मतपत्र को निम्नलिखित के द्वारा वापस लौटा सकते हैं:

- उसे अपनी काउंटी के चुनाव कार्यालय को डाक द्वारा भेज कर;
- उसे चुनाव के दिन अपनी काउंटी के भीतर किसी भी मतदान स्थल या चुनाव कार्यालय को वैयक्तिक रूप से वापस लौटा कर; या
- कानूनी तौर पर स्वीकार्य किसी तृतीय पक्ष (पति/पत्नी, बच्चा, दादा/दादी, पोता/पोती, भाई, बहन, या आपकी ही तरह उसी घर में रहने वाले किसी व्यक्ति) को उस मतपत्र को आपकी ओर से चुनाव के दिन अपनी काउंटी के भीतर किसी भी मतदान स्थल या चुनाव कार्यालय को वापस लौटाने के लिए अधिकृत करके।

**डाक-द्वारा-मतदान के मतपत्र काउंटी के चुनाव कार्यालयों को चुनाव के दिन अधिकतम शाम 8:00 बजे तक अवश्य प्राप्त हो जाने चाहियें। इसलिए यह सुनिश्चित करें कि आपका डाक-द्वारा-मतदान का मतपत्र चुनाव के दिन के काफी पहले ही डाक से भेज दें।**

भले ही आपने अपना डाक-द्वारा-मतदान का मतपत्र प्राप्त कर लिया हो, तो भी आप अपना विचार बदल सकते हैं और चुनाव के दिन अपने मतदान स्थल पर मतदान कर सकते हैं। अपना डाक-द्वारा-मतदान का मतपत्र मतदान स्थल पर लेकर आयें और उसे बदल कर मतदान स्थल सम्बन्धी मतपत्र देने के लिए उसे किसी मतदान कर्मी को दे दें। अगर आपके पास आपका डाक-द्वारा-मतदान का मतपत्र नहीं है, तो आपको एक अंतरिम मतपत्र पर मतदान करने की अनुमति दे दी जायेगी।

# California में चुनाव

शीर्ष दो उम्म्मीदवार सम्बन्धी ओपन प्राइमरी ऐक्ट के अनुसार यह आवश्यक है कि मतदाता-नामित पद के लिए सभी उम्मीदवार एक ही मतपत्र पर सूचीबद्ध हों। पूर्व में ये पक्ष समर्थित पदों, मतदाता-नामित पदों और राज्य विधायी पदों, यू. एस. कांग्रेस के पदों, तथा राज्य संवैधानिक पदों के रूप में जाने जाते थे।

ओपन प्राइमरी और आम चुनावों, दोनों में, आप किसी भी उम्मीदवार के पक्ष में मतदान कर सकते हैं चाहे आपने अपने पंजीकरण फॉर्म पर कोई भी पार्टी पसंदगी इंगित की हो। प्राथमिक चुनाव में, सबसे अधिक मत प्राप्त करने वाले दो उम्मीदवार—चाहे उनकी पार्टी पसंदगी कोई भी हो—आम चुनाव की दिशा में आगे बढ़ते हैं। अगर किसी उम्मीदवार को बहुमत (50 प्रतिशत +1) प्राप्त होता है, तो भी आम चुनाव आयोजित किया जाना चाहिये।

California की ओपन प्राइमरी प्रणाली अमेरिकी प्रेसिडेंट, काउंटी केंद्रीय समिति, या स्थानीय पदों के लिए चुनाव में खड़े उम्मीदवारों के लिए लागू नहीं होती है।

California के कानून के अनुसार इस नोटिस पर निम्नलिखित जानकारी छापी जानी आवश्यक है।

## मतदाता-नामित पद

प्राथमिक चुनाव में राजनीतिक पार्टियां औपचारिक रूप से मतदाता-नामित पदों के लिए उम्मीदवारों को मनोनीत करने की हकदार नहीं हैं। किसी मतदाता-नामित पद के लिए मनोनीत उम्मीदवार लोगों का मनोनीत उम्मीदवार है, न कि आम चुनाव में किसी भी पार्टी का आधिकारिक मनोनीत उम्मीदवार। किसी मतदाता-नामित पद के नामांकन के लिए उम्मीदवार के द्वारा अपनी पार्टी पसंदगी, या पार्टी पसंदगी का अभाव मतपत्र पर बताया गया होगा, लेकिन पार्टी पसंदगी पदनाम का चयन केवल उम्मीदवार के द्वारा किया जाता है और उसे केवल मतदाताओं की जानकारी के लिए दर्शाया जाता है। इसका मतलब यह नहीं है कि उम्मीदवार निर्दिष्ट पार्टी के द्वारा मनोनीत या समर्थित है, या कि पार्टी और उम्मीदवार के बीच कोई संबद्धता है, और मतदाताओं के द्वारा नामित किसी भी उम्मीदवार को किसी भी राजनीतिक पार्टी का आधिकारिक तौर पर नामित उम्मीदवार होना नहीं समझा जायेगा। काउंटी की नमूना मतपत्र पुस्तिका में, पार्टियां मतदाता-नामित पदों के लिए ऐसे उम्मीदवारों को सूचीबद्ध कर सकती हैं जिन्हें पार्टी का आधिकारिक समर्थन प्राप्त हुआ है।

कोई भी मतदाता किसी भी मतदाता-नामित पद के लिए मतदान कर सकता है, अगर वे उस पद के लिए मतदान करने हेतु आवश्यक अन्य योग्यताओं को पूरा करते हों। प्राथमिक चुनाव में दो शीर्ष मत-प्राप्तकर्ता मतदाता-नामित पद के लिए आम चुनाव की दिशा में आगे बढ़ते हैं, भले ही दोनों उम्मीदवारों ने एक ही पार्टी पसंदगी पदनाम निर्दिष्ट किया हो। कोई भी पार्टी अपनी पार्टी पसंदगी पदनाम वाले किसी उम्मीदवार को आम चुनाव की दिशा में आगे बढ़ाने की हकदार नहीं है, जब तक कि वह उम्मीदवार प्राथमिक चुनाव में दो अधिकतम मत-प्राप्तकर्ताओं में से एक न हो।

## निर्दलीय पद

राजनीतिक पार्टियां प्राथमिक चुनाव में निर्दलीय पदों के लिए उम्मीदवारों को नामित करने की अधिकारी नहीं हैं, और प्राथमिक चुनाव में कोई उम्मीदवार आम चुनाव में विशिष्ट पद के लिए किसी भी पार्टी का आधिकारिक मनोनीत उम्मीदवार नहीं होता है। किसी निर्दलीय पद के नामांकन के लिए उम्मीदवार, मतपत्र पर, अपनी पार्टी पसंदगी, या पार्टी पसंदगी का अभाव निर्दिष्ट नहीं कर सकता है। प्राथमिक चुनाव में दो शीर्ष मत-प्राप्तकर्ता निर्दलीय पद के लिए आम चुनाव की दिशा में आगे बढ़ते हैं।

## अपने मतदान स्थल का पता करें

मतदान स्थल काउंटी के चुनाव अधिकारियों के द्वारा स्थापित किये जाते हैं।

जब आपको चुनाव के दिन से कुछ हफ्तों पहले डाक में अपनी काउंटी नमूना मतपत्र पुस्तिका प्राप्त हो, तो पुस्तिका के पिछले कवर पर अपना मतदान स्थल ढूँढें।

बहुत से काउंटी चुनाव कार्यालय वेबसाइट्स या टोल-फ्री नम्बरों के जरिये मतदान स्थल खोजने सम्बंधी सहायता प्रदान करते हैं। और अधिक जानकारी के लिए, *www.sos.ca.gov/elections/find-polling-place.htm* पर राजकीय सचिव की वेबसाइट देखें या (888) 345-2692 पर टोल-फ्री मतदाता हॉटलाइन को फोन करें।

चुनाव के दिन मतदान सुबह 7:00 बजे से शाम 8:00 बजे तक खुला रहेगा। अगर शाम 8:00 बजे से पहले आप अपने मतदान स्थल पर लाइन में हैं, तो आप मतदान कर सकेंगे।

अगर आपका नाम आपके मतदान स्थल पर मतदाता सूची में दिखायी नहीं देता हो, तो आपको उस काउंटी, जिसमें आप पंजीकृत हैं, के किसी भी मतदान स्थल पर अंतरिम मतपत्र डालने का अधिकार है।

अगर आप अपने नये पते पर 19 मई, 2014 के बाद गये थे, तो आप अपने पूर्व मतदान स्थल पर मतदान कर सकते हैं।

## मतदाता पहचान सम्बन्धी राजकीय और संघीय आवश्यकतायें

अधिकतर मामलों में, California के मतदाताओं को मतपत्र डालने से पहले पहचान दिखाने की आवश्यकता नहीं है। अगर आप डाक द्वारा पंजीकरण कराने के बाद पहली बार मतदान कर रहे हैं और आपने पंजीकरण कार्ड पर अपना ड्राइवर लाइसेंस नम्बर, California पहचान नम्बर, या अपने सोशल सिक्युरिटी नम्बर के आखिरी चार अँक प्रदान नहीं किये, तो आपके मतदान के लिए जाने के समय आपसे पहचान का कोई प्रारूप दिखाने के लिए कहा जा सकता है।

पहचान के 30 से भी अधिक प्रारूपों की एक आंशिक सूची निम्नलिखित है। आप *www.sos.ca.gov/elections/elections_regs.htm* पर राजकीय सचिव की वेबसाइट भी देख सकते हैं और "हेल्प अमेरिका वोट ऐक्ट आइडेंटिफिकेशन स्टैंडर्ड्स" के लिए देख सकते हैं।

- ड्राइवर लाइसेंस या राज्य द्वारा जारी किया गया आईडी कार्ड
- पासपोर्ट
- कर्मचारी आईडी कार्ड
- क्रेडिट या डेबिट कार्ड
- मिलिट्री आईडी
- छात्र आईडी
- हेल्थ क्लब आईडी
- बीमा प्लान आईडी कार्ड

## मतदाता पंजीकरण

अगर आप अपने घर का पता बदल लेते हैं, अपना डाक पता बदल लेते हैं, अपना नाम बदल लेते हैं, या राजनीतिक दल सम्बन्धी पसंदगी में बदलाव करना या उसका चयन करना चाहते हैं, तो आप अपने मतदाता पंजीकरण को अद्यतन करने के लिए जिम्मेदार है।

*http://registertovote.ca.gov* पर ऑनलाइन फॉर्म उपलब्ध होने से मतदान के लिए पंजीकरण कराना अब पहले से कहीं अधिक आसान हो गया है। पंजीकरण फॉर्म अधिकांश डाक घरों, पुस्तकालयों, शहर और काउंटी के सरकारी कार्यालयों, और California राजकीय सचिव के कार्यालय पर भी उपलब्ध हैं।

## शारीरिक असमर्थताओं वाले मतदाताओं के लिए सहायता

आपकी काउंटी की नमूना मतपत्र पुस्तिका में इस विषय पर निर्देश शामिल हैं कि किस तरह शारीरिक असमर्थताओं वाले मतदाता गोपनीय और स्वतंत्र रूप से मतदान कर सकते हैं, और अगर आपका मतदान स्थल शारीरिक असमर्थताओं वाले मतदाताओं के लिए सुलभ होगा, तो वह सुलभता के अन्तर्राष्ट्रीय प्रतीक चिह्न को प्रदर्शित करेगा।

अगर आपको अपने मतपत्र को अंकित करने में मदद की ज़रूरत हो, तो आप अपनी वोट डालने में मदद करने के लिए अधिकतम दो लोग चुन सकते हैं जब तक उनमें से कोई भी आपका नियोक्ता, आपके नियोक्ता का एजेंट, आपकी श्रमिक यूनियन का लीडर, या आपकी श्रमिक यूनियन के लीडर का एजेंट नहीं हो।

अगर आपके मतदान स्थल पर कर्बसाइड मतदान उपलब्ध है, तो आप मतदान क्षेत्र के यथासम्भव करीब जा सकते हैं और चुनाव अधिकारी आपके पास हस्ताक्षर करने के लिए एक रोस्टर, एक मतपत्र, और आपकी ज़रूरत के हिसाब से अन्य कोई मतदान सामग्रियां ले आयेंगे, चाहे आप वास्तव में कर्ब पर हों, कार में हों, या अन्यथा हों। यह निर्धारित करने के लिए कि क्या आपके मतदान स्थल पर कर्बसाइड मतदान उपलब्ध है, अपने काउंटी चुनाव कार्यालय से सम्पर्क करें।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि ऐसे मतदाताओं को, जो नेत्रहीन हैं या जिन्हें ठीक से दिखायी नहीं देता है, राज्यव्यापी मतपत्र की जानकारी सुलभ हो, राजकीय सचिव आधिकारिक मतदाता सूचना मार्गदर्शिका के ऑडियो और बड़े-प्रिंट के संस्करण तैयार करता है। मार्गदर्शिकायें अंग्रेज़ी, चीनी, हिन्दी, जापानी, ख्मेर, कोरियाई, स्पैनिश, टैगलॉग, थाई, और वियतनामी भाषाओं में तैयार की जाती हैं। इन मार्गदर्शिकाओं के किसी भी संस्करण का मुफ्त ऑर्डर देने के लिए, राजकीय सचिव की टोल-फ्री मतदाता हॉटलाइन को (888) 345-2692 पर फोन करें या *www.sos.ca.gov* देखें।

आप *www.voterguide.sos.ca.gov/audio* पर आधिकारिक मतदाता सूचना मार्गदर्शिका के डाउनलोड-योग्य ऑडियो MP3 संस्करण को भी ऐक्सेस कर सकते हैं।

## मतपत्र के तर्कों के बारे में

राजकीय सचिव का कार्यालय मतपत्रों के तर्क नहीं लिखता है। मतपत्र के विधेयकों के पक्ष में और उनके खिलाफ तर्क मतपत्र के विधेयकों के समर्थकों और उनके विरोधियों के द्वारा प्रदान किये जाते हैं।

---

## California के सैन्य और विदेशी मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं

एक सैन्य और विदेशी मतदाता के रूप में, आप अपना मतपत्र अपने काउंटी के चुनाव कार्यालय को फैक्स या मेल कर सकते हैं। अगर आप मतदान किया हुआ अपना मतपत्र फैक्स करते हैं, तो आपको मतदाता फॉर्म की एक हस्ताक्षरित शपथ भी शामिल करनी चाहिये जो आपके गोपनीय वोट डालने के अधिकार का त्याग करती है। सभी मतपत्र काउंटी के चुनाव कार्यालय को चुनाव के दिन मतदान के शाम 8:00 बजे (PST) बंद होने से पहले अवश्य मिल जाने चाहियें। डाक की मोहरें महत्व नहीं रखतीं।

आप *www.fvap.gov* पर मतदान करने के लिए पंजीकरण करा सकते हैं और एक विशेष अनुपस्थित मतपत्र आवेदन-पत्र भर सकते हैं।

एक सैन्य और विदेशी मतदाता के रूप में मतदान करने के लिए पंजीकरण कराने के बारे में और अधिक जानकारी के लिए, *www.sos.ca.gov/elections/elections_mov.htm* पर जायें।

---

## पैसा कमायें और एक फर्क पैदा करें . . .
## चुनाव के दिन एक मतदान कर्मी के रूप में काम करें!

हमारे लोकतंत्र के साधनों के साथ प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने के अलावा, मतदान कर्मी चुनाव के दिन अपनी मूल्यवान सेवाओं के लिए अतिरिक्त पैसा भी कमा सकते हैं।

मतदान कर्मी बनने के विषय पर और अधिक जानकारी के लिए, अपने काउंटी के चुनाव कार्यालय से सम्पर्क करें, या (888) 345-2692 पर फोन करें।

# त्वरित-संदर्भ मार्गदर्शिका

## प्रस्ताव 41 वेटरंस हाउसिंग एंड होमलेस प्रिवेंशन बॉण्ड ऐक्ट ऑफ 2014।

**सारांश** *विधानमंडल द्वारा मतपत्र पर प्रस्तुत*

सेवानिवृत्त सैनिकों और उनके परिवारों को बेघरी से राहत देने हेतु किफायती बहुपरिवार सहयोगात्मक आवास, किफायती परिवर्ती आवास, किफायती किराये के आवास, या सम्बन्धित सुविधाओं के लिए सामान्य दायित्व बॉण्ड्स के रूप में $600 मिलियन की धनराशि अधिकृत करता है। राजकोषीय प्रभाव: 15 वर्षों तक वृद्धित राज्य बॉण्ड की औसत वार्षिक लागत लगभग 50 मिलियन है।

**आपकी वोट क्या मायने रखती है**

**हाँ** इस विधेयक पर हाँ यानि अनुकूल वोट का मतलब है: राज्य निम्न-आय वाले और बेघर सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए किफायती बहुपरिवार आवास का वित्तपोषण करने के लिए $600 मिलियन की धनराशि के बॉण्ड्स सामान्य दायित्व बॉण्ड्स के रूप में बेचेगा।

**नहीं** इस विधेयक पर नहीं यानि प्रतिकूल वोट का मतलब है: राज्य निम्न-आय वाले और बेघर सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए किफायती बहुपरिवार आवास का वित्तपोषण करने के लिए $600 मिलियन की धनराशि के बॉण्ड्स सामान्य दायित्व बॉण्ड्स के रूप में नहीं बेचेगा।

**तर्क**

**समर्थन में तर्क** प्रस्ताव 41, वेटरंस हाउसिंग एंड होमलेस प्रिवेंशन बॉण्ड ऐक्ट ऑफ 2014, $600 मिलियन पूर्व में पारित, अव्ययित बॉण्ड धनराशियों को California के बेघर सेवानिवृत्त सैनिकों की बड़ी आबादी के लिए आवास के निर्माण और उनके पुनर्वास के लिए पुनर्निर्देशित करता है। यह ऐक्ट करों में वृद्धि किये बिना बेघर और बेघरी के करीब सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए किफायती, सहयोगात्मक, और परिवर्ती आवास का निर्माण करेगा।

**विपक्ष में तर्क** प्रस्ताव 41 राज्य को मतदाताओं के द्वारा 2008 में CalVet होम एंड फार्म लोन प्रोग्राम के लिए बॉण्ड्स के रूप में पूर्व पारित $900 मिलियन में से $600 मिलियन की राशि उधार लेने (बॉण्ड्स बेच कर) के लिए अधिकृत करेगा। मुद्दा यह है क्या धनराशियों को इस तरह दूसरे काम में उपयोग करना बुद्धिमानी है।

**अतिरिक्त जानकारी के लिए**

**पक्ष में**
Coalition for Veterans Housing
777 S. Figueroa St., Suite 4050
Los Angeles, CA 90017
(213) 346-0400
info@yesonprop41forvets.org
www.yesonprop41forvets.org

**खिलाफ**
Gary Wesley
gary.wesley@yahoo.com

## प्रस्ताव 42 सार्वजनिक रिकॉर्ड। खुली बैठकें। स्थानीय संस्थाओं को राजकीय प्रतिपूर्ति। विधायी संवैधानिक संशोधन।

**सारांश** *विधानमंडल द्वारा मतपत्र पर प्रस्तुत*

स्थानीय सरकार के लिए स्थानीय सरकारी निकायों की बैठकों और सरकारी अधिकारियों के रिकॉर्ड की सार्वजनिक सुलभता प्रदान करने हेतु निर्दिष्ट राज्य कानूनों का अनुपालन करना आवश्यक है। अनुपालन की लागतों के लिए प्रतिपूर्ति को खत्म करता है। राजकोषीय प्रभाव: स्थानीय सरकारों को राज्य द्वारा किये जाने वाले भुगतानों में वार्षिक रूप से दसियों मिलियन डॉलर की कमी। स्थानीय सरकारों पर वार्षिक रूप से दसियों मिलियन डॉलर की सम्भावित भावी लागतें।

**आपकी वोट क्या मायने रखती है**

**हाँ** इस विधेयक पर हाँ यानि अनुकूल वोट का मतलब है: राज्य को ऐसे राज्य कानूनों का पालन करने के लिए जो स्थानीय सरकार की जानकारी की सार्वजनिक सुलभता प्रदान करते हों, स्थानीय सरकारों को लागतों का भुगतान करना आवश्यक नहीं होगा।

**नहीं** इस विधेयक पर नहीं यानि प्रतिकूल वोट का मतलब है: राज्य को ऐसे राज्य कानूनों का पालन करने के लिए जो स्थानीय सरकार की जानकारी की सार्वजनिक सुलभता प्रदान करते हों, स्थानीय सरकारों को कुछ लागतों का भुगतान करना अभी भी आवश्यक होगा।

**तर्क**

**समर्थन में तर्क** प्रस्ताव 42 संविधान में सरकार क्या कर रही है और कैसे कर रही हैं को जानने के जनसामान्य के अधिकार को दृढ़ता प्रदान करेगा। स्थानीय संस्थाओं को सार्वजनिक जानकारी के लिए किये गये किसी अनुरोध के लिए इंकार करने या लागत के आधार पर किसी बैठक में दरवाजा बंद कर लेने की अनुमति नहीं होनी चाहिये। प्रस्ताव 42 पर हाँ यानि पक्ष में वोट दें।

**विपक्ष में तर्क** प्रस्ताव 42 California के संविधान को California सार्वजनिक रिकॉर्ड ऐक्ट और स्थानीय खुली बैठकों से सम्बन्धित कानूनों का अनुपालन करने की लागत सम्बन्धित यानि इसमें शामिल स्थानीय सरकारों पर लगाने के लिए संशोधित करेगा। इसका एक विकल्प, जो इस प्रस्ताव द्वारा पेश नहीं किया गया है, लागत राज्य सरकार पर लगाने का होगा।

**अतिरिक्त जानकारी के लिए**

**पक्ष में**
Peter Scheer
First Amendment Coalition
534 Fourth St. #B
San Rafael, CA 94901
(415) 460-5060
pscheer@firstamendmentcoalition.org
www.cnpa.com/prop42

**खिलाफ**
Gary Wesley
gary.wesley@yahoo.com

प्रस्ताव

# 41 वेटरंस हाउसिंग एंड होमलेस प्रिवेंशन बॉण्ड ऐक्ट ऑफ 2014।



आधिकारिक शीर्षक और सारांश | अटार्नी जनरल द्वारा तैयार किया गया

## वेटरंस हाउसिंग एंड होमलेस प्रिवेंशन बॉण्ड ऐक्ट ऑफ 2014।

- सेवानिवृत्त सैनिकों और उनके परिवारों को बेघरी से राहत देने हेतु किफायती बहुपरिवार सहयोगात्मक आवास, किफायती परिवर्ती आवास, किफायती किराये के आवास, या सम्बन्धित सुविधाओं के लिए सामान्य दायित्व बॉण्ड्स के रूप में $600 मिलियन की धनराशि अधिकृत करता है।
- बेघर सेवानिवृत्त सैनिकों और ऐसे लोगों, जिन्हें बेघर होने का खतरा है, की समस्या को हल करने हेतु कार्यक्रमों तथा बॉण्ड्स के द्वारा वित्तपोषित आवास कार्यक्रमों की प्रभावकारिता के वार्षिक मूल्यांकनों के लिए धनराशि उपलब्ध कराता है।
- बॉण्ड्स को चुकता करने के लिए सामान्य कोष से पैसा लेता है।

**राज्य और स्थानीय सरकार पर पड़ने वाले शुद्ध राजकोषीय प्रभाव का विधायी विश्लेषक के अनुमान का सारांश:**

- 15 वर्षों तक वृद्धित राज्य बॉण्ड को चुकता करने की औसत वार्षिक लागत लगभग $50 मिलियन है।

| राज्य बॉण्ड की लागत के अनुमान | |
|---|---|
| अधिकृत उधार राशि | $600 मिलियन |
| बॉण्ड्स को चुकता करने की औसत वार्षिक लागत | $50 मिलियन |
| अदायगी की सम्भावित अवधि | 15 वर्ष |
| अदायगी का स्रोत | सामान्य टैक्स राजस्व |

**AB 639 (प्रस्ताव 41) पर विधानमंडल द्वारा डाले गये अन्तिम वोट**
**(अध्याय 727, 2013 के कानून)**

| | | |
|---|---|---|
| सीनेट: | हाँ 36 | नही 0 |
| विधानसभा: | हाँ 78 | नही 0 |

**विधायी विश्लेषक के द्वारा किया गया विश्लेषण**

## पृष्ठभूमि

***राजकीय आवास कार्यक्रम।*** अधिकांश वर्षों में, California में लगभग 150,000 मकान और अपार्टमेंट बनाये जाते हैं। इन आवासीय इकाइयों में से अधिकतर का निर्माण पूरी तरह से निजी पैसे से किया जाता है। हालाँकि, कुछ को संघीय, राज्य, या स्थानीय सरकारों से वित्तीय सहायता प्राप्त होती है। उदाहरण के लिए, राज्य स्थानीय सरकारों, लाभेतर संस्थाओं, और निजी डेवेलपर्स को आवास इकाइयों के निर्माण की लागतों के एक हिस्से का वित्तपोषण करने के लिए कम-लागत के ऋण उपलब्ध कराता है। विशिष्ट रूप से, इन धनराशियों से निर्मित किये जाने वाले आवास कम आय वाले Californiaवासियों को बेचे जाने चाहियें या उन्हें किराये पर दिये जाने चाहियें।

राजकीय निधियों से निर्मित की जाने वाली आवासीय इकाइयों का एक हिस्सा बेघर Californiaवासियों के लिए अलग रखा जाता है। इनमें बेघरों के लिए आश्रय-सुविधायें, अल्पकालिक आवास, और सहयोगात्मक आवास शामिल होते हैं। सहयोगात्मक आवास के साथ कुछ सेवायें जुड़ी होती हैं, जिनमें मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य देखभाल, नशीली दवाओं और शराब के दुरुपयोग से सम्बन्धित परामर्श, और नौकरी प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल हैं। जनवरी 2013 के संघीय सरकार के एक सर्वेक्षण के अनुसार 137,000 बेघर Californiaवासियों की पहचान की गयी, जिनमें लगभग 15,000 सेवानिवृत्त सैनिक हैं। California के सेवानिवृत्त सैनिकों के बेघर होने की सम्भावना गैर- सेवानिवृत्त सैनिकों की तुलना में दोगुनी से भी अधिक होती है।

***सेवानिवृत्त सैनिकों का गृह ऋण कार्यक्रम।*** राज्य और संघीय सरकारें California में रह रहे 1.9 मिलियन सेवानिवृत्त सैनिकों में से कुछ को गृह ऋण सम्बन्धी सहायता प्रदान करती हैं। राज्य *कार्यक्रम अंतर्गत*, राज्य निवेशकों को सामान्य दायित्व बॉण्ड्स बेचता है और उन धनराशियों का उपयोग योग्य सेवानिवृत्त सैनिकों की ओर से घर खरीदने के लिए करता है। इसमें भाग लेने वाला हर सेवानिवृत्त सैनिक राज्य को मासिक भुगतान करता है, जो राज्य को निवेशकों का पैसा चुकाने में समर्थ बनाता है। इन भुगतानों ने हमेशा बॉण्ड्स पर बकाया राशि को कवर किया है, अर्थात यह कार्यक्रम करदाताओं पर बिना किसी प्रत्यक्ष लागत के संचालित किया गया है। 2000 के बाद से, इस कार्यक्रम के तहत नये गृह ऋण प्राप्त करने वाले सेवानिवृत्त सैनिकों की संख्या में काफी गिरावट आयी है।

यह गिरावट बहुत से कारकों के कारण आयी है, जिनमें शामिल हैं: (1) ऐतिहासिक रूप से नीची बंधक ब्याज दरें, (2) संघीय गृह ऋण सहायता की उपलब्धता, और (3) हाल ही का आवास संकट। जब विधानमंडल ने इस विधेयक को मतपत्र पर रखा, तो उसने सेवानिवृत्त सैनिकों के गृह ऋण कार्यक्रम के लिए उपयोग किये जा सकने वाले बॉण्ड्स की राशि भी $600 मिलियन से कम कर दी। नतीजतन, राज्य बॉण्ड्स की लगभग $500 मिलियन राशि सेवानिवृत्त सैनिकों के गृह ऋणों के लिए उपलब्ध रहती है।

## प्रस्ताव

***सेवानिवृत्त सैनिकों के आवास के लिए नये सामान्य दायित्व बॉण्ड्स।*** यह विधेयक राज्य को निम्न-आय वाले सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए किफायती बहुपरिवार आवास का वित्तपोषण करने के लिए $600 मिलियन की धनराशि के बॉण्ड्स सामान्य दायित्व बॉण्ड्स के रूप में बेचने की अनुमति देता है। इस विधेयक के द्वारा अधिकृत सामान्य दायित्व बॉण्ड्स राज्य के टैक्स राजस्व का उपयोग करके चुकाये जायेंगे, अर्थात नये कार्यक्रम के लिए करदाताओं को भुगतान करना होगा। (राज्य के बॉण्ड्स के उपयोग विषय पर और अधिक जानकारी के लिए, इस मार्गदर्शिका में बाद में दिया गया "राज्य बॉण्ड ऋण का संक्षिप्त-विवरण" देखें।)

***निम्न-आय वाले सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए आवास।*** यह विधेयक किफायती बहुपरिवार आवास, जैसे कि अपार्टमेंट कॉम्प्लेक्स के निर्माण, नवीनीकरण, और अधिग्रहण के लिए धन की व्यवस्था करता है। राज्य स्थानीय सरकारों, लाभेतर संस्थाओं, और निजी डेवेलपर्स को प्रोजेक्ट की लागतों के हिस्से के लिए धन की व्यवस्था करने के लिए वित्तीय सहायता, जैसे कि कम ब्याज दरों के ऋण, प्रदान करके ऐसा करेगा। इन धनराशियों से निर्मित आवास निम्न-आय वाले सेवानिवृत्त सैनिकों (और उनके परिवारों) को किराये पर दिये जायेंगे—अर्थात ऐसे लोग जो परिवार के आकार और काउंटी द्वारा समायोजित, परिवार की औसत आय से 80 प्रतिशत कम अर्जित करते हैं। उदाहरण के लिए, इस कार्यक्रम के लिए एकल व्यक्ति को निम्न-आय वाला समझे जाने के लिए औसत राज्यव्यापी राशि लगभग $38,000 हैं। राज्य के कानून के अनुसार इन इकाइयों का किफायती होना आवश्यक है, अर्थात इस कार्यक्रम के लिए सेवानिवृत्त सैनिकों के द्वारा किये जाने वाले किराये के भुगतान आय सीमा के 30 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकते हैं।

***बेघर सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए आवास।*** राज्य का कानून इस कार्यक्रम में ऐसे प्रोजेक्ट्स के लिए वित्तपोषण सम्बन्धी प्राथमिकता प्रदान करता है जो बेघर सेवानिवृत्त सैनिकों और ऐसे सेवानिवृत्त सैनिकों को जिन्हें बेघर होने का खतरा है को मकान देंगे। विशेष रूप से, कम से कम आधी धनराशियों का उपयोग अत्यंत निम्न-आय वाले सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए आवास निर्मित करने के लिए किया जायेगा। ये सेवानिवृत्त सैनिक, जिस काउंटी में रहते हैं, उसके औसत परिवार द्वारा कमायी जाने वाली राशि के 30 प्रतिशत से भी कम अर्जित करते हैं। (एकल व्यक्ति के लिए अत्यंत निम्न-आय वाला समझे जाने के लिए औसत राज्यव्यापी राशि लगभग $14,000 है।) अत्यंत निम्न-आय वाले सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए वित्तपोषण राशियों का एक हिस्सा बेघर सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए सहयोगात्मक आवास निर्मित करने के लिए इस्तेमाल किया जायेगा।

***अन्य प्रावधान।*** इस विधेयक के तहत, विधानमंडल इस कार्यक्रम में सुधार लाने के लिए भविष्य में बदलाव कर सकता है और राज्य बॉण्ड की राशियों में से $30 मिलियन तक की राशि का उपयोग इस कार्यक्रम को चलाने की लागतों को कवर करने के लिए कर सकता है। इसके अलावा, राज्य के लिए कार्यक्रम का एक वार्षिक मूल्यांकन प्रकाशित करना आवश्यक होगा।

## राजकोषीय प्रभाव

***बॉण्ड की लागतें।*** यह विधेयक राज्य को, निवेशकों को सामान्य दायित्व बॉण्ड्स बेच कर $600 मिलियन तक की धनराशि उधार लेने की अनुमति देता है, जिसे सामान्य टैक्स राजस्व राशियों का उपयोग करके चुकता किया जायेगा। इन बॉण्ड्स की लागत उनकी ब्याजा दरों और उन्हें चुकाये जाने की अवधि पर निर्भर करेगी। हमारा अनुमान है कि (1) इन बॉण्ड्स के लिए ब्याज दर औसत 5 प्रतिशत होगी, (2) उन्हें पाँच वर्षों की अवधि में बेचा जायेगा, और (3) उन्हें दस वर्षों की अवधि में चुकता कर दिया जायेगा। इन अनुमानों के आधार पर, बॉण्ड्स को चुकता करने हेतु करदाताओं के लिए लागत **15 वर्षों तक सालाना औसत लगभग $50 मिलियन आयेगी।** यह राशि राज्य के बजट के 1 प्रतिशत के दसवें हिस्से से भी कम है।

**इस प्रस्ताव के लिए वित्तीय योगदानों के बारे में विवरण के लिए *http://cal-access.sos.ca.gov* देखें।**

## ★ प्रस्ताव 41 के पक्ष में तर्क ★

बिना टैक्स बढ़ाये $600 मिलियन के मौजूदा, अव्ययित धनराशियों को पुनर्निदेशित करके California के ऋण को बढाये बिना California के सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए किफायती आवास निर्मित करने के लिए प्रस्ताव 41, वेटरंस हाउसिंग एंड होमलेस प्रिवेंशन बॉण्ड ऐक्ट ऑफ 2014 पर हाँ यानि पक्ष में वोट दें।

यह एक राजकोषीय रूप से जिम्मेदार ऐसा मतपत्र विधेयक है जिससे हजारों बेघर सेवानिवृत्त सैनिकों को उनके सिरों के ऊपर एक छत पाने में मदद मिलेगी। यह अधिनियम नये टैक्स पैदा नहीं करता या California पर नया ऋण नहीं जोड़ता है। दरअसल, यह अधिनियम सेवानिवृत्त सैनिकों को सड़कों से दूर करके और उन्हें सुरक्षित व किफायती आवास में प्रवेश करा कर करदाताओं के हेल्थकेयर और सार्वजनिक सुरक्षा में खर्च होने वाले पैसों की बचत करेगा।

California में संयुक्त राज्य अमेरिका के समस्त बेघर सेवानिवृत्त सैनिकों की एक-चौथाई आबादी रहती है। हमें इस चौंकाने वाली स्थिति से निपटने के लिए कार्यवाही करनी चाहिये, लेकिन हमें यह भी जानते हैं कि पिछले कई वर्षों में California की बजट सम्बन्धी काफी परेशानियां रही हैं। यही कारण है कि यह विधेयक *California के ऋण में बढोत्तरी नहीं करता है;* बल्कि, यह पूर्व में मंजूर किये हुए लेकिन अव्ययित बॉण्ड की धनराशियां लेता है और उनका उपयोग बेघर और बेघर होने के करीब सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए किफायती आवास निर्मित करने के लिए करता है। *हम जानते हैं कि हमें अपने सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए और अधिक करना चाहिये, और हम नये करों में बिना एक भी पैसा बढ़ाये या California के ऋण में एक भी पैसा बढ़ाये बिना यह कार्यवाही कर सकते हैं।*

प्रत्येक सेवानिवृत्त सैनिक की अनूठी ज़रूरतें होती हैं, और इस ऐक्ट से यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि हम सेवानिवृत्त सैनिकों के बीच फैली बेघरी को व्यापक रूप से सुलझायें। इस ऐक्ट से ऐसे सेवानिवृत्त सैनिकों, जो शारीरिक चोटों, मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी मुद्दों, या अपनी सर्विस से उत्पन्न हुए आघात पहुँचाने वाले तनाव का सामना कर रहे हैं, के लिए सहयोगात्मक आवास निर्मित करने के साथ-साथ ऐसे सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए परिवर्ती आवास बनाने में भी मदद मिलेगी जो बेघरी से भागने की कोशिश कर रहे हैं। सेवानिवृत्त सैनिकों की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए नये आवास निर्मित करने या मौजूदा सुविधाओं का नवीनीकरण करने के लिए प्राथमिकता लाभेतर संगठनों स्थानीय सरकारों को दी जायेगी।

प्रस्ताव 41 पर हाँ यानि पक्ष में मतदान करके, हम यह सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर सकते हैं कि बेघर सेवानिवृत्त सैनिकों को गुणवत्तापूर्ण, किफायती आवास सुलभ हों और जिन सेवानिवृत्त सैनिकों को बेघरी का खतरा है उन्हें नौकरी प्रशिक्षण, परामर्श, और उनके लिए ज़रूरी पुनर्वास पाने का अवसर मिले—और चूँकि इस ऐक्ट में उस धन का उपयोग किया जाता है जिसके लिए पहले से ही मंजूरी मिली हुई है, लेकिन जो खर्च नहीं हुआ है, इसलिए हम ऋण में वृद्धि या करों में बढ़ोत्तरी किये बिना उनकी सेवाओं को सम्मानित कर सकते हैं।

जैसे ही हमारे विदेशों में झगड़े समाप्ति की ओर बढ़ेंगे, 45,000 तक की संख्या में युवा सेवानिवृत्त सैनिकों की California में घर वापसी होगी। उन्होंने हमारे देश के लिए इतना बलिदान किया है, और उनमें से कुछ ऐसे घर आयेंगे जिनके लिए कोई भी नौकरी या घर इंतजार नहीं कर रहे होंगे। *हम इन पुरुषों और महिलाओं को, जिन्होंने हमारे देश की सेवा की है, बेसहारा छोड़ दिये जाने की अनुमति नहीं दे सकते।*

यही कारण है कि अमेरिकन लीजन, वियतनाम वेटरंस ऑफ California, वेटरंस विलेज ऑफ San Diego, यू. एस. वेट्स, और स्वार्ड्स टू प्लोशेयर्स जैसे संगठन इस ऐक्ट का समर्थन करते हैं। वे जानते हैं कि हमें अपने सेवानिवृत्त सैनिकों और करदाताओं के साथ समान रूप से सही व्यवहार करना चाहिये।

करों में बढ़ोत्तरी या California के ऋण में वृद्धि किये बिना, California के सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए गुणवत्तापूर्ण वा किफायती आवास में $600 मिलियन जुटाने के लिए प्रस्ताव 41 पर हाँ यानि पक्ष में मतदान करें। California के सेवानिवृत्त सैनिकों के द्वारा किये गये बलिदानों का सम्मान करना मतदाताओं के तौर पर सिर्फ हमारा कर्तव्य ही नहीं है—बल्कि नागरिकों के तौर पर यह हमारा बुनियादी दायित्व है। और अधिक जानकारी के लिए, कृपया *www.yesonprop41forvets.org* देखें।

हाँ यानि पक्ष में मतदान करके—आइये अपने सेवानिवृत्त सैनिकों का उनके बलिदानों के लिए समर्थन करें!

**JOHN A. PÉREZ,** California विधानसभा स्पीकर
**LEON E. PANETTA,** पूर्व संयुक्त राज्य अमेरिका रक्षा सचिव
**STEPHEN PECK,** प्रेसिडेंट
U.S. VETS

## ★ प्रस्ताव 41 के पक्ष में दिये गये तर्क का खंडन ★

सामान्यतया, सैन्य सेवानिवृत्त सैनिकों की देखभाल करना संघीय सरकार की जिम्मेदारी है; फिर भी, जब संघीय सरकार के प्रयास पर्याप्त नहीं हों और कोई अन्य भी उस ढिलाई में सुधार नहीं लाये, तो राज्य सरकारों के लिए उन व्यक्तियों की, जिन्होंने फौज में सेवा की है—भले ही वह स्वैच्छिक रूप से हो, मदद करना उपयुक्त है।

प्रस्ताव 41 में मतदाता-अधिकृत उधार राशि में से $600 मिलियन की राशि ऐसे कार्यक्रमों में, जो ज़रूरतमंद सेवानिवृत्त सैनिकों की बेहतर मदद कर सकते हैं, डालने का प्रस्ताव रखने के लिए California विधानमंडल को श्रेय दें।

हालांकि, ध्यान रखें, कि उधार ली गयी समस्त धनराशि (बॉण्ड्स बेच कर) ब्याज के साथ चुकायी जानी चाहिये।

घरों (और फार्म) की खरीद के लिए CalVet ऋणों के मामले में, प्राप्तकर्ताओं के लिए ऋणों को ब्याज सहित चुकता करना आवश्यक रहा है। उसके विपरीत, बेघर सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए प्रस्तावित कार्यक्रमों के दाम सेवानिवृत्त सैनिकों के द्वारा नहीं चुकाये जायेंगे (क्योंकि वे चुका नहीं सकते)।

साथ ही, यह भी ध्यान रखें कि कोई भी ऐसा कार्यक्रम, जिसमें ऐसे खर्चे शामिल हों जो सीधे नियत लाभार्थियों को नहीं दिये जाते हों, सम्भावित कुप्रबंधन और बर्बादी के आधीन होता है।

भविष्य में, सेवानिवृत्त सैनिकों के बीच बेघरी से बचने का सबसे अच्छा तरीका है कि विश्व भर में युद्ध के अंदर जमीनी सैन्य दस्तों की अनावश्यक वचनबद्धता से बचा जाये। विदेशी जमीनों में *"युद्ध में उतरना"* आखिरी विकल्प होना चाहिये।

**GARY WESLEY**


*इस पृष्ठ पर छपे हुए तर्क लेखको के विचार हैं और किसी भी आधिकारिक संस्था के द्वारा सटीकता के लिए उनकी जाँच नहीं की गयी है।*

## ★ प्रस्ताव 41 के खिलाफ तर्क ★

2008 में, California के मतदाताओं ने CalVet फार्म एंड होम लोन प्रोग्राम के लिए धन की और आगे व्यवस्था करने के लिए $900 मिलियन राशि के एक बॉण्ड विधेयक को मंजूरी दी थी। यह कार्यक्रम 1921 में शुरू हुआ। इससे California के 400,000 से भी अधिक सैन्य सेवानिवृत्त सैनिकों को घर (और फार्म) खरीदने में मदद मिली है।

इस प्रस्ताव में, राज्य विधानमंडल का पूर्व $900 मिलियन के बॉण्ड विधेयक में से $600 मिलियन की राशि (दो-तिहाई) का उपयोग बेघर सेवानिवृत्त सैनिकों की मदद करने के उद्देश्य से किसी दूसरे कार्यक्रम के लिये अधिकृत करने का प्रस्ताव है। विधानमंडल के अनुसार, California में लगभग 19,000 बेघर सेवानिवृत्त सैनिक हैं—तथा और आ रहे हैं।

अगर मतदाताओं के द्वारा इसे मंजूरी दे दी जाती है, तो यह प्रस्ताव *"सेवानिवृत्त सैनिकों और उनके परिवारों को आवास स्थिरता सुलभ कराने और उसे बनाये रखने के लिए किफायती बहुपरिवार सहयोगात्मक आवास, किफायती परिवर्ती आवास, किफायती किराये के आवास, या सम्बन्धित सुविधाओं के लिए अधिग्रहण, निर्माण, पुनर्वास, और संरक्षण प्रदान करने के लिए $600 मिलियन तक की धनराशि के बॉण्ड्स सामान्य दायित्व बॉण्ड्स के रूप में बेच कर धन उधार लेने के लिए एक नयी "सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए आवास वित्त समिति"* की अनुमति देगा।

राज्य विधानमंडल के अनुसार, 2008 में California के मतदाताओं के द्वारा CalVet ऋण कार्यक्रम के लिए अधिकृत की गयी $900 मिलियन की उधार राशि (बॉण्ड्स बेच कर) का सेवानिवृत्त सैनिकों के द्वारा घर या फार्म खरीदने के लिए पूरी तरह से उपयोग नहीं किया जा रहा है। वास्तव में, विधानमंडल ने रिपोर्ट किया है कि ऋण कार्यक्रम के लिए पूर्व $500 मिलियन राशि के बॉण्ड विधेयक के तहत उधार लेने का प्राधिकार समाप्त नहीं हुआ है।

इस प्रस्ताव के द्वारा उठाये गये मुख्य प्रश्न हैं:

(1) क्या CalVet फार्म एंड होम लोन प्रोग्राम से $600 मिलियन की राशि उधार की हैसियत से ली जाये?

(2) क्या California के सेवानिवृत्त सैनिकों के एक नये कार्यक्रम के लिए धन की व्यवस्था करने के लिए $600 मिलियन की राशि उधार ली जाये (बॉण्ड्स बेच कर)?

**GARY WESLEY**

## ★ प्रस्ताव 41 के खिलाफ दिये गये तर्क का खंडन ★

प्रस्ताव 41, वेटरंस हाउसिंग एंड होमलेस प्रिवेंशन बॉण्ड ऐक्ट ऑफ 2014 ऐसी मौजूदा, अव्ययित बॉण्ड धनराशियों को पुनर्निर्देशित करता है जिन्हें पूर्व में मतदाताओं के द्वारा मंजूरी दे दी गयी थी लेकिन जिनका उपयोग नहीं हुआ है। प्रस्ताव 41 करों में बढोत्तरी नहीं करता है या राज्य के समग्र ऋण में वृद्धि नहीं करता है। प्रस्ताव 41 $600 मिलियन की धनराशि बेघर और लगभग बेघर सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए किफायती आवास के निर्माण और उनके नवीनीकरण के लिए समर्पित किये जाने के लिए अधिकृत करता है।

जिस मौजूदा कार्यक्रम से ये धनराशियां आती हैं उसका बहुत कम किया गया है। असल में, *Los Angeles Times* के एक सम्पादकीय में कहा गया है कि मूल मतपत्र विधेयक जिसने इस निधि-प्रबंधन को अधिकृत किया था "राज्य के सेवानिवृत्त सैनिकों की ज़रूरतों को पूरी करने के संदर्भ में असफल रहा।" इसी कारण से प्रस्ताव 41 सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए आवश्यक है—यह बिना करों में वृद्धि किये, उस प्रकार के आवास निर्मित करता है जिनकी California के सेवानिवृत्त सैनिकों की आबादी को ज़रूरत है।

यह ऐक्ट पूर्व में मंजूरी-प्राप्त, लेकिन अप्रयुक्त बॉण्ड्स को पुनर्निर्देशित करता है। इसका मतलब है कि यह California के समग्र अधिकृत ऋण में वृद्धि नहीं करता। इन बॉण्ड्स का उपयोग राज्य को मामूली वित्तीय लागतें पैदा करेगा, जबकि सामाजिक सेवाओं और हेल्थकेयर में पैसे की बचत होगी। जैसा कि *L.A. Times* ने नोट किया, "बेघर सेवानिवृत्त सैनिकों की संख्या कम करके और उनमें से अधिक से अधिक को उनके लिये आवश्यक पुनर्वास और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ कर बॉण्ड्स राज्य की *हेल्थकेयर और सामाजिक सेवाओं की कुछ ऐसी लागतों से बचने में* मदद कर सकते हैं जो आज इसे झेलनी पड़ती हैं।" *Times* में इस पर भी ध्यान दिया गया है कि ये बॉण्ड्स और *अधिक बेघर सेवानिवृत्त सैनिकों की फिर से वर्कफोर्स में शामिल होने में सहायता कर सकते हैं।*

California के सेवानिवृत्त सैनिकों के प्रति सही करने का यह वित्तीय रूप से जिम्मेदार तरीका है। प्रस्ताव 41 पर हाँ यानि पक्ष में मतदान करें California के सेवानिवृत्त सैनिकों की उनकी ज़रूरत का आवास पाने में मदद करने के लिए।

**ED FORD,** स्टेट कमांडर
Veterans of Foreign Wars, California डिपार्टमेंट
**PETER CAMERON,** कार्यकारी निदेशक
Veterans Resource Center of America
**JOSEPH GARCIA,** स्टेट कमांडर
American Legion, डिपार्टमेंट ऑफ California

# प्रस्ताव 42 सार्वजनिक रिकॉर्ड। खुली बैठकें। स्थानीय संस्थाओं को राजकीय प्रतिपूर्ति। विधायी संवैधानिक संशोधन।

आधिकारिक शीर्षक और सारांश

अटार्नी जनरल द्वारा तैयार किया गया

42

**सार्वजनिक रिकॉर्ड। खुली बैठकें। स्थानीय संस्थाओं को राजकीय प्रतिपूर्ति। विधायी संवैधानिक संशोधन।**

- स्थानीय सरकारी संस्थाओं, जिनमें शहर, काउंटी, और स्कूल डिस्ट्रिक्ट शामिल हैं, के लिए स्थानीय सरकारी निकायों की बैठकों और सरकारी अधिकारियों के रिकॉर्ड की सार्वजनिक सुलभता प्रदान करने हेतु निर्दिष्ट राज्य कानूनों का अनुपालन करना आवश्यक है।
- इस आवश्यकता को खत्म करता है कि राज्य इन निर्दिष्ट कानूनों का अनुपालन करने के लिए स्थानीय संस्थाओं को प्रतिपूर्ति करे।

**राज्य और स्थानीय सरकार पर पड़ने वाले शुद्ध राजकोषीय प्रभाव का विधायी विश्लेषक के अनुमान का सारांश:**

- स्थानीय सरकारों को राज्य द्वारा किये जाने वाले भुगतानों में वार्षिक रूप से दसियों मिलियन डॉलर की कमी की।
- स्थानीय सरकारों पर जनसामान्य को जानकारी उपलब्ध कराने के लिए लगायी गयी सम्भावी अतिरिक्त राजकीय आवश्यकताओं से स्थानीय सरकारों की लागतों में वार्षिक रूप से दसियों मिलियन डॉलर की सम्भावित वृद्धि हुई।

**SCA 3 (प्रस्ताव 42) पर विधानमंडल द्वारा डाले गये अन्तिम वोट**
**(संकल्प 123, 2013 के कानून)**

| | | |
|---|---|---|
| सीनेट: | हाँ 37 | नहीं 0 |
| विधानसभा: | हाँ 78 | नहीं 0 |

## विधायी विश्लेषक के द्वारा किया गया विश्लेषण

### पृष्ठभूमि

***California में हजारों स्थानीय सरकारें हैं।*** California वासी हजारों स्थानीय सरकारों—काउंटियों, शहरों, स्कूल और सामुदायिक कॉलेज डिस्ट्रिक्ट्स, और विशेष डिस्ट्रिक्ट्स (जैसे कि फायर डिस्ट्रिक्ट्स, बाढ़ नियंत्रण डिस्ट्रिक्ट्स, और वाटर डिस्ट्रिक्ट्स) से सेवायें प्राप्त करते हैं। हर स्थानीय सरकार का एक स्थानीय प्रशासी निकाय है (जैसे कि सिटी काउंसिल या काउंटी बोर्ड ऑफ सुपरवाईजर्स) जो अपने कार्यक्रमों, सेवाओं, और परिचालनों के बारे में निर्णय लेता है।

***स्थानीय सरकारी जानकारी की सार्वजनिक सुलभता।*** राज्य के संविधान के अनुसार आवश्यक है कि प्रशासी निकायों की बैठकें और सरकारी अधिकारियों व एजेंसियों के लेखन रिकॉर्ड सार्वजनिक जाँच के लिए खुले हों। दो राजकीय कानून स्थानीय सरकारों के द्वारा स्थानीय सरकारी जानकारी और बैठकों की सार्वजनिक सुलभता प्रदान करने हेतु पालन किये जाने वाले नियमों की स्थापना करते हैं।

- ***California सार्वजनिक रिकॉर्ड अधिनियम।*** यह कानून प्रत्येक व्यक्ति को राज्य और स्थानीय सरकार के दस्तावेजों का निरीक्षण करने और उनकी प्रतियां प्राप्त करने की अनुमति देता है। इसके अनुसार राजकीय संस्थाओं और स्थानीय सरकारों के लिए दस्तावेजों की सार्वजनिक सुलभता हेतु लिखित मार्गनिर्देश स्थापित करना और इन मार्गनिर्देशों को अपने कार्यालयों पर लगाना आवश्यक है।
- ***Ralph M. Brown ऐक्ट।*** यह कानून स्थानीय सरकारों के प्रशासी निकायों की बैठकों को नियंत्रित करता है। इसके अनुसार स्थानीय प्रशासी निकायों को ऐजेंडे के मदों का सार्वजनिक नोटिस प्रदान करना और खुले फोरम में बैठकें आयोजित करना आवश्यक है।

***सार्वजनिक रिकॉर्ड के लिए राजकीय भुगतान और Brown ऐक्ट सम्बन्धी लागतें।*** इन वर्षों में, विधानमंडल ने सार्वजनिक रिकॉर्ड अधिनियम और Brown ऐक्ट को समय समय पर संशोधित किया है। इनमें से कुछ बदलावों ने स्थानीय सरकार की जिम्मेदारियां और लागतें बढ़ा दी हैं। राज्य को सामान्यतया उस दशा में स्थानीय सरकारों को उनकी लागतों का भुगतान करना चाहिये जब उनकी जिम्मेदारियों में वृद्धि करे—यह एक ऐसी आवश्यकता है जिसको राजकीय अधिकारी ऐसे प्रस्तावों की समीक्षा करते समय ध्यान में रखते हैं जो स्थानीय सरकार की लागतों में वृद्धि करते हों। वर्तमान कानून के तहत, स्थानीय सरकारों को सार्वजनिक रिकॉर्ड अधिनियम के कुछ भागों (जैसे कि रिकॉर्ड चाहने वाले जनसामान्य के सदस्यों की सहायता करने और रिकॉर्ड चाहने वाले व्यक्तियों को यह बताने की आवश्यकता कि रिकॉर्ड प्रदान किये जा सकते हैं अथवा नहीं) को लागू करने के लिए उनकी लागतों का भुगतान राज्य को करना चाहिये। सार्वजनिक रिकॉर्ड अधिनियम के लिए राज्य के द्वारा स्थानीय सरकारों को देय धनराशि अभी तक ज्ञात नहीं है, लेकिन अनुमान है कि यह राशि वार्षिक रूप से दसियों मिलियन डॉलर होगी। इसके अलावा, राज्य ने पूर्व में स्थानीय सरकारों को Brown ऐक्ट के कुछ भागों को लागू किये जाने के कारण आयी उनकी लागतों के लिए भुगतान किया है। हालाँकि, California के मतदाताओं ने स्थानीय सरकारों को Brown ऐक्ट की इन लागतों हेत भुगतान करने के लिए राज्य की जिम्मेदारी को खत्म करने हेतु 2012 में राज्य के संविधान में संशोधन किया था।

## प्रस्ताव

यह विधेयक:

- राज्य के संविधान में इस आवश्यकता को जोड़ता है कि स्थानीय सरकारें सार्वजनिक रिकॉर्ड अधिनियम और Brown ऐक्ट का पालन करें।
- स्थानीय सरकारों को इन कानूनों से सम्बन्धित उनकी लागतों के लिए भुगतान करने की राज्य की जिम्मेदारी को खत्म करता है। (जैसा कि ऊपर उल्लिखित है, Brown ऐक्ट सम्बन्धी स्थानीय लागतों के लिए भुगतान करने की राज्य की जिम्मेदारी को 2012 में खत्म कर दिया गया था।)

यह विधेयक इन कानूनों की वर्तमान आवश्यकताओं, और साथ ही सरकारी जानकारी या बैठकों की सार्वजनिक सुलभता में सुधार लाने के लिए इनमें से किसी भी कानून में भविष्य में किये जाने वाले कोई भी बदलावों के लिए लागू होता है।

## राजकोषीय प्रभाव

***राज्य की लागतों और स्थानीय राजस्व की राशियों पर प्रभाव।*** सार्वजनिक रिकॉर्ड अधिनियम का पालन करने के लिए स्थानीय सरकारों की लागतों हेतु भुगतान करने की राज्य की जिम्मेदारी को खत्म करके, इस विधेयक के परिणामस्वरूप राज्य को बचत होगी और स्थानीय सरकारों के राजस्व में तुलनीय गिरावट आयेगी। यह प्रभाव सम्भवतया वार्षिक रूप से दसियों मिलियन डॉलर का होगा।

***स्थानीय लागतों पर सम्भावी प्रभाव।*** यह विधेयक राज्य के अधिकारियों के भावी व्यवहार को भी बदल सकता है। क्योंकि प्रस्ताव 42 के तहत, राज्य सार्वजनिक रिकॉर्ड अधिनियम में बदलाव कर सकता है और उसे स्थानीय सरकारों को उनकी लागतों के लिए भुगतान नहीं करना होगा। इस प्रकार, राज्य के अधिकारी इस कानून में *उससे कहीं अधिक* बदलाव कर सकते हैं जितने वे अन्यथा कर पाते। इस मामले में, स्थानीय सरकारों को **अतिरिक्त लागतें उठानी पड़ सकती हैं—सम्भावित रूप से भविष्य में सालाना दसियों मिलियन डॉलर।**

**इस प्रस्ताव के लिए वित्तीय योगदानों के बारे में विवरण के लिए *http://cal-access.sos.ca.gov* देखें।**

*प्रस्ताव 42 के मूलपाठ के लिए, पृष्ठ 42 देखें।*

## ★ प्रस्ताव 42 के पक्ष में तर्क ★

हर किसी ने यह कहावत सुनी है "आप सिटी हॉल से नहीं लड़ सकते हैं।" पता चला है कि यह साफ झूठ है। लाखों California वासी काउंटियों, स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स, वाटर एजेंसियों, और प्रत्येक प्रकार की सरकारी संस्था के सरकारी अधिकारियों और नौकरशाहों से इस आशय से उत्तर चाहते हैं, ताकि वे हासिल जानकारी का उपयोग राजनीतिक प्रक्रिया में प्रवेश करने और सार्वजनिक नीति को सकारात्मक ढंग से प्रभावित करने के लिए कर सकें।

California सार्वजनिक रिकॉर्ड अधिनियम जैसे सशक्त साधन नागरिकों और व्यवसायों को प्रभावी समर्थक होने और समुदाय के हितों की रक्षा करने के लिए आवश्यक रिकॉर्ड प्राप्त करने की सामर्थ्य देते हैं। Ralph M. Brown खुली बैठक कानून सिटी काउंसिल, बोर्ड ऑफ सुपरवाईजर, स्कूल बोर्ड, और विशेष डिस्ट्रिक्ट की बैठकों के दौरान नीति तैयार किये जाते समय हमें उस कक्ष में होने और हमारी बात सुनी जाने का अधिकार देता है।

2004 में, California वासियों को सार्वजनिक रिकॉर्ड की सुलभता और स्थानीय सार्वजनिक निकायों में भाग लेने के इन कानूनों को और भी अधिक शक्तिशाली बना दिया गया जब 82 प्रतिशत से भी अधिक मतदाताओं ने इस राज्य संविधान में एक संशोधन को मंजूरी दे दी जिसमें आंशिक रूप से कहा गया है: "लोगों को लोगों के कारोबार के संचालन से सम्बन्धित जानकारी की सुलभता का अधिकार है, और, इसलिए, सार्वजनिक निकायों की बैठकें और सरकारी अधिकारियों व एजेंसियों के लेखन रिकॉर्ड सार्वजनिक जाँच के लिए खुले होंगे।"

हालाँकि, पिछले कुछ वर्षों में, इन उत्कृष्ट कानूनों के महत्वपूर्ण को खतरा उत्पन्न हो गया था जब राज्य वित्तीय संकट से ग्रस्त था। संक्षेप में, राज्य और स्थानीय सरकारों के बीच सुलभता के जनसामान्य के नागरिक अधिकार का अनुपालन करने की स्थानीय लागतों के लिए सरकार को राज्य की वित्तीय सहायता की राशि और उसके स्तर को लेकर लम्बेसमय से असहमति चली आ रही है। कई बार राज्य की बजट प्रक्रिया में लिये गये कड़े निर्णयों के नाते इन कानूनों के मुख्य प्रावधान स्थानीय सरकारी संस्थाओं के लिए वैकल्पिक बन गये हैं। हालाँकि अधिकांश सरकारों ने वित्तीय तनाव की इन संक्षिप्त अवधियों के दौरान अनुपालन करना जारी रखा, लेकिन जनसामान्य के मौलिक अधिकार स्थानीय अधिकारियों की कृपाओं पर निर्भर नहीं होने चाहियें।

प्रस्ताव 42 स्पष्ट करेगा कि स्थानीय सरकारी संस्थाएं, न कि राज्य, हमारे सुलभता सम्बंधी कानूनों के अनुपालन से जुड़ी लागतों के लिए जिम्मेदार हैं। यह प्रस्ताव सार्वजनिक रिकॉर्ड और बैठकों की सुलभता सुनिश्चित करेगा जो कि सार्वजनिक भ्रष्टाचार का पर्दाफाश करने और उससे लड़ने के लिए आवश्यक है, जैसा कि सिटी ऑफ Bell के नागरिकों के द्वारा उस समय अनुभव किया गया था जब सरकारी अधिकारी आपराधिक कृत्यों में लगे हुए थे और सिटी की खजाने की तिजोरियों को लूटा जा रहा था।

प्रस्ताव 42 संविधान में सरकार क्या कर रही है और कैसे कर रही हैं को जानने के जनसामान्य के इस नागरिक अधिकार को दृढ़ता प्रदान करेगा। यह राज्य के कानूनों के साथ ऐसी स्वतंत्र ताकत जोड़ेगा जिसके अनुसार स्थानीय सरकारों के लिए खुली बैठक और सार्वजनिक रिकॉर्ड सम्बंधी कानूनों और भविष्य में विधानमंडल के द्वारा उन कानूनों में किये जाने वाले बदलावों का अनुपालन करना आवश्यक होगा।

प्रस्ताव 42 ऐसी सम्भावना को खत्म करेगा कि स्थानीय संस्थाएं सार्वजनिक जानकारी के लिए किये गये किसी अनुरोध के लिए इंकार कर सकती हों या लागत के आधार पर किसी बैठक में दरवाजा बंद कर सकती हों। जैसा Thomas Jefferson ने कहा, "सूचना लोकतंत्र की मुद्रा होती है।" नौकरशाहों को बतायें कि लोगों को—न किन सरकार को—यह तय करना चाहिये कि हमें क्या जानने की ज़रूरत है। प्रस्ताव 42 पर हाँ यानि पक्ष में वोट दें।

**MARK LENO,** सदस्य California राज्य सीनेट
**THOMAS W. NEWTON,** कार्यकारी निदेशक
California Newspaper Publishers Association

## ★ प्रस्ताव 42 के पक्ष में दिये गये तर्क का खंडन ★

प्रस्तावक बुनियादी रूप से सही हैं कि *"प्रस्ताव 42 इस सम्भावना को खत्म करेगा कि स्थानीय संस्थायें"* [वैध रूप से] *सार्वजनिक जानकारी हेतु किये गये किसी अनुरोध के लिए इंकार कर सकती हैं या राज्य के इन कानूनों के अनुपालन की लागत"* के आधार पर किसी बैठक में दरवाजा बंद कर सकती हैं। यह ऐसा अनुपालन की लागत को स्थानीय सरकारों पर लगा कर करेगा। एक विकल्प यह हो सकता है कि राज्य सरकार भुगतान करे।

बहुत से वर्षों तक, मैंने राज्य और स्थानीय मतपत्र के विधेयकों के खिलाफ तर्क प्रदान किये हैं ताकि मतदाताओं को मतदान करने से पहले विधेयकों के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त हो सके।

मैंने स्थानीय स्तर पर निर्णय-लेने की क्रिया को सकारात्मक ढंग से प्रभावित करने के प्रयास में California सार्वजनिक रिकॉर्ड अधिनियम और खुली बैठक सम्बन्धी कानूनों का भी उपयोग किया है। जब उन कानूनों का उल्लंघन किया जाता है, तो एक दीवानी यानि सिविल मुकदमा दायर किया जा सकता है, और इसमें शामिल शासकीय कदाचार काउंटी की नागरिक ग्रैंड जूरी को रिपोर्ट किया जा सकता है।

हालाँकि, व्यक्तियों की अन्तर पैदा करने की योग्यता को—स्थानीय स्तर पर भी—हाल के वर्षों में *बड़े पैसे* के प्रभाव से और समूचे California में उन क्षेत्रीय पदों के लिए *कभी भी निर्वाचित नहीं किये गये* बोर्ड सदस्यों की अगुवाई वाली विभिन्न *क्षेत्रीय संस्थाओं* के सशक्तिकरण से कमजोर कर दिया गया है।

उदाहरण के लिए, San Francisco खाड़ी क्षेत्र में, क्षेत्रीय संस्थाओं ने बस ऐसी योजनायें अपना ली हैं जो दुनिया भर से आने वाले लाखों नये निवासियों को मौजूदा महानगरीय परिवहन गलियारों के अन्दर ठसाठस भर देंगी। केवल-बस वाली लेन बनायी जा रही हैं। HOV (हाई ऑक्युपैंसी व्हिकल) लेन्स को "एक्सप्रेस लेन्स" में बदला जा रहा है जो टोल-दाताओं को भी अनुमति प्रदान करती हैं।

आने वाले वर्षों में फ्रीवे पर सभी लेन्स *टोल लेन्स* बन सकती हैं। ऐसा देश भर में हो रहा है।

**GARY WESLEY**



*इस पृष्ठ पर छपे हुए तर्क लेखको के विचार हैं और किसी भी आधिकारिक संस्था के द्वारा सटीकता के लिए उनकी जाँच नहीं की गयी है।*

## ★ प्रस्ताव 42 के खिलाफ तर्क ★

स्थानीय सरकारें कर्मचारियों और राजनेताओं के द्वारा चलायी जाती हैं जो हो सकता है कि जानकारी बांटने या निर्णय लेने से पहले जनसामान्य से इनपुट प्राप्त करना चाहें या नहीं चाहें।

2004 में, California के मतदाताओं ने राज्य के ऐसे कानूनों के रोल बैक किये जाने को रोकने के लिये तैयार किये गये एक पहल सम्बन्धी राज्य के संवैधानिक संशोधन को मंजूरी दी जिसने बहुत से सार्वजनिक रिकॉर्ड की सुलभता की *गारंटी दी* और*अनिवार्य बनाया* कि स्थानीय सरकारों के विधायी निकायों की बैठकें आमतौर पर सार्वजनिक हों और यह भी कि स्थानीय निकायों के निर्णय केवल जनसामान्य के इनपुट के लिये एक अवसर दिये जाने के बाद ही लिये जा सकते हों *(California संविधान, अनुच्छेद I, धारा 3(b))।*

कुछ स्थानीय सरकारों ने यह आपत्ति करके जवाब दिया कि नये संवैधानिक प्रावधान ने राज्य के संविधान के *(अनुच्छेद XIII B, धारा 6)* के एक दूसरे प्रावधान, जिसके अनुसार यह आवश्यक है कि राज्य स्थानीय सरकारों को राज्य के नये जनादेशों को लागू करने की लागत का भुगतान करे, की जगह नहीं ली।

प्रस्ताव 42 California के संविधान को यह स्पष्ट करने के लिए संशोधित करेगा कि राज्य को किसी स्थानीय सरकार को स्थानीय सरकारों के लिए लागू खुली बैठक सम्बन्धी कानून (*Brown* ऐक्ट—सरकारी संहिता की धारायें 54950–54963) या *सार्वजनिक रिकॉर्ड अधिनियम* (सरकारी संहिता की धारायें 6250–6270) जैसी लिखी या बाद में बदली गयी हैं—जब तक कि किसी बदलाव *"में यह प्रदर्शित करता हुआ निष्कर्ष शामिल नहीं हो कि वैधानिक अधिनियमन सार्वजनिक सुलभता और इनपुट की संवैधानिक गारंटी के उद्देश्यों को आगे बढ़ाता है"* का अनुपालन करने की लागत के लिए भुगतान करने की ज़रूरत नहीं है।

इस प्रस्ताव के द्वारा प्रस्तुत मुख्य मुद्दा है कि क्या मतदाता मानते हैं कि राज्य के इन महत्वपूर्ण कानूनों का अनुपालन करने की लागत स्थानीय सरकारों के द्वारा वहन की जाये या राज्य सरकार के द्वारा।

**GARY WESLEY**

## ★ प्रस्ताव 42 के खिलाफ दिये गये तर्क का खंडन ★

हमारा लोकतंत्र सरकार में जानकारी पर आधारित और सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करता है। प्रस्ताव 42 एक ऐसा सरल विधेयक है जो यह जानने के मूल अधिकार की रक्षा करता है कि सरकार हमारा कारोबार कैसे संचालित करती है।

प्रस्ताव 42 के खिलाफ Mr. Wesley के प्राथमिक तर्क में बहुत से तथ्यों का जिक्र किया गया है—जिनमें से अधिकांश से हम सहमत हैं—लेकिन इसमें इस बारे में कोई खास तर्क नहीं दिया गया है कि California सार्वजनिक रिकॉर्ड अधिनियम और Ralph M. Brown खुली बैठक कानून जैसे आपकी जानकारी की आजादी के कानूनों के अनुपालन से जुड़ी उनकी लागतों के भुगतान के लिए स्थानीय सरकारी संस्थाओं को राज्य का मुँह क्यों ताकना चाहिये।

खुली बैठकों और सार्वजनिक रिकॉर्ड की सुलभता की आवश्यकता वाले हमारे राज्य और स्थानीय कानूनों का अनुपालन संवैधानिक सिद्धांत का मामला है।

सच्चाई यह है कि प्रत्येक राजकीय संस्था सार्वजनिक रिकॉर्ड अधिनियम और Bagley-Keene ऐक्ट, जो Brown ऐक्ट के जैसा ही है और जिसमें राज्य बोर्ड और आयोगों के लिए खुले में मिलना और सार्वजनिक सत्र आवश्यक हैं, के अनुपालन की अपनी लागतों का खुद भुगतान करती है।

जब संस्थायें अनुपालन की अपनी लागतों का भुगतान करती हैं, तो उन लागतों को कम रखने के लिए नये ढंग निकालने के लिए अंतर्निहित प्रोत्साहन है, जैसे रिकॉर्ड के लिए अनुरोध प्रक्रियाओं को सरल और कारगर बनाना तथा आसान सार्वजनिक सुलभता के लिए ऐसे रिकॉर्ड को ऑनलाइन रखना जिनके लिए आमतौर पर अनुरोध किया जाता है। अगर राज्य स्थानीय संस्थाओं को इन बुनियादी महत्वपूर्ण कानूनों का अनुपालन करने के विशुद्ध स्थानीय दायित्व के लिए भुगतान करता है, तो सुधार करने के लिए कोई प्रोत्साहन नहीं है।

यह सरल है; राज्य अपनी खुद की लागतों का भुगतान करता है और स्थानीय संस्थाओं को उनकी अपनी लागतों का भुगतान करना चाहिये।

जानने के अपने नागरिक अधिकार की रक्षा करें और प्रस्ताव 42 पर हाँ यानि पक्ष में मतदान करें।

**JAMES W. EWERT,** जनरल काउन्सल
California Newspaper Publishers Association

**DONNA FRYE,** प्रेसिडेंट
Californians Aware

**JENNIFER A. WAGGONER,** प्रेसिडेंट
League of Women Voters of California

*इस पृष्ठ पर छपे हुए तर्क लेखको के विचार हैं और किसी भी आधिकारिक संस्था के द्वारा सटीकता के लिए उनकी जाँच नहीं की गयी है।*

इस खंड में राज्य के बॉण्ड ऋण को वर्णित किया गया है। इसमें इस विषय पर भी चर्चा की गयी है कि प्रस्ताव 41—$600 मिलियन राशि का सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए आवास बॉण्ड प्रस्ताव—किस तरह बॉण्ड की लागतों को प्रभावित करेगा।

## पृष्ठभूमि

***बॉण्ड्स क्या हैं?*** बॉण्ड्स एक ऐसा तरीका हैं जिससे सरकारें और कम्पनियां पैसा उधार लेती हैं। राज्य सरकार, उदाहरण के लिए, बॉण्ड्स का उपयोग प्राथमिक रूप से बुनियादी ढाँचे के प्रोजेक्ट्स के नियोजन, निर्माण, और नवीनीकरण के लिए करती है। राज्य इन प्रोजेक्ट्स के लिए "अग्रिम यानि अप-फ्रंट" धनराशि उपलब्ध कराने के लिए निवेशकों को बॉण्ड्स बेचता है और फिर निवेशकों को, ब्याज सहित, एक निश्चित अवधि में चुकाने का वादा करता है।

***बॉण्ड्स किसका वित्तपोषण करते हैं और उनका उपयोग क्यों किया जाता है?*** राज्य बॉण्ड्स का उपयोग विशिष्ट रूप से सार्वजनिक बुनियादी ढाँचे के प्रोजेक्ट्स जैसे कि सड़कों, शैक्षणिक सुविधाओं, जेलों, उद्यानों, जल परियोजनाओं, और कार्यालय भवनों का वित्तपोषण करने के लिए करता है। बॉण्ड्स का उपयोग कुछ निजी बुनियादी ढाँचे का वित्तपोषण करने में मदद करने के लिए भी किया गया है, जैसे कि अस्पताल और सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए आवास। बॉण्ड्स जारी करने का एक मुख्य कारण है कि बुनियादी ढाँचा विशिष्ट रूप से बहुत वर्षों तक सेवायें प्रदान करता है। इस प्रकार, वर्तमान, और साथ ही भावी करदाताओं के लिए उनके दाम चुकाने में मदद करना तर्कसंगत है। इसके अलावा, इन प्रोजेक्ट्स की बड़ी लागतों को एक बार में चुका पाना मुश्किल हो सकता है।

***राज्य किस प्रकार के बॉण्ड्स बेचता है?*** राज्य कई प्रमुख प्रकार के बॉण्ड्स बेचता है। ये हैं:

- ***सामान्य दायित्व बॉण्ड्स्।*** इन बॉण्ड्स् में से अधिकांश का भुगतान सीधे राज्य के सामान्य कोष से किया जाता है। सामान्य कोष राज्य का मुख्य परिचालन अकाउंट है, जिसका उपयोग यह सार्वजनिक स्कूलों, उच्च शिक्षा, जेलों, स्वास्थ्य देखभाल, और अन्य सेवाओं के दाम चुकाने के लिए करता है। सामान्य दायित्व बॉण्ड्स् का एक उदाहरण होगा स्थानीय स्कूल डिस्ट्रिक्ट की सुविधाओं के लिए राज्यव्यापी बॉण्ड्स्। कुछ सामान्य दायित्व बॉण्ड्स् के दाम, हालाँकि, निर्दिष्ट राजस्व स्रोतों से चुकाये जाते हैं, और सामान्य कोष केवल निर्दिष्ट राजस्व राशियों के कम पड़ जाने की दशा में बैक-अप सहायता प्रदान करता है। उदाहरण के लिए, राज्य अतीत के कुछ जल बॉण्ड्स ऐसी संस्थाओं से प्राप्त धनराशियों से चुकाता है जो बॉण्ड द्वारा वित्तपोषित प्रोजेक्ट्स से पानी प्राप्त करती हैं। सामान्य दायित्व बॉण्ड्स् मतदाताओं के द्वारा पारित किये जाने चाहियें और उनकी कर्ज अदायगी राज्य की सामान्य कराधान शक्ति के द्वारा गारंटिकृत होती है।

- ***लीज-राजस्व बॉण्ड्स।*** इन बॉण्ड्स के दाम बॉण्ड्स के द्वारा वित्तपोषित सुविधाओं का उपयोग करने वाली राज्य संस्थाओं के द्वारा किये जाने वाले लीज भुगतानों (प्राथमिक रूप से सामान्य कोष से) से चुकाये जाते हैं। इन बॉण्ड्स के लिए मतदाताओं की मंजूरी आवश्यक नहीं होती और ये राज्य की सामान्य कराधान शक्ति के द्वारा गारंटिकृत नहीं होते हैं। नतीजतन, इनकी ब्याज लागतें सामान्य दायित्व बॉण्ड्स् की तुलना में कुछ अधिक होती हैं।

- ***पारम्परिक राजस्व बॉण्ड्स्।*** ये बॉण्ड्स् भी बुनियादी ढाँचे के प्रोजेक्ट्स का वित्तपोषण करते हैं लेकिन सामान्य कोष के द्वारा समर्थित नहीं होते हैं। बल्कि इनका भुगतान इनके द्वारा वित्तपोषित प्रोजेक्ट्स के द्वारा पैदा होने वाले निर्दिष्ट राजस्व प्रवाह से किया जाता है—जैसे कि ब्रिज टोल यानि पुल का पथ-कर्। ये राज्य की सामान्य कराधान शक्ति के द्वारा गारंटिकृत नहीं होते और इनके लिए मतदाताओं की मंजूरी आवश्यक नहीं होती है।

बॉण्ड्स् बेचने के बाद, राज्य मूलधन और ब्याज के सालाना भुगतान करता है जब तक कि बॉण्ड्स् के दाम चुकता नहीं हो जाते। आम तौर पर, निवेशक राज्य द्वारा जारी बॉण्ड्स पर राजकीय और संघीय आय कर का भुगतान नहीं करते हैं। यह राज्य को कम ब्याज दरों पर बॉण्ड्स बेचने की अनुमति देता है, जिसके कारण राज्य ऋण भुगतानों की राशि कम रहती है। हालाँकि, कुछ मामलों में, राज्य ऐसे बॉण्ड्स बेचता है जो संघीय टैक्स छूट के लिए योग्य नहीं होते। उदाहरण के लिए, ऐतिहासिक रूप से, बहुत से आवास-सम्बन्धी बॉण्ड्स ने संघीय टैक्स छूट प्राप्त नहीं की है।

***बॉण्ड वित्तपोषण की लागतें क्या हैं?*** बॉण्ड्स चुकाने की वार्षिक लागत प्राथमिक रूप से ब्याज दर और बॉण्ड्स को चुकाने की अवधि पर निर्भर करती है। राज्य सामान्यतया बॉण्ड के भुगतान 30-वर्ष की अवधि (गृह मालिकों के द्वारा अधिकतर 30-वर्ष के नियत-दर बंधक ऋणों के लिये किये जाने वाले भुगतानों की तरह ही) में करता है। 5 प्रतिशत की ब्याज दर मानते हुए, हर उधार लिये गये $1 के लिए, राज्य को विशिष्ट 30-वर्ष की अदायगी अवधि तक $2 के करीब भुगतान करना होगा। उस $2 में से, अमूमन $1 उधार ली गयी राशि के लिए और करीब $1 ब्याज के लिए जायेगा। फिर भी, क्योंकि हर बॉण्ड की अदायगी पूरे 30-वर्ष की अवधि में फैली होती है, इसलिए मुद्रास्फीति को समायोजित करने के बाद लागत कम आती है—उधार लिये गये हर $1 के लिए लगभग $1.30. जब राज्य कर-योग्य बॉण्ड्स जारी करता है, तो यह उन्हें अक्सर अपेक्षतया कम अदायगी अवधि के लिए जारी करता है—उदाहरण के लिए, दस वर्ष। अपेक्षतया छोटी अदायगी अवधि के कारण वार्षिक भुगतान अधिक होते हैं, लेकिन कुल मिला कर ब्याज की लागतें अपेक्षतया कम होती हैं और इस प्रकार कुल अदायगी लागतें कम आती हैं।

## इंफ्रास्ट्रक्चर बॉण्ड्स और राज्य का बजट

***सामान्य कोष ऋण की राशि।*** राज्य के पास लगभग $85 बिलियन के सामान्य कोष-समर्थित इंफ्रास्ट्रक्चर बॉण्ड्स—अर्थात, ऐसे बॉण्ड्स जिन पर यह मूलधन और ब्याज के भुगतान कर रहा है, बकाया हैं। इसमें लगभग $75 बिलियन के सामान्य दायित्व बॉण्ड्स और $10 बिलियन के लीज-राजस्व बॉण्ड्स शामिल हैं। इसके अलावा, मतदाताओं और विधानमंडल ने लगभग $33 बिलियन के अधिकृत सामान्य दायित्व और लीज-राजस्व इंफ्रास्ट्रक्चर बॉण्ड्स पारित किये हैं जो अभी बेचे नहीं गये हैं। इनमें से अधिकांश बॉण्ड्स की अतिरिक्त प्रोजेक्ट्स के वित्तपोषण की ज़रूरत के अनुसार आने वाले वर्षों में बेचे जाने की उम्मीद है।

***सामान्य कोष ऋण भुगतान।*** 2013–14 में, सामान्य कोष के इंफ्रास्ट्रक्चर बॉण्ड की अदायगी राशियां कुल $5 बिलियन से अधिक की होनी अपेक्षित हैं। जैसे ही पूर्व में अधिकृत लेकिन वर्तमान में अविक्रित बॉण्ड्स बाजार में उतारे जायेंगे, बॉण्ड ऋण की बकाया लागतें बढ़ जायेंगी, जो 2019–20 में सम्भवतया $7 बिलियन से अधिक पहुँच जायेंगी।


***इस चुनाव का ऋण भुगतानों पर प्रभाव।*** इस मतपत्र पर सेवानिवृत्त सैनिकों का आवास बॉण्ड प्रस्ताव (प्रस्ताव 41) राज्य को, $600 मिलियन तक की राशि निवेशकों को सामान्य दायित्व बॉण्ड्स के रूप में बेच कर, उधार लेने की अनुमति देगा। इस बॉण्ड पर औसत सालाना ऋण सर्विस इसकी बिक्री के समय और स्थितियों पर निर्भर करेगी। फिर भी, 5 प्रतिशत की ब्याज दर मानते हुए, साथ ही यह मानते हुए कि बॉण्ड्स पाँच-वर्ष की अवधि में जारी किये जायेंगे, और हर बॉण्ड दस वर्षों में चुकाया जायेगा, अनुमानित सालाना सामान्य कोष लागत लगभग $50 मिलियन होगी। कुल मिलाकर, हमारा अनुमान है कि इस विधेयक के लिए, 15-वर्ष की अवधि में जिसके दौरान बॉण्ड्स चुकता किये जायेंगे, कुल लगभग $750 मिलियन के ऋण-सर्विस भुगतान आवश्यक होंगे।

***ऋण-सर्विस अनुपात पर चुनाव का प्रभाव।*** राज्य की ऋण स्थिति का एक संकेतक उसका ऋण-सर्विस अनुपात (DSR) होता है। यह अनुपात राज्य के वार्षिक सामान्य कोष राजस्व राशियों के उस हिस्से को दर्शाता है जिसे इंफ्रास्ट्रक्चर बॉण्ड्स पर ऋण-सर्विस भुगतानों के लिए बचा कर रखा जाना चाहिये और, इसलिए, ये धनराशियां राज्य के अन्य कार्यक्रमों के लिए उपलब्ध नहीं होती हैं। जैसा आकृति 1 में दर्शाया गया है, DSR अब वार्षिक सामान्य कोष राजस्व राशियों के 6 प्रतिशत के करीब पहुँच गया है। अगर मतदाताओं या विधानमंडल के द्वारा कोई अतिरिक्त बॉण्ड्स पारित नहीं किये जाते हैं, तो पहले से अधिकृत बॉण्ड्स पर राज्य की ऋण-सर्विस का भावी अनुमान 2017–18 में सामान्य कोष राजस्व राशियों के 6 प्रतिशत के कुछ कम तक जाने का, और उसके बाद गिरावट का है।

अगर मतदाता इस मतपत्र पर दिया हुआ प्रस्तावित सेवानिवृत्त सैनिक आवास बॉण्ड को पारित कर देते हैं, तो यह DSR में एक प्रतिशत के दसवें भाग से कम की वृद्धि करेगा। हालाँकि, अगर मतदाता जून 2014 के बाद चुनावों में अतिरिक्त बॉण्ड्स पारित करते हैं, तो आकृति 1 में दर्शायी गयी भावी ऋण-सर्विस सम्बन्धी लागतें बढ़ जायेंगी। उदाहरण के लिए, जिस समय यह विश्लेषण तैयार किया गया था, एक जल बॉण्ड नवम्बर 2014 के मतपत्र पर आना निर्धारित था।

आकृति 1

**सामान्य कोष ऋण-सर्विस अनुपात[a]**




[a] सामान्य कोष राजस्व राशियों और ट्रांसफर्स के लिए वार्षिक सामान्य कोष ऋण-सर्विस भुगतानों का अनुपात।

## ★ ग्रीन पार्टी ★

ग्रीन पार्टी जलवायु परिवर्तन से ऐतिहासिक आय असमानता तक, हमारे ग्रह की कठिनतम समस्याओं के व्यावहारिक समाधानों का समर्थन करती है। हम लोगों और ग्रह को पहले रखते हैं।

वर्तमान में 55 California ग्रीन निर्वाचित पदों पर आसीन हैं। ग्रीन पार्टी को वोट देने का मतलब है गरीब व्यक्तियों के खिलाफ कठोरता के लिए अस्वीकृति, और समानता वा सुस्थिरता के लिए समर्थन। ग्रीन पार्टी की सरकार का मतलब होगा:

आर्थिक न्याय

- सुस्थिर आजीविका मजदुरी के रोजगार, किफायती आवास, एकल-भुगतानकर्ता सम्बन्धी स्वास्थ्य देखभाल, श्रमिकों के अधिकारों, और सभी के लिए खाद्य सुरक्षा के माध्यम से गरीबी खत्म करना
- Wall Street के बजाय California में निवेश करने के लिए एक सार्वजनिक-स्वामित्व वाला राजकीय बैंक
- क़ैद के बजाय शिक्षा, और प्रस्ताव 13 में सुधार करके तथा प्रगतिशील कराधान के द्वारा मुफ्त सार्वजनिक कॉलेज/यूनिवर्सिटी ट्यूशन

चुनावी सुधार

- सार्वजनिक रूप से-वित्तपोषित चुनावों के जरिये कॉर्पोरेट धन को खत्म करना
- राज्य विधानमंडल और कांग्रेस के लिए अनुपातिक प्रतिनिधित्व के जरिये और अधिक लोकतंत्र व अधिक परिपूर्ण प्रतिनिधित्व, और राज्यव्यापी कार्यपालक पद के लिए रैंक्ड चॉइस वोटिंग
- शीर्ष दो वाली प्रणाली को खत्म करना

न्याय प्रणाली सम्बन्धी सुधार

- मृत्यु दंड को समाप्त करना
- जेल निर्माण पर स्थगन और निजी जेलों की समाप्ति
- मैरवाना को वैध बनाना

ग्रीन ऊर्जा का भविष्य

- Diablo Canyon परमाणु बिजली संयंत्र को बंद करना
- ऊर्जा दक्षता, संरक्षण और सार्वजनिक-स्वामित्व वाली सुरक्षित, स्वच्छ अक्षय ऊर्जा वाला, सौर California
- जीवाश्म ईंधन टैक्स, सार्वजनिक पारगमन, पर्यावरण-अनुकूल शहर

ग्रीन के लिए पंजीकरण करायें। ग्रीन पार्टी के उम्मीदवार को वोट दें।

**Green Party of California**
**P.O. Box 160, Station A**
**Richmond, CA 94808**

**(916) 448-3437**
**ई-मेल: gpca@cagreens.org**
**वेबसाइट: www.cagreens.org**

## ★ अमेरिकन इंडिपेन्डेंट पार्टी ★

अमेरिकन इंडिपेन्डेंट पार्टी ईश्वर की सत्ता के आधीन राष्ट्र में सुव्यवस्थित स्वाधीनता की पार्टी है। हम लिखित कानून का कड़ाई से पालन करने में यकीन रखते हैं। हमारा मानना है कि संविधान एक ऐसा अनुबंध है जो अमेरिका ने खुद के साथ किया है। इसके इरादतन विरूपण ने हमारे दसवें संशोधन द्वारा गारंटिकृत सीमित सरकार के अधिकार—जिसके लिए अनिवार्य रूप से दमनकारी कराधान की आवश्यकता है, के उल्लंघन के लिए प्रेरित किया है। इसका ईमानदार क्रियान्वयन उस बोझ को उठा लेगा।

लिबरल शासन के दमन से मुक्त होकर, हम फिर करुणामयी और उचित ढंग से अपनी ऊर्जा और चतुरता का उपयोग खुद के और अपने परिवारों के भरण-पोषण के लिए कर सकते हैं। हम तब सही मायने में स्वतंत्र और जिम्मेदार उद्यम स्थापित करेंगे और सम्पत्ति के बुनियादी मानव अधिकार को पुन: प्रभावकारी बनायेंगे।

हम समस्त मानव जीवन की रक्षा करने में विश्वास रखते हैं चाहे वह कितना भी कमजोर, निराश्रित, या निराश क्यों न हो; परिवार का स्वाधीनता, करुणा, जिम्मेदारी, और कर्मशीलता की आवश्यक चारदीवारी के रूप में समर्थन करते हैं; और हम परिवार का अपने बच्चों का पालन-पोषण करने, उन्हें अनुशासित करने, और शिक्षित करने का अधिकार और जिम्मेदारी घोषित करते हैं।

हम एक मजबूत सामान्य रक्षा, ऐसी सामान्य रक्षा जिसके लिए राष्ट्रीय संप्रभुता का अविवेकपूर्ण संधियों के द्वारा क्षतिग्रस्त नहीं होना आवश्यक हो, के साथ आत्म रक्षा के वैयक्तिक अधिकार की गारंटी देने वाले निरपेक्ष व समवर्ती द्वितीय संशोधन पर जोर देते हैं। हम सभी अवैध आप्रवासन का विरोध करते हैं।

हम आज़ादी में हमारे साथ शामिल होने के लिए दुनिया के सबसे अच्छे देशों को आमंत्रित करने वाली सुरक्षित सीमाओं और आप्रवासन नीतियों का समर्थन करते हैं।

**American Independent Party of California**
**476 Deodara St.**
**Vacaville, CA 95688-2637**

**(707) 359-4884**
**ई-मेल: mark@masterplanner.com**
**वेबसाइट: www.aipca.org**

## ★ पीस एंड फ्रीडम पार्टी ★

पीस एंड फ्रीडम पार्टी, धनी लोगों और उनकी कॉर्पोरेशंस के द्वारा और उनके लिए चलाये जा रहे देश में, वेतनभोगी-वर्ग की पार्टी है। हमें अपने मालिकों के लाभों के लिए अपने स्वास्थ्य, अपनी आजीविकाओं और अपने ग्रह की कुर्बानी देने के लिए मजबूर नहीं होना चाहिये। हम समाज की ज़रूरतों के दाम चुकाने के लिए धनवान लोगों पर टैक्स लगा सकते हैं, जिनका पैसा श्रमिकों के द्वारा पैदा किया जाता है। हम निम्नलिखित का समर्थन करते हैं:

- सभी के लिए समुचित रोजगार के अवसर और श्रम अधिकार्।
- सभी के लिए प्रीस्कूल से लेकर यूनिवर्सिटी तक मुफ्त शिक्षा।
- हर किसी के लिए स्वास्थ्य सम्बंधी मुफ्त देखभाल।
- शारीरिक असमर्थताओं वाले लोगों के लिए व्यापक सेवायें।
- सभी सैन्य दस्तों को अब घर लाना।
- सभी प्रकार के भेदभाव को खत्म करना। विवाह समानता।
- आप्रवासियों के लिए पूरे अधिकार।
- असली लोकतंत्र और उचित राजनीतिक प्रतिनिधित्व।
- पर्यावरण को बहाल करना और उसकी रक्षा करना।

जब तक हमारी व्यवस्था धनी लोगों को प्राथमिकता देगी, तब तक हम युद्ध, पुलिस निर्ममता, निम्न वेतन, असुरक्षित कार्यस्थल और प्रदुषण से पीड़ित रहेंगे। हम समाजवाद, अर्थव्यवस्था का स्वामित्व और नियंत्रण, कामकाजी लोगों के हाथों में होने का समर्थन करते हैं। अगर हम अपने उद्योगों और प्राकृतिक संसाधनों को वापस लेने के लिए एकजुट हो जायें, तो हम अमीरों और कॉर्पोरेशंस के गुलाम बनने के बजाय, साथ मिला कर लोकतांत्रिक और सहकारी ढंग में लोकहित के लिए काम कर सकते हैं।

पीस एंड फ्रीडम पार्टी के लिए पंजीकरण करायें, और हमारे उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करें, जो आपकी ज़रूरत के लिए लड़ेंगे।

**Peace and Freedom Party**
**P.O. Box 24764**
**Oakland, CA 94623**

**(510) 465-9414**
**ई-मेल: info@peaceandfreedom.org**

*वक्तव्यों का क्रम लॉट के द्वारा यानि पर्ची डाल कर निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ पर दिये गये वक्तव्य राजनीतिक पार्टियों के द्वारा उपलब्ध कराये गये थे और किसी आधिकारिक एजेंसी के द्वारा उनकी सटीकता के लिए जाँच नहीं की गयी है।*

## ★ लिबरटेरियन पार्टी ★

अगर आप सामाजिक रूप से सहिष्णु और वित्तीय रूप से जिम्मेदार हैं, तो आप लिबरटेरियन हैं।

लिबरटेरियन समाधान हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और हमारे राज्य का संचालन करने के लिए सबसे अधिक व्यावहारिक, साध्य, और उचित हैं। अगर पिछले दस वर्षों में उन्हें लागू किया गया होता, तो निम्नलिखित के आधार पर California की अर्थव्यवस्था मजबूत होती और इसकी रहन-सहन की स्थितियां वांछनीय होतीं:

- फलते-फूलते निजी उद्यम
- अपने बच्चों को शिक्षित करने में माता-पिता की पसंद
- प्रतिस्पर्धात्मक निजी हेल्थकेयर बीमा
- ऐसी सार्वजनिक पेंशन जो स्थानीय और डिस्ट्रिक्ट सरकारों को दिवालिया नहीं करती हों
- ऐसे कानून जो California के निर्वाचित अधिकारियों सहित सभी Californiaवासियों पर समान रूप से लागू हों

लिबरटेरियन निम्नलिखित के लिए काम करते हैं:

- सरकारी परिचालनों का आकार कम करना, और इस तरह से सरकारी खर्चों को कम करना और टैक्स घटाना (ऐसी 300 से भी अधिकटैक्स-समर्थितसरकारी संस्थायें हैं जिन्हें सरकारी परिचालन, सार्वजनिक सुरक्षा, शिक्षा, हेल्थकेयर, और सेवानिवृत्ति को खतरे में डाले बिना बंद किया जा सकता है)
- ऐसी सरकारी कर्मचारी पेंशनों में सुधार करना जो शहरों, काउंटियों और राज्य को दिवालिया बना रही हैं
- ऐसी सरकारी सेवाओं का निजीकरण करना जो लागत-प्रभावी सेवा-प्रदाताओं के द्वारा सर्वोत्तम ढंग में प्रदान की जाती हैं
- ऐसे निजी व्यवसाय को बढ़ावा देना जो रोजगार के अवसर पैदा करता हो
- सभी Californiaवासियों के लिए कानून के तहत समान व्यवहार की गारंटी देना
- मैरवाना को नाबालिग लोगों के लिए कम उपलब्ध बनाते हुए, उसे बालिग लोगों के लिए शराब की तरह विनियमित करना
- एक अंशकालिक विधानमंडल अपनाना

अगर आप लिबरटेरियन पार्टी के उम्मीदवारों का समर्थन करते हैं और उन्हें निर्वाचित करते हैं, तो वे ये सुधार करेंगे।

**Libertarian Party of California**
**Kevin Takenaga,** ***अध्यक्ष***
**770 L Street, Suite 950**
**Sacramento, CA 95814-3361**

**(916) 446-1776**
**ई-मेल: office@ca.lp.org**
**वेबसाइट: www.ca.lp.org**

## ★ अमेरिकंस इलेक्ट पार्टी ★

कोई भी वक्तव्य प्रदान नहीं किया गया

## ★ रिपब्लिकन पार्टी ★

California रिपब्लिकन पार्टी Sacramento में यथास्थिति खत्म करने और टैक्सों में कटौती करके, लाल फीताशाही को खत्म करके, और California में व्यवसायों को वापस लाकर हमारे राज्य को आर्थिक वृद्धि और नवीनता में राष्ट्र के लीडर के रूप में बहाल करना चाहती है।

हम एक ऐसे California के निर्माण में मदद करना चाहते हैं जहाँ पर लोग एक बार फिर से सुरक्षित हों क्योंकि एक जीवंत अर्थव्यवस्था हर उस व्यक्ति के लिए, जो काम करने के लिये तैयार हो, रोजगार और अवसर पैदा कर रही हो।

रिपब्लिकंस हमारी अभिमान से भरी हुई और बेकार सरकार में सुधार करने, सम्पत्ति के अधिकारों की रक्षा करने, हर परिवार को शैक्षणिक विकल्प प्रदान करने, और हमारी अर्थव्यवस्था का विकास करने तथा परिवारों की ज़रुरत के अनुसार रोजगार और अवसर पैदा करने के लिए करदाताओं पर बोझ को कम करने का समर्थन करते हैं।

रिपब्लिकन पार्टी रोजमर्रा के Californiaवासियों की हिमायती है—न कि विशेष हितों या बड़ी सरकार की। हम व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा करने, अवसर की समानता प्रदान करने, और यह सुनिश्चित करने के लिए लड़ रहे हैं कि सभी Californiaवासी काम कर सकें, बचत कर सकें, और अपने भविष्य में निवेश कर सकें।

हमारा लोकतंत्र केवल तभी काम करता है यदि अच्छे लोग कदम उठाने और शामिल होने का निश्चय करें। हमारे दरवाजे आपके लिए खुले हैं और हम आशा करते हैं कि California रिपब्लिकन पार्टी में शामिल होकर आप California की रक्षा करने, उसमें सुधार करने और उसका निर्माण करने के लिए आज ही व्यक्तिगत निर्णय लेंगे। आप आज ही *cagop.org* पर हमारी वेबसाइट देख कर और अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**California Republican Party**
**Jim Brulte,** ***अध्यक्ष***
**1121 L Street, Suite 207**
**Sacramento, CA 95814**

**(916) 448-9496**
**वेबसाइट: www.cagop.org**

## ★ डेमोक्रैटिक पार्टी ★

डेमोक्रैट्स का मानना है कि California की अर्थव्यवस्था की सफलता कामकाजी परिवारों की खुशहाली में निहित है, न कि Wall Street के बैंकों की।

California में, गवर्नर Jerry Brown के नेतृत्व में, डेमोक्रैटिक नीति समाधानों ने एक संतुलित बजट प्रदान किया है, शिक्षा के लिए कटौतियां बंद की हैं और परिवारों के लिए सस्ती स्वास्थ्य देखभाल की सुलभता को विस्तार दिया है।

डेमोक्रैट्स अक्षय ऊर्जा स्रोतों में निवेश बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं और कॉलेज को मध्यम वर्ग के लिए सस्ता रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

हमारा मानना है कि स्कूल और स्थानीय सार्वजनिक सुरक्षा ऐसी महत्वपूर्ण प्राथमिकतायें हैं जिनकी रक्षा की जानी चाहिये।

डेमोक्रैट्स जानते हैं कि हमारा राज्य तब सबसे अच्छा काम करता है जब सभी Californiaवासियों को कामयाब होने के लिए एक से अवसर दिये जायें, चाहे उनकी नस्ल, धर्म, जातीयता और यौन रुझान कुछ भी हो।

आपकी मदद से, डेमोक्रैट्स हमारे राज्य और हमारे राष्ट्र दोनों की चुनौतियों को पूरा करने के लिए निर्भीक व नवीन समाधान विकसित करना जारी रखेंगे।

और अधिक जानने के लिए कृपया *www.cadem.org* पर हमारी वेबसाइट देखें।

**California Democratic Party**
**John L. Burton,** ***अध्यक्ष***
**1401 21st Street, #200**
**Sacramento, CA 95811**

**ई-मेल: info@cadem.org**
**वेबसाइट: www.cadem.org**
**फेसबुक: facebook.com/cadems**
**ट्विटर: @CA_Dem**

*वक्तव्यों का क्रम लॉट के द्वारा यानि पर्ची डाल कर निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ पर दिये गये वक्तव्य राजनीतिक पार्टियों के द्वारा उपलब्ध कराये गये थे और किसी आधिकारिक एजेंसी के द्वारा उनकी सटीकता के लिए जाँच नहीं की गयी है।*

# राज्यव्यापी निर्वाचक कार्यालय के उम्मीदवारों हेतु स्वैच्छिक अभियान खर्च सीमाएँ

California कानून में राज्यव्यापी कार्यालय (संघीय कार्यालय नहीं) हेतु खड़े होने वाले उम्मीदवारों की स्वैच्छिक खर्च सीमा शामिल होती है। राज्यपाल, लेफ्टिनेंट गवर्नर, राजकीय सचिव, नियंत्रक, खजांची, अटॉर्नी जनरल, बीमा आयुक्त, लोक निर्देश अधीक्षक, और बोर्ड ऑफ़ ईक्वलाइज़ेशन के ऐसे उम्मीदवार जो उनके अभियान खर्चों को निर्दिष्ट डॉलर राशि के अंतर्गत रखने का विकल्प चुनते हैं, वे 250 शब्दों तक के एक उम्मीदवार वक्तव्य हेतु राज्यव्यापी मतदाता सूचना मार्गदर्शिका में स्थान खरीद सकते हैं।

नीचे की सूची में, तारांकन (*) ऐसे उम्मीदवार को दर्शाता है जिसने California की स्वैच्छिक अभियान खर्च सीमाओं को स्वीकार कर लिया है और, इसलिए उनके पास इस मतदाता मार्गदर्शिका में किसी उम्मीदवार वक्तव्य हेतु स्थान खरीदने का *विकल्प* होता है। कुछ योग्य उम्मीदवार किसी उम्मीदवार वक्तव्य हेतु स्थान नहीं खरीदने का विकल्प चुनते हैं। उम्मीदवार वक्तव्य पृष्ठ 24–39 पर हैं।

3 जून, 2014 के राज्यव्यापी प्रत्यक्ष प्राथमिक चुनाव में राज्यपाल पद के लिए खड़े होने वाले उम्मीदवारों की खर्च सीमा $8,166,000 है।

3 जून, 2014 के राज्यव्यापी प्रत्यक्ष प्राथमिक चुनाव में लेफ्टिनेंट गवर्नर, राजकीय सचिव, नियंत्रक, खजांची, अटॉर्नी जनरल, बीमा आयुक्त, और लोक निर्देश अधीक्षक के पद हेतु खड़े होने वाले उम्मीदवारों की खर्च सीमा $5,444,000 है।

3 जून, 2014 के राज्यव्यापी प्रत्यक्ष प्राथमिक चुनाव में बोर्ड ऑफ़ ईक्वलाइज़ेशन के पद हेतु खड़े होने वाले उम्मीदवारों की खर्च सीमा $1,361,000 है।

इन मुकाबलों में वित्तीय योगदानों के विवरण के लिए *http://cal-access.sos.ca.gov* पर जाएँ।

**राज्यव्यापी निर्वाचक कार्यालय हेतु उम्मीदवारों की निम्न सूची 10 मार्च, 2014 तक नवीनतम है—जो कि आधिकारिक मतदाता सूचना मार्गदर्शिका हेतु आवश्यक सार्वजनिक प्रदर्शन अवधि की अंतिम तिथि है। उम्मीदवारों की अंतिम सूची के लिए, *www.sos.ca.gov/elections/elections_cand.htm* पर जाएँ।**

### राज्यपाल

| | | |
|---|---|---|
| * | Akinyemi Agbede | डेमोक्रैटिक |
| * | Richard William Aguirre | रिपब्लिकन |
| * | "Bo" Bogdan Ambrozewicz | कोई पार्टी पसंदगी नहीं |
| * | Andrew Blount | रिपब्लिकन |
| | Edmund G. "Jerry" Brown | डेमोक्रैटिक |
| * | Janel Hyeshia Buycks | कोई पार्टी पसंदगी नहीं |
| * | Glenn Champ | रिपब्लिकन |
| | Rakesh Kumar Christian | कोई पार्टी पसंदगी नहीं |
| * | Tim Donnelly | रिपब्लिकन |
| | Neel Kashkari | रिपब्लिकन |
| * | Joe Leicht | कोई पार्टी पसंदगी नहीं |
| * | Robert Newman | कोई पार्टी पसंदगी नहीं |
| * | Luis J. Rodriguez | ग्रीन |
| * | Cindy L. Sheehan | पीस एंड फ्रीडम |
| | Alma Marie Winston | रिपब्लिकन |

### लेफ्टिनेंट गवर्नर

| | | |
|---|---|---|
| | David Fennell | रिपब्लिकन |
| * | Jena F. Goodman | ग्रीन |
| | Amos Johnson | पीस एंड फ्रीडम |
| * | Eric Korevaar | डेमोक्रैटिक |
| * | Ron Nehring | रिपब्लिकन |
| | Gavin Newsom | डेमोक्रैटिक |
| * | Alan Reynolds | अमेरिकन्स इलेक्ट |
| | George Yang | रिपब्लिकन |

# राज्यव्यापी निर्वाचक कार्यालय के उम्मीदवारों हेतु स्वैच्छिक अभियान खर्च सीमाएँ

## राजकीय सचिव

| | | |
|---|---|---|
| * | Roy Allmond | रिपब्लिकन |
| * | Derek Cressman | डेमोक्रैटिक |
| * | David Curtis | ग्रीन |
| * | Jeffrey H. Drobman | डेमोक्रैटिक |
| * | Alex Padilla | डेमोक्रैटिक |
| * | Pete Peterson | रिपब्लिकन |
| * | Dan Schnur | कोई पार्टी पसंदगी नहीं |
| * | Leland Yee | डेमोक्रैटिक |

## नियन्त्रक

| | | |
|---|---|---|
| * | Tammy D. Blair | डेमोक्रैटिक |
| * | David Evans | रिपब्लिकन |
| | John A. Pérez | डेमोक्रैटिक |
| | Ashley Swearengin | रिपब्लिकन |
| * | Laura Wells | ग्रीन |
| * | Betty T. Yee | डेमोक्रैटिक |

## खजांची

| | | |
|---|---|---|
| * | Ellen H. Brown | ग्रीन |
| * | John Chiang | डेमोक्रैटिक |
| | Greg Conlon | रिपब्लिकन |

## अटॉर्नी जनरल

| | | |
|---|---|---|
| * | Ronald Gold | रिपब्लिकन |
| * | John Haggerty | रिपब्लिकन |
| | Kamala D. Harris | डेमोक्रैटिक |
| * | Jonathan Jaech | लिबरटेरियन |
| | David King | रिपब्लिकन |
| * | Orly Taitz | कोई पार्टी पसंदगी नहीं |
| | Phil Wyman | रिपब्लिकन |

## बीमा आयुक्त

| | | |
|---|---|---|
| * | Ted Gaines | रिपब्लिकन |
| * | Nathalie Hrizi | पीस एंड फ्रीडम |
| * | Dave Jones | डेमोक्रैटिक |

## बोर्ड ऑफ़ ईक्वलाइज़ेशन डिस्ट्रिक्ट 1

| | | |
|---|---|---|
| * | Chris Parker | डेमोक्रैटिक |
| * | George Runner | रिपब्लिकन |

## बोर्ड ऑफ़ ईक्वलाइज़ेशन डिस्ट्रिक्ट 2

| | | |
|---|---|---|
| * | Fiona Ma | डेमोक्रैटिक |
| * | James E. Theis | रिपब्लिकन |

## बोर्ड ऑफ़ ईक्वलाइज़ेशन डिस्ट्रिक्ट 3

| | | |
|---|---|---|
| * | Jerome E. Horton | डेमोक्रैटिक |

## बोर्ड ऑफ़ ईक्वलाइज़ेशन डिस्ट्रिक्ट 4

| | | |
|---|---|---|
| * | Lewis Da Silva | रिपब्लिकन |
| * | Diane L. Harkey | रिपब्लिकन |
| * | Shirley Horton | रिपब्लिकन |
| * | John F. Kelly | रिपब्लिकन |
| * | Nader Shahatit | डेमोक्रैटिक |
| | Van Tran | रिपब्लिकन |

## लोक निर्देश अधीक्षक

| | | |
|---|---|---|
| * | Lydia A. Gutiérrez | निर्दलीय |
| * | Tom Torlakson | निर्दलीय |
| * | Marshall Tuck | निर्दलीय |

# कार्यालय अनुसार उम्मीदवारों के वक्तव्य

## ★ राज्यपाल ★

- राज्य के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में, यह अधिकांश राजकीय विभागों और एजेंसियों का निरीक्षण करते हैं और न्यायाधीशों को नियुक्त करते हैं।
- नए कानून प्रस्तावित करते हैं और विधानों को स्वीकृत या प्रतिबंधित करते हैं।
- वार्षिक राजकीय बजट तैयार और प्रस्तुत करते हैं।
- आपातकाल के दौरान राजकीय संसाधनों को संघटित और निर्देशित करते हैं।

ROBERT NEWMAN
*कोई पार्टी पसंदगी नहीं*
P.O. Box 8446
Redlands, CA 92375
(909) 798-1101
newmannotes@roadrunner.com
newman4governor.org

मैं राज्यपाल का चुनाव लड़ रहा हूँ। मैं भ्रष्ट, अयोग्य सरकार की चोरी और दुर्व्यवहार; और इनका समर्थन करने वाले राजनीतिक दलों से खिन्न हूँ। California में ग़रीबी में रहने वाले लोगों का प्रतिशत सबसे अधिक है। हमारी बेरोज़गारी और हिंसक अपराधों की दर राष्ट्रीय औसत से भी अधिक हैं; हमारी कर दरें राष्ट्र की सबसे उच्च दरों में शामिल हैं; हमारे स्कूल भी सबसे बुरी हालत में हैं। इसके अलावा, एक अशक्त नियामक वातावरण के कारण व्यवसाय प्रभावित हो रहा है, जिससे भविष्य पर अंधेरे के बादल छाना निश्चित है। हम बेहतर सुविधाओं के योग्य हैं। मेरा मंच—द California रिवॉल्यूशन—राज्य की प्रभुता की रक्षा करने, घरेलू आमदनी में वृद्धि करने, पेंशन में बचत करने, स्कूलों को स्थानीय नियंत्रण में वापस लाने, किसानों को अधिक पानी देने, करों में कटौती करने, विनियमों को कम करने, संवैधानिक अधिकारों को बहाल करने—बंदूक़ के अधिकारों सहित—और सरकार को छोटा, प्रभावी, और कम खर्चीला बनाने का दावा करता है। मैं ईश्वर, जीवन और परिवार के समर्थन में हूँ।

TIM DONNELLY
*रिपब्लिकन*
5850 Oberlin Dr., Suite 240
San Diego, CA 92121
(760) 933-8460
tim@electtimdonnelly.com
www.electtimdonnelly.com

मैं एक राजनेता नहीं बल्कि एक देशभक्त हूँ। 19 वर्ष की आयु में जब मैं जेब में $300 के साथ में California आया था, तब California में भरपूर अवसर थे। आपकी कल्पना शक्ति और आपकी मेहनत करने की क्षमता ही आपके सपनों की सीमाएँ तय करती थी। एक दशक के भीतर ही मैंने एक विलक्षण Californiaवासी लड़की से विवाह कर लिया, जो कि दो युवा बच्चों वाली एक विधवा थी; एक-साथ मिलकर हमने 5 लड़कों का पालन-पोषण किया और एक सफल निर्माण व्यवसाय की शुरुआत की। मैंने एक कारागार शिविर में 8 वर्षों तक एक बाइबल अध्ययन और जीवन कौशल पाठ्यक्रम आयोजित करके समुदाय की सेवा की। मैं California-सपनों को जीने का आनंद ले रहा था लेकिन फिर दमनकारी विनियमों ने मेरे ग्राहकों को राज्य से बाहर कर दिया और मैं व्यवसाय से बाहर हो गया। एक सबसे अधिक बढ़ती जा रही सरकार ही हमारे भविष्य के लिए सबसे बड़ा खतरा बन गई। मुझे अपना प्यारा राज्य वापस चाहिए; मुझे अपनी स्वतंत्रता वापस चाहिए। मुझे एक ऐसी सरकार चाहिए जो मुझे नियंत्रित करने की बजाय स्वयं को नियंत्रित करे। सभी Californiaवासियों के अवसरों को फिर से बहाल करने का तरीका यहाँ उपलब्ध है। राज्यपाल के रूप में, मैं: आपके व्यवसाय, आपकी स्वतंत्रता, और आपके संवैधानिक नागरिक अधिकारों पर सभी नए प्रतिबंधों को *निषेध* कर दूँगा। कभी भी आय से अधिक व्यय करने वाला कोई बजट पेश नहीं करूँगा। रोजगार को विलुप्त प्रजातियों की तरह ही समझूँगा—यानि कि हर संभव प्रकार से उनकी रक्षा करूँगा। कड़ी मेहनत से कार्य करने वाले सभी Californiaवासियों के लिए कर दरों को कम करने हेतु संघर्ष करूँगा। अपराधियों को समय से पहले रिहा किए जाने पर रोक लगाऊँगा और हिंसक लुटेरों-अपराधियों से लोगों की रक्षा करूँगा। हमारे बच्चों को प्राथमिकता देकर शिक्षा में सुधार करूँगा। जब सरकार बढ़ती है, तो अधिकारों में कटौती होती है। सरकार के बढ़ने के साथ ही, अवसरों में कमी आती है। California के लिए आवाज़ उठाएँ! आइए मिलकर हमारे प्यारे राज्य का गौरव वापस बढ़ाते हैं।

LUIS J. RODRIGUEZ
*ग्रीन*
P.O. Box 328
San Fernando, CA 91341
(818) 898-0013
info@rodriguezforgovernor.org
http://rodriguezforgovernor.org/

एक नए California की कल्पना करें। राज्यपाल के रूप में मैं कॉर्पोरेट के वर्चस्व को नियंत्रित करूँगा और ग़रीबी समाप्त करने के संसाधनों को व्यवस्थित करूँगा; महँगी और अनुपयोगी कारागार व्यवस्था को प्रमाण-आधारित सुधारों, चिकित्सा, रोज़गार प्रशिक्षण और नवीन न्याय व्यवहारों के साथ बेहतर बनाऊँगा; सभी को स्वच्छ और हरित वातावरण; निशुल्क बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा प्रदान करूँगा; और आस-पास के प्रत्येक क्षेत्र में कला और संस्कृति की पहुँच को बढ़ाऊँगा। यह सब संभव है: सभी के लिए स्वस्थ्य और प्रगतिशील समुदाय। *www.rodriguezforgovernor.org*

*वक्तव्यों का क्रम लॉट द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ के वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा भिजवाए गए थे और उनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य, उम्मीदवार द्वारा स्वैच्छिक रूप से प्रस्तुत किया गया था और इसे उम्मीदवार के खर्च पर ही मुद्रित किया जाता है। ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किए थे, वे मतपत्र पर प्रकट होने के लिए अन्यथा रूप में पात्र हो सकते हैं।*

"BO" BOGDAN AMBROZEWICZ
*कोई पार्टी पसंदगी नहीं*

(530) 575-7454
bogdan1017@yahoo.com
www.boambroz.com

*स्वतंत्र: निर्दलीय, यूनाइटिंग कैलिफ़ोर्नियंस।* "Bo," डिज़ाइनर, बिल्डर, 35 वर्ष के अनुभवी। 10 वर्ष की आयु में California में प्रवासित। महिलाओं और अल्पसंख्यकों के अधिकार। नए व्यवसायों पर पहले वर्ष हेतु कोई शुल्क नहीं। मौजूदा व्यवसायों हेतु शुल्क में 25% छूट। व्यवसाय निवेश अवमूल्यन को 50% तक बढ़ाएँगे। संपत्ति कर में 50% की कटौती। भवन अनुमतियों में 50% की छूट। अग्नि कर को निरस्त करेंगे। कॉलेज शिक्षा शुल्क में 25% कमी। वरिष्ट लोगों हेतु छूट योजना। प्रवास सुधार कार्य। पानी की समस्या को हल करने हेतु रेल और पानी की सुरंगों को निरस्त करेंगे। *और अधिक प्रस्ताव: www.boambroz.com।*

RICHARD WILLIAM AGUIRRE
*रिपब्लिकन*

(619) 961-8676
richard@aguirreforgovernor.com
aguirreforgovernor.com

*aguirreforgovernor.com*

ANDREW BLOUNT
*रिपब्लिकन*

25473 Nellie Gail Road
Laguna Hills, CA 92653

(949) 342-6398
andrew@andrewblount.com
www.andrewblount.com

मुझे California से प्रेम है! बीस वर्ष पहले मैं केवल $17 और एक बेहतर जीवन की उम्मीद लेकर California आया था। California में मुझे एक सॉफ़्टवेयर व्यवसाय का निर्माण करने, अपने परिवार का पालन-पोषण करने की स्वतंत्रता मिली, और मैंने सिटी ऑफ Laguna Hills के मेयर के रूप में अपनी सेवाएँ दी। प्रत्येक वर्ष, मेरी पत्नी Michelle और मैं Blount फ़ैमिली क्रिसमस लाइट्स शो आयोजित करते हैं और हमारे घर से ही हज़ारों लोगों से मिलते हैं, जहाँ हम सब मिलकर परिवारों, सपनों, जीवन, और संघर्षों की कहानियाँ साझा करते हैं। कृषि से प्रोद्योगिकी तक, America की प्रत्येक चीज़ की शुरुआत यहीं से होती है। California अन्य राज्यों से भिन्न है। हम बड़े सपने देखते हैं, उन्हें मिलकर बड़ा विकास करते हैं, और मिलकर ही उन्हें बड़ा बनाते हैं। मुझे आपसे भी इन्हीं बातों की अपेक्षा है, और किसी चीज़ की नहीं। इसी भावना के साथ, मैंने एक अलग राह चुनी है . . . California की राह। इस संपूर्ण चुनाव में, मैंने आपकी मेहनत की कमाई की माँग नहीं की है, बल्कि मुझे राज्यपाल के रूप में चुनने के लिए केवल आपके मतदान की आवश्यकता है। California बिकाऊ नहीं है और न ही यह चुनाव। यदि आपका मानना है कि आपके व्ययों की तुलना में आपकी आय तेज़ी से बढ़ना चाहिए, तो मुझे वोट दें। यदि आपका मानना है कि स्कूलों में रोज़गारोन्मुखी कौशल सिखाए जाने चाहिए, तो मुझे वोट दें। यदि आपको लगता है कि कॉलेज बहुत महँगे हैं, तो मेरे लिए मतदान करें। यदि आप मानते हैं कि सभी मेहनती महिलाओं और पुरुषों को उनके परिवारों हेतु समान अवसर प्रदान करने और उनकी सेवानिवृत्ति के बाद पर्याप्त बचत करने के अवसर दिए जाने चाहिए, तो मेरे पक्ष में मतदान करें। रोमांच हेतु तैयार रहें! सभी California वासियों में हममें से प्रत्येक में छुपी प्राकृतिक महानता को समझने की क्षमता है। आइए हम अपने वर्तमान को समृद्ध बनाते हैं। *www.andrewblount.com।*

JOE LEICHT
*कोई पार्टी पसंदगी नहीं*

316 Encino Lane, Unit A
San Clemente, CA 92672

jedleicht@aol.com
www.joeforgov.org

एक स्वतंत्र व्यक्ति के रूप में, California को सही दिशा में वापस लाने के लिए मैं दोनों दलों के नेताओं के साथ कार्य करने हेतु अलग से तैयार हूँ। मेरे पक्ष में मतदान करके, आप दोनों पक्षों को एक कड़ा संदेश देंगे कि आप परिणामों की अपेक्षा ही नहीं, बल्कि उनकी माँग करते हैं। एक-साथ मिलकर हम अपनी अपेक्षाओं के अनुसार California का निर्माण कर सकते हैं। अधिक जानने के लिए, *www.joeforgov.org* पर जाएँ।

CINDY L. SHEEHAN
*पीस एंड फ्रीडम*

2124 Kittredge St. #104
Berkeley, CA 94704

(916) 905-5167
cindy@cindy2014.org
http://www.cindy2014.org

मैं California के सभी लोगों के प्रति समर्पित हूँ। आइए हम मिलकर एक शांत, समृद्ध, और पर्यावरणीय रूप से स्वच्छ और ऐसे स्थायी राज्य का निर्माण करने हेतु कार्य करें जहाँ सभी लोगों के लिए बेहतरीन शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएँ, आमदनी हो और अत्याचारी पुलिस और अपराधियों पर समुदाय का नियंत्रण हो। ग़रीबी को हटाने के लिए मैं अत्यधिक धनाढ्य लोगों पर अधिक कर लगाने का वचन देती हूँ। पीस एंड फ्रीडम पार्टी में शामिल हों।

GLENN CHAMP
*रिपब्लिकन*

P.O. Box 310
Tollhouse, CA 93667

(559) 855-2817
bjhancock@netptc.net
www.champforgovernor.com

मैं एकलौता ऐसा उम्मीदवार हूँ जो निर्वाचित अधिकारियों को संविधान के प्रति जवाबदेह बनाकर समस्याओं को दूर करूँगा, जिससे हमारी अर्थव्यवस्था में भी सुधार होगा। *www.champforgovernor.com*

*वक्तव्यों का क्रम लॉट द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ के वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा भिजवाए गए थे और उनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य, उम्मीदवार द्वारा स्वैच्छिक रूप से प्रस्तुत किया गया था और इसे उम्मीदवार के खर्च पर ही मुद्रित किया जाता है। ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किए थे, वे मतपत्र पर प्रकट होने के लिए अन्यथा रूप में पात्र हो सकते हैं।*

- राज्यपाल के दोषारोपण, मृत्यु, त्यागपत्र, पद से हटा दिए जाने, या राज्य में अनुपस्थित होने की स्थिति में राज्यपाल के कार्यालय और दायित्वों को ग्रहण करते हैं।
- स्टेट सीनेट के अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं और इनके पास एक टाई-ब्रेकिंग (बराबरी होने पर विजेता चुनने का विकल्प) वोट होता है।
- यह आर्थिक विकास आयोग के अध्यक्ष, राज्य भूमि आयोग के सदस्य होते हैं, और California विश्वविद्यालयों के निर्देशक मंडल में बैठते हैं।

---

RON NEHRING
*रिपब्लिकन*

ron@ronnehring.com
www.ronnehring.com

California विश्व के सबसे सृजनात्मक और मेहनतकश लोगों का घर है, फिर भी हम पर उच्च करों और बेरोज़गारी का बोझ है, साथ ही राष्ट्र में रोज़गार के लिए व्यावसायिक परिस्थितियाँ बहुत खराब हैं। आइए हम रिपब्लिकन विचारधारा को अपनाये और स्पष्ट प्राथमिकताएँ निर्धारित करें: करों को न्यूनतम, सरल और उचित बनाने हेतु उनमें सुधार लाना; सरकारी खर्च को सीमित करना; उच्च मानक तय करना और शिक्षा का नियंत्रण वापस हमारे स्थानीय स्कूलों को देना; प्रस्ताव 13 की संरक्षा करके और संपत्ति करों को कम रखते हुए घर मालिकों और वरिष्ट लोगों की रक्षा करना; खतरनाक अपराधियों की समय से पहले रिहाई को रोककर हमारे इलाकों को सुरक्षित रखना; अपव्ययी "हाई स्पीड रेल" जैसी खर्चीली योजना को हटाना और परिवहन समय को कम करने हेतु अधोसंरचना सुधारने वाली सड़कें बनाना, और ज़रूरतमंद लोगों और खेतों तक पानी पहुँचाना। साथ मिलकर कार्य करके, *हम यह कर सकते हैं।*

---

ALAN REYNOLDS
*अमेरिकन्स इलेक्ट*

www.facebook.com/reynolds4california
Twitter: @alansreynolds

reynolds4california@gmail.com
www.alansreynolds.com

"हम यानि जनता।" हम: दलगत, कॉर्पोरेशन, या विशेष हितों वाले नहीं हैं। वित्तीय उत्तरदायित्व, सामाजिक निष्पक्षता, सरकारी उत्तरदायित्व का समर्थक हूँ। परिवार/समुदाय केंद्रित होने, और किसी समय बेरोज़गार रहने के कारण, मैं आपका दर्द समझ सकता हूँ। यथार्थवाद, सत्यनिष्ठा, स्पष्टवादिता, "ग़ैरराजनीतिकता" का समर्थन करता हूँ। रिपब्लिकन/डेमोक्रैटिक नहीं हूँ, अधिकांश की तरह, कुछ-कुछ इन दोनों के जैसे, दोनों के केंद्र में। 1.3 मिलियन Californiaवासियों ने राजनीतिक नवाचार हेतु याचिकाएँ (दल नहीं उम्मीदवार) हस्ताक्षरित की हैं। California की विशेषज्ञता? नवाचार। लेफ्टिनेंट गवर्नर पार्टी की कॉकस को नहीं बदलता है। शीर्ष 2 प्राथमिकता। *क्या यह नवाचार के योग्य हैं?* समर्थक: *www.modernwhig.org*, *www.reformparty.org*, *www.alansreynolds.com*

---

ERIC KOREVAAR
*डेमोक्रैटिक*

1720 Torrey Pines Rd.
La Jolla, CA 92037

(858) 692-0459
electamoderate@voteforeric.com
www.voteforeric.com

करियर राजनीतिक होने के बजाय पीएच.डी. वैज्ञानिक के रूप में, मैं Sacramento में आवश्यक विश्लेषक क्षमताएँ और नवाचार सोच लेकर आऊँगा। एक ही समय पर युवा बच्चों का पिता होने और बेहतर धन प्रबंधन कौशल पर निर्भर रहने वाले एक सफल उद्यमी के रूप में, मेरा यह कड़ा मानना है कि सरकार पर ही अधिक रूप से खर्च करने के बजाय स्कूल के शिक्षकों और उच्च शिक्षा हेतु धन उपलब्ध कराने को प्राथमिकता मिलना चाहिए। इसलिए, अन्य राज्य अधिकारियों हेतु वित्तीय अवरोध का एक उदाहरण निर्दिष्ट करने के लिए, मैं लेफ्टिनेंट गवर्नर के स्टाफ़ और बजट में 50% की कटौती करूँगा और कोई पेंशन स्वीकार नहीं करूँगा। लेफ्टिनेंट गवर्नर के रूप में, मेरी सर्वाधिक ऊर्जा कार्यकुशल और लागत प्रभावी सरकार में आपके अधिकारों का संघर्ष करने हेतु समर्पित होगी। मैं निष्ठा के साथ आपके मतदान का अनुरोध करता हूँ और आपके सुझावों को आमंत्रित करता हूँ।

---

*वक्तव्यों का क्रम लॉट द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ के वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा भिजवाए गए थे और उनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य, उम्मीदवार द्वारा स्वैच्छिक रूप से प्रस्तुत किया गया था और इसे उम्मीदवार के खर्च पर ही मुद्रित किया जाता है। ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किए थे, वे मतपत्र पर प्रकट होने के लिए अन्यथा रूप में पात्र हो सकते हैं।*

## ★ राजकीय सचिव ★

- राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रूप में, यह राज्यव्यापी चुनाव की देखरेख करते हैं और अभियानों पर सार्वजनिक पहुँच प्रदान करते हैं तथा वित्तीय जानकारी के पक्ष में माहौल तैयार करते हैं।
- निश्चित प्रकार के व्यवसायों और ट्रेडमार्क्स को पंजीकृत और प्रमाणित करके, नोटरी पब्लिक को नियंत्रित करके, और सुरक्षित ऋणदाताओं को उनके वित्तीय हितों की रक्षा करने में सक्षम बनाकर California के व्यवसायों का समर्थन करते हैं।
- राज्य के ऐतिहासिक कोषों का अधिग्रहण, सुरक्षा और उन्हें साझा करके California के इतिहास को संरक्षित रखते हैं।
- घरेलू भागीदारियों और उन्नत स्वास्थ्य सेवा निर्देशों को पंजीकृत करते हैं, और घरेलू हिंसा पीड़ितों और गोपनीय पतों के पात्र अन्य निश्चित लोगों के पतों को सुरक्षित रखते हैं।

---

JEFFREY H. DROBMAN
*डेमोक्रैटिक*
2586 Northlake Circle
Westlake Village, CA 91361
(818) 590-1603
jhdphd@alumni.ucla.edu
http://drjeffsoftware.com/candidates/drobman

सुरक्षित ऑनलाइन इंटरनेट मतदान के द्वारा मतदान को अधिक से अधिक . . . पहुँच योग्य, सुविधाजनक, सुरक्षित बनाएँ। *कहीं से भी, किसी भी समय, किसी भी उपकरण से मतदान करें। https://www.facebook.com/drobman.candidate.calsos*

---

ROY ALLMOND
*रिपब्लिकन*
915 L Street #C234
Sacramento, CA 95814
(916) 761-2568
2014election@runroyrun.org
runroyrun.org

मैं आपके मतदान की आशा करता हूँ, और मैं पवित्र परमात्मा की सुरक्षा पर ठोस विश्वास के साथ. . . . आपको गौरवान्वित करूँगा, मैं अपने जीवन, मेरे भविष्य और मेरे पवित्र गौरव का वचन देता हूँ! भवदीय, Roy Allmond। *royallmond@reagan.com, royallmond@1791.com।* #Article5

---

ALEX PADILLA
*डेमोक्रैटिक*
969 Colorado Blvd., Suite 104
Los Angeles, CA 90041
(818) 253-9140
ideas@alex-padilla.com
www.alex-padilla.com

Alex Padilla जानते हैं कि शिक्षा में सुधार से लेकर रोगियों की रक्षा करने तक *80 से अधिक कानूनों को पारित करने* के लिए दोनों दलों के साथ मिलकर कार्य करके, कार्य को पूर्ण करने हेतु *दल के निर्देशों के अनुरूप कार्य करने* के तरीके जानते हैं। इन्हें *अक्षय ऊर्जा में महारथ* हासिल है, इसलिए 2020 तक, California की बिजली का एक-तिहाई भाग नवीकरणीय स्रोतों से आएगा। *दमकल कर्मी, पुलिस अधिकारी, और नर्सें Padilla का समर्थन करते हैं क्योंकि* वह अपराधियों को हथियार खरीदने से प्रतिबंधित करने वाला एक कानून पारित करके, समुदायों को सुरक्षित रखने के लिए समर्पित है। राजकीय सचिव के रूप में, Alex Padilla बहुत प्रभावी होंगे। *वे रोज़गार उत्पन्न करने में व्यवसायों की मदद करेंगे।* कारोबार को प्रारंभ करने हेतु राजकीय सचिव से स्वीकृति के लिए व्यवसायों ने महीनों की प्रतीक्षा की है। Padilla यह सुनिश्चित करेंगे कि नए व्यवसाय ऑनलाइन आवेदन कर सकें और 5 व्यावसायिक दिनों के भीतर कारोबार शुरू कर सकें। वे *मतदान को आधुनिक बनाएँगे* ताकि हम अपनी सुविधानुसार कभी-भी और कहीं से भी मतदान कर सकें। 18 वर्ष की आयु वाले लोगों को पंजीकरण और मतदान करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए Padilla पूरे California के स्कूलों का दौरा करके, *युवा लोगों को प्रेरित करेंगे।* Padilla *अभियान योगदान की साप्ताहिक रिपोर्टिंग* का समर्थन करते हैं, ताकि मतदाताओं को अभियानों में धन प्रदान करने वाले लोगों के बारे में पता चल सके। करदाताओं के धन को विवेक के साथ, प्रभावी रूप से और परिणाम प्राप्त करने हेतु खर्च किया जा रहा है यह सुनिश्चित करने के लिए Padilla *राजकीय सचिव के कार्यालय की लेखा-परीक्षा* करवाएँगे। वे *मतदान अधिकार कानून को बहाल करने* हेतु कार्य करेंगे ताकि प्रत्येक नागरिक बिना किसी भय के मतदान कर सके। प्रवासियों के बेटे, Alex Padilla ने Massachusetts इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में छात्रवृत्ति प्राप्त की, और एक इंजीनियरिंग डिग्री के साथ स्नातक हुए। और Alex Padilla को पता है कि सरकार के पास सभी उत्तर नहीं हैं। इसलिए ही वे मतदाताओं, स्थानीय अधिकारियों, और समुदाय के नेताओं से मिलने के लिए *सभी 58 California काउंटियों का दौरा कर रहे हैं।* Alex आपके भी विचार जानना चाहते हैं: *ideas@alex-padilla.com।*

---

*वक्तव्यों का क्रम लॉट द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ के वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा भिजवाए गए थे और उनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य, उम्मीदवार द्वारा स्वैच्छिक रूप से प्रस्तुत किया गया था और इसे उम्मीदवार के खर्च पर ही मुद्रित किया जाता है। ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किए थे, वे मतपत्र पर प्रकट होने के लिए अन्यथा रूप में पात्र हो सकते हैं।*

PETE PETERSON
*रिपब्लिकन*
19528 Ventura Blvd., Suite 507
Los Angeles, CA 91356
(323) 450-7536
campaign@petesos.com
www.petesos.com

Californiaवासियों को हमारा पहला "मुख्य नियुक्ति अधिकारी" प्रदान करके मैं राजकीय सचिव का चुनाव लड़ रहा हूँ, और California की सरकार को और अधिक प्रतिक्रियाशील, अधिक निष्पक्ष, और मतदाताओं और छोटे व्यवसायों के प्रति अधिक उत्तरदायी बनाने के संघर्ष का नेतृत्व कर रहा हूँ। *अनुभवी नेता*: Pepperdine विश्वविद्यालय में Davenport इंस्टिट्यूट फ़ॉर पब्लिक पॉलिसी के कार्यकारी निदेशक के रूप में, मैंने California की नागरिक सहभागिता को सुधारने हेतु बेहतर प्रक्रियाओं और तकनीक का उपयोग करने पर स्थानीय सरकार के साथ प्रशिक्षण और परामर्श के लिए इस संपूर्ण राज्य में यात्रा की है। *राजनेताओं को उत्तरदायी बनाएँगे*: Sacramento ऐसे राजनेताओं के लिए एक विकास स्थल बन गया है जो राजनीतिक पायदान पर ऊपर बढ़ने हेतु समस्याओं को हल करने के बजाय अपनी शक्तियों का उपयोग करते हैं। हालाँकि मैं कोई राजनेता नहीं हूँ, फिर भी मेरा अनूठा रेज़्यूमे मुझे इस विशिष्ट पद हेतु एक तैयार उम्मीदवार बनाता है। हमारे मतदान बक्सों की अखंडता की रक्षा करते हुए, सूचित भागीदारी को बढ़ाने के लिए मैं Sacramento में प्रत्यक्ष विपणन में नागरिक नियुक्ति और निजी क्षेत्र करियर में अपनी पृष्ठभूमि के अनुसार कार्य करूँगा। *रोज़गार और व्यवसाय पुनर्प्राप्त करवाएँगे*: मंदी की शुरूआत से लेकर अब तक किसी भी अन्य राज्य के मुकाबले California में रोज़गार की अधिक क्षति हुई है। कोई छोटा व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु यह सबसे चुनौतीपूर्ण राज्य में से एक है। ऑनलाइन व्यवसाय फ़ाइलिंग सक्षम करने, व्यवसाय पंजीकरण हेतु अधिक से अधिक 48-घंटे का समय क्रियान्वित करने के लिए तकनीक के साथ अपने अनुभव का उपयोग करूँगा, और सख़्त बिज़नेस फ्रेंचाइज़ टैक्स ("LLC शुल्क") को कम करने हेतु संघर्ष करूँगा। मैं ऐसे व्यवसायों का भी सर्वेक्षण करूँगा जो वार्षिक रूप से राज्य से बाहर जाते हैं और उस सूचना को सार्वजनिक करूँगा। अपने नागरिकों के प्रति उत्तरदायी होने की स्थिति में सरकार कार्य करती है। मैं विनम्रतापूर्वक आपके वोट की आशा करता हूँ ताकि मैं यह परिवर्तन ला सकूँ।

DAN SCHNUR
*कोई पार्टी पसंदगी नहीं*
P.O. Box 984
Willows, CA 95988
(424) 209-2936
info@4schnur.com
http://www.4schnur.com

चार वर्ष पहले जब मैं California के निष्पक्ष राजनीतिक व्यवहार आयोग के अध्यक्ष के रूप में Sacramento आया था, तो यहाँ की स्थिति को देखकर मैं भयभीत था। अभियान का धन-संचय नियंत्रण के बाहर था। अभियान में चंदे हेतु विधायक विशेष हितों वाले दानदाताओं को निचोड़ लेते थे, और फिर राजधानी में पहुँचकर उन्हीं समान हितों को लाभ पहुँचाने वाले कानून पर वोट करते थे। Sacramento में एक ऐसी भ्रष्ट राजनीतिक संस्कृति बन गई है जिसमें एक स्टेट सीनेटर रिश्वत हेतु FBI जाँच झेल रहा है और अन्य लोग मतदाता धोखाधड़ी और झूठी शपथ खाने के आठ अपराधों में दोषी हैं। डेमोक्रैट और रिपब्लिकन दोनों ही इस गड़बड़ को साफ़ करने से इनकार करते हैं। आपके निर्दलीय राजकीय सचिव के रूप में, मैं दोनों दलों के विरुद्ध खड़ा होऊँगा और आपके और आपके परिवारों को प्रभावित करने वाले कानूनों पर वोट करते हुए विधान सत्र के दौरान राजनेताओं द्वारा सभी धन-संचय पर रोक लगाने हेतु संघर्ष करूँगा। मैं विधि निर्माताओं को उनके अगले अभियानों हेतु धन जुटाने के पहले—आपके हितों का प्रतिनिधित्व करने वाले—ऐसे कार्य करने हेतु बाध्य करूँगा जिसके लिए वे चुने गए थे। अंपायर किसी प्रायोजक के रंग के रंगा नहीं होना चाहिए, और हमारे मुख्य निर्वाचन अधिकारी भी किसी भी राजनीतिक दल से संबंधित नहीं होने चाहिए। इसलिए ही राजकीय सचिव के पद हेतु मैं एक स्वतंत्र निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में खड़ा हूँ—क्योंकि राजनीति इतनी महत्वपूर्ण है कि इसे केवल राजनेताओं तक ही सीमित करना आवश्यक नहीं है। नए भ्रष्टाचार-रोधी सख़्त कानून पारित करने, अभियान धन-संचय प्रकटीकरण और पारदर्शिता के लिए कड़े नियमों को आवश्यक करने, हमारे स्कूलों में नागरिकता की शिक्षा में वृद्धि करने, और कड़ी मेहनत करने वाले Californiaवासियों के लिए छोटे व्यवसाय शुरू करने और रोज़गार उत्पन्न करने के कार्य आसान बनाने के संघर्ष में मेरा साथ दें। एक-साथ मिलकर हम राजनीति को फिर से प्रभावी बना सकते हैं।

DAVID CURTIS
*ग्रीन*
www.votedavidcurtis.org

सार्वजनिक अभियान के लिए धन-संचय करते समय राजनीति से धन को बाहर रखें। राजनीतिक वाद-विवादों में सभी उम्मीदवारों को शामिल होना चाहिए। शीर्ष-दो दलों की प्राइमरी को समाप्त करें। एकाधिक सीट वाले डिस्ट्रिक्ट में अनुपातिक प्रतिनिधित्व स्थापित करें। हमारे नागरिक अधिकारों को बहाल करें। निगरानी और डेटा माइनिंग को समाप्त करें। व्यवसायों के माध्यम से हमारे वातावरण और जीविका वेतन भुगतान में सुधार होना चाहिए। GMO को लेबल करें, भांग को वैध बनाएँ, आणविक संयंत्र बंद करें, फ्रैकिंग पर रोक लगाएँ, और जीवाश्म ईंधन का उपयोग बढ़ाएँ। David Curtis को वोट दें।

*वक्तव्यों का क्रम लॉट द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ के वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा भिजवाए गए थे और उनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य, उम्मीदवार द्वारा स्वैच्छिक रूप से प्रस्तुत किया गया था और इसे उम्मीदवार के खर्च पर ही मुद्रित किया जाता है। ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किए थे, वे मतपत्र पर प्रकट होने के लिए अन्यथा रूप में पात्र हो सकते हैं।*

DEREK CRESSMAN
*डेमोक्रैटिक*
1787 Tribute Rd., Suite K
Sacramento, CA 95815
(916) 538-4564
info@derekcressman.com
www.derekcressman.com

मैं राजकीय सचिव पद का चुनाव लड़ रहा हूँ ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आपका मतदान California के काम आ सके। लोगों की आवाज़ कॉर्पोरेशंस या अरबपतियों के द्वारा दबनी नहीं चाहिए। California के 2012 चुनावों में रहस्यमय तरीके से राज्य के बाहर के समूहों ने $11 मिलियन भेजे थे, मैंने इसे उजागर किया और Koch ब्रदर्स के बहु धनवान राजनीतिक नेटवर्क में दो प्रमुख समूहों के विरूद्ध दण्ड की कार्रवाई करवाई। हमें न केवल धन-संचय को पुनर्योजित करना होगा, बल्कि *कॉर्पोरेट धन को भी राजनीति से बाहर का रास्ता दिखाना होगा*। कॉमन कॉज़ जैसे निर्दलीय अच्छे सरकारी संगठनों में पेशेवर रूप से 19 वर्षों तक कार्य करके, मेरे पास किसी भी अन्य उम्मीदवार से अधिक प्रबंधन और निर्वाचन नीति का अनुभव है। मैं सर्वोच्च न्यायालय के उस आदेश को बदलवाने की कोशिश करूँगा जिसमें उनका कहना है कि धन एक मुक्त अभिव्यक्ति है और कॉर्पोरेशंस के भी अपने संवैधानिक अधिकार हैं। कॉर्पोरेशंस लोगों से नहीं बनते हैं। वे इस हवा में नहीं बसते हैं और उनके बच्चे स्कूल नहीं जाते हैं—और मैं हमारे चुनावों में उनके हस्तक्षेप को रोकूँगा। कॉमन कॉज़ में राष्ट्रीय सुधार नेता के रूप में, मैंने Los Angeles और San Francisco में 4 में से 3 मतदाताओं द्वारा पारित किए गए मतपत्र उपाय बनाए थे जिसमें कांग्रेस से *सिटिज़ंस युनाइटेड को पूर्णतया बदलने* और कॉर्पोरेट अभियान खर्चों को प्रतिबंधित करने की मांग की गई थी। मैंने विशेष हितों पर, सपुरPAC को उजागर करने, और हमारे चुनावों की अखंडता की रक्षा करने पर कड़ी नज़र रखी है जो कि California के मतदाताओं के लिए आवश्यक है। सचिव के रूप में, इस मतदाता सूचना मार्गदर्शिका को एक डिजिटल स्वरूप में नवीनीकृत करूँगा जिसमें प्रत्येक उम्मीदवार के ऑनलाइन वीडियो और अभियान में हुए योगदानों का त्वरित प्रकटीकरण होगा। मैं हमारे मतदाता पंजीकरण और व्यवसाय पंजीकरण प्रणालियों को आधुनिक बनाने के सचिव Bowen के कार्यों को पूर्ण करूँगा। राजकीय सचिव के पद हेतु कृपया Derek Cressman के पक्ष में मतदान करें।

LELAND YEE
*डेमोक्रैटिक*
P.O. Box 22607
San Francisco, CA 94122
info@lelandyee.com
itsyourcalifornia.org

आजकल राज्य ऐसे कानून पारित कर रहे हैं जिनसे मतदान करना कठिन होता जा रहा है। California भी कभी ऐसा ही स्थान था। किंतु Californiaवासियों ने हमारे राज्य को बहिष्कार करने वाले स्थान से शामिल करने वाले स्थान में बदल दिया। मैंने ऐसा कानून बनाया जिससे 911,145 और Californiaवासियों को ऑनलाइन मतदान करने हेतु पंजीकरण करके हमारे लोकतंत्र में शामिल होने का अवसर मिला। यह आपका California है। *Itsyourcalifornia.org* एक मिलियन और Californiaवासियों को पंजीकृत करने की हमारी मुहिम है। *Itsyourcalifornia.org* अनुप्रयोग आपके मित्रों, सहपाठियों और परिवारों को सशक्त करने हेतु आपके स्मार्टफ़ोन को एक मतदाता पंजीकरण साइट में बदल देती है। आप *itsyourcalifornia.org* पर जाकर अनुप्रयोग को डाउनलोड कर सकते हैं। व्यक्तिगत उत्तरदायित्व उठाकर और हमारा दायित्व पूरा करके, हम California को एक बेहतर स्थान बन रहे हैं। जब Sarah Palin को California स्टेट यूनिवर्सिटी में भाषण देने के लिए भुगतान किया जा रहा था, तब मैंने ही धन के स्रोत को उजागर किया और सरकारी एजेंसियों द्वारा आपके कर के पैसों को खर्च करने के तरीके को छुपाने से उन्हें रोकने के लिए एक कानून बनाया। यह आपका California है। मैंने कॉलेज के प्रवासी छात्रों के विरूद्ध शिक्षा शुल्क का भेदभाव समाप्त करने के लिए संघर्ष किया ताकि सपने देखने वाले इन लोगों को भी अमेरिकी सपने को जीने का अवसर मिल सके। यह आपका California है। साथ मिलकर हमने विवाह में समानता की लड़ाई भी जीती। यह आपका California है। मुझे अपने 100% नियोजित अभिभावकता (प्लांड पैरेंटहुड) रिकॉर्ड; मेरे पर्यावरण सहयोगी रिकॉर्ड; और मेरे व्यावहारिक ज्ञान कानून प्रवर्तन रिकॉर्ड पर गर्व है। और अंततया हमने अपमानजनक रूप से कम, न्यूनतम वेतन को बढ़ाने में भी सफलता हासिल की है। अभी हमें और भी बहुत कुछ करना है। संविधान के तहत, राजकीय सचिव का कार्य है कि वह Californiaवासियों को California पर शासन करने की शक्ति दे, निष्पक्ष चुनाव की गारंटी दे, विशेष हितों को उजागर करे, और भ्रष्टचार को रोके। मैं एक ऐसा डेमोक्रैट हूँ जो सभी का प्रतिनिधित्व करूँगा। मैं आपका राजकीय सचिव बनने की आशा करता हूँ।

*वक्तव्यों का क्रम लॉट द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ के वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा भिजवाए गए थे और उनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य, उम्मीदवार द्वारा स्वैच्छिक रूप से प्रस्तुत किया गया था और इसे उम्मीदवार के खर्च पर ही मुद्रित किया जाता है। ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किए थे, वे मतपत्र पर प्रकट होने के लिए अन्यथा रूप में पात्र हो सकते हैं।*

## ★ नियंत्रक ★

- राज्य के मुख्य राजकोषीय अधिकारी के रूप में, सभी सार्वजनिक निधियों हेतु राज्य के लेखापाल और मुनीम के रूप में कार्य करते हैं।
- राज्य वेतन प्रणाली और लावारिस संपत्ति कानूनों को प्रबंधित करते हैं।
- बोर्ड ऑफ़ ईक्वलाइज़ेशन और बोर्ड ऑफ़ कंट्रोल सहित कई बोर्ड्स (मंडलों) और आयोगों में कार्य करते हैं।
- राज्य के प्रचालनों का ऑडिट और समीक्षाएँ करते हैं।

---

LAURA WELLS
*ग्रीन*

P.O. Box 10181
Oakland, CA 94610

(510) 225-4005
info@laurawells.org
www.laurawells.org

स्टेट बैंक। धनाढ्य लोगों पर कर लगाएँ शेष 99% पर नहीं। बेहतरीन शिक्षा, अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य सेवा, पर्यावरण के लिए समाधान हैं, किंतु वे कॉर्पोरेट-वित्तीय सहायता प्राप्त राजनेताओं द्वारा क्रियान्वित नहीं किए जाएँगे। *यदि वे जीतते हैं, तो आप नहीं जीतेंगे।* मैं एक राजनीतिक सक्रियतावादी हूँ जिसे वित्तीय संसार में IT/सूचना प्रोद्योगिकी में 20 वर्ष का अनुभव है। बिना कॉर्पोरेट धन वाले उम्मीदवारों के लिए मतदान करें, जिनमें नियंत्रक पद हेतु Laura Wells और खजांची पद हेतु Ellen Brown शामिल हैं।

---

DAVID EVANS
*रिपब्लिकन*

P.O. Box 2227
California City, CA 93504

(760) 382-8031
devans@evansbusiness.com
www.evans4controller2014.com

नियंत्रक हेतु सबसे अधिक योग्य।

---

BETTY T. YEE
*डेमोक्रैटिक*

381 Bush Street, Suite 300
San Francisco, CA 94104

(415) 692-3556
info@bettyyee.com
www.bettyyee.com

हमें एक ऐसे नियंत्रक की आवश्यकता है जो विशेष हितों के टैक्स की कमियों को समाप्त करने और बड़े कॉर्पोरेशंस को उनका निष्पक्ष हिस्सा चुकाने हेतु बाध्य करने के लिए संघर्ष करेगा। हमें Betty Yee की आवश्यकता है। हमें ऐसे नियंत्रक की आवश्यकता है जो राज्य सरकार में कड़े विचारों वाला वित्तीय अनुशासन लेकर आएगा, और अनावश्यक खर्चों और अपव्ययों पर एक वित्तीय पहरेदार की तरह नज़र रखेगा। हमें Betty Yee की आवश्यकता है। बोर्ड ऑफ़ ईक्वलाइज़ेशन के सदस्य के रूप में, Betty Yee अनावश्यक खर्चों को बंद करके, अपने दायित्वों से भागने वाले कर चोरों की पहचान करके, और अनिधिबद्ध देयताओं के संबंध में बेदाग रहकर हमारे कर डॉलर्स की रक्षा करेंगी। Betty Yee ने भूमिगत अर्थव्यवस्था पर कड़ी कार्रवाई करने के प्रयासों का नेतृत्व किया है जहाँ अनैतिक व्यवसाय कानून-पालन करने वाले करदाताओं को नुकसान पहुँचाते हैं। वे बोर्ड में अधिक पारदर्शिता और उत्तरदायित्व लेकर आई हैं, जिससे बोर्ड करदाताओं और इसके संघटकों के प्रति अधिक प्रतिक्रियाशील बना है। इन्होंने ऑनलाइन खुदरा व्यापारियों को California में विक्रय पर कर चुकाने के लिए कार्य किया, ठीक वैसे ही जैसे कि Main Street के व्यापारी चुकाते हैं; समान-लिंग के जोड़ों के लिए बढ़िया टैक्स-इक्विटी प्रदान करने; और एक हरित अर्थव्यवस्था में बेहतर रोज़गारों का प्रचार करने हेतु कर नियमों को अपडेट करने हेतु भी कार्य किया है। Betty Yee असाधारण रूप से सुयोग्य हैं और राज्य बजट और वित्तीय नीति में एक प्रख्यात विशेषज्ञ हैं। इन्होंने लोक प्रशासन में मास्टर डिग्री प्राप्त की है और California वित्त विभाग में बजट के मुख्य सहायक निदेशक के रूप में कार्य किया है। नियंत्रक पद के लिए Betty Yee को California फ़ेडरेशन ऑफ़ टीचर्स, California नर्स एसोसिएशन, California नेशनल ऑर्गेनाइज़ेशन फ़ॉर विमेन (NOW), और यूनाइटेड फ़ार्म वर्कर्स ऑफ़ अमेरिका के सह-संस्थापक Dolores Huerta का समर्थन मिलने का गौरव प्राप्त है। Betty Yee एक ऐसी राजकीय नियंत्रक होंगी जो California के परिवारों की लड़ाई लड़ेंगी। अधिक जानकारी के लिए: *www.bettyyee.com.*

---

*वक्तव्यों का क्रम लॉट द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ के वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा भिजवाए गए थे और उनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य, उम्मीदवार द्वारा स्वैच्छिक रूप से प्रस्तुत किया गया था और इसे उम्मीदवार के खर्च पर ही मुद्रित किया जाता है। ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किए थे, वे मतपत्र पर प्रकट होने के लिए अन्यथा रूप में पात्र हो सकते हैं।*

# ★ खजांची ★

- राज्य के बैंकर के रूप में, राज्य के निवेशों को प्रबंधित करते हैं।
- राजकीय प्रतिभूतियों और नोट्स के विक्रय को प्रबंधित करते हैं, और राज्य की अधिकांश निधियों के निवेश अधिकारी होते हैं।
- कई आयोगों में कार्य करते हैं या उनके अध्यक्ष होते हैं, जिनमें से अधिकांश प्रतिभूतियों के विपणन से संबंधित होते हैं।
- नियंत्रक और अन्य राज्य एजेंसियों द्वारा खर्च किए जाने पर राज्य की निधियों का भुगतान करते हैं।

---

ELLEN H. BROWN
*ग्रीन*
26375B Oak Highland Dr.
Newhall, CA 91321
(661) 252-8773
ellenhbrown@gmail.com
ellenbrown4treasurer.org

मैं एक लेखक, अटॉर्नी, लोक बैंकिंग संस्थान का अध्यक्ष, और California को ऋण चुकाने में सक्षम और समृद्ध बनाने हेतु एक प्रमाणित योजना रखने वाला एक उम्मीदवार हूँ। सरकारी-स्वामित्व वाले बैंक्स के माध्यम से बहुतायत का प्रदर्शन वैश्विक रूप से सदियों से किया जा रहा है। North Dakota, जो यू.एस. में अपने स्वयं के बैंक वाला पहला राज्य है, का राजकीय ऋण सबसे कम है और यहाँ राष्ट्र में सबसे कम फ़ोरक्लोज़र और बेरोज़गारी है। खजांची के रूप में, मैं 2011 में दोनों सदनों द्वारा पारित किए गए Californiaवासियों के सरकारी बैंकिंग कानून को पुनर्जीवित करने के लिए कार्य करूँगा। एक सरकारी-स्वामित्व वाला बैंक ब्याज में अभी भुगतान की जाने वाली बड़ी राशि को, रोज़गार उत्पन्न करने वाले अधोसंरचना प्रोजेक्ट्स और सार्वजनिक सेवाओं के लिए वापस उपयोग में लाकर, राजकीय वित्तीय लागतों को 30% से अधिक तक कम कर सकता है। अब समय आ गया है कि हम Wall Street के खेल पर निर्भर रहना छोड़ दें और अपना स्वयं का बैंक बनाएँ—जहाँ लोगों को लोभ होगा! *www.publicbanksolution.com* देखें।

---

JOHN CHIANG
*डेमोक्रैटिक*
electjohnchiang@gmail.com
electjohnchiang.com

राजकीय नियंत्रक John Chiang हमारे कर डॉलर्स की रक्षा करने वाले California के स्वतंत्र पहरेदार रहे हैं। हमारे अगले राजकीय खजांची के रूप में, John Chiang सरकार के खर्चों को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने का अपना कार्य जारी रखेंगे। John Chiang ने अपव्यय, धोखाधड़ी, और दुरूपयोग को समाप्त करके करदाताओं के कई बिलियन डॉलर की बचत की है। John Chiang ने अपने अंकेक्षण प्राधिकार के उपयोग से करदाताओं के लगभग ऐसे $7 बिलियन डॉलर की पहचान की जिसका अपव्यय या दुरूपयोग किया जा रहा था। सिटी ऑफ Bell में घोटालों के बाद, John Chiang ने दुरूपयोग की पहचान करने में वहाँ के निवासियों की मदद करने हेतु, वेतन को ऑनलाइन कर दिया। John Chiang ने $2.7 बिलियन नकद और $181 मिलियन शेयर स्टॉक कई मिलियन रहवासियों को वापस लौटाए हैं जिनका बैंक्स और कॉर्पोरेशंस में पैसा था। John Chiang ने 40 जीवन बीमा कंपनियों का ऑडिट शुरू करवाया और वे नीति धारकों और लाभार्थियों को मृत्यु के पश्चात के लाभों का भुगतान करने में विफलता वाले उद्यम-व्यापी व्यवहार को समाप्त करने के लिए अग्रणी रूप से कार्य कर रहे हैं। 18 बीमा कंपनियों के साथ उनके समझौते के अनुसार उनके लिए यह आवश्यक होगा कि वे अभुक्त लाभ के रूप में Californiaवासियों को $267 मिलियन और राष्ट्रभर में $2.4 बिलियन वापस चुकाएँ। John Chiang पेंशन और नैतिकता सुधारों के एक नेता हैं। इन्होंने पेंशन की बाधाओं को दूर किया है और वे राजकीय सेवानिवृत्तों के अनिधिबद्ध चिकित्सा व्ययों के संबंध में राज्य पर मंडराने वाले संकट को हल करने के लिए कार्य कर रहे हैं। John Chiang का कार्यालय वरिष्ठजनों और काम करने वाले परिवारों को एक निशुल्क कर सहायता प्रदान करता है, जिससे कर वापसी और ऋण में उन्हें कई मिलियन की बचत होती है। वे छोटे व्यवसायों और ग़ैर-लाभकारी व्यवसायों को जटिल कर विनियमों में सहायता करने के लिए निशुल्क सेमिनार आयोजित करते हैं। John Chiang राज्य सरकार में हमारे चैम्पियन रह चुके हैं। John Chiang को California के अगले राजकीय खजांची के रूप में देखने के लिए उनके संघर्ष को समर्थन दें। *www.electjohnchiang.com.*

---

*वक्तव्यों का क्रम लॉट द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ के वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा भिजवाए गए थे और उनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य, उम्मीदवार द्वारा स्वैच्छिक रूप से प्रस्तुत किया गया था और इसे उम्मीदवार के खर्च पर ही मुद्रित किया जाता है। ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किए थे, वे मतपत्र पर प्रकट होने के लिए अन्यथा रूप में पात्र हो सकते हैं।*

## ★ अटॉर्नी जनरल ★

- राज्य के मुख्य विधि अधिकारी के रूप में, यह सुनिश्चित करते हैं कि राज्य के कानून समान और पर्याप्त रूप से क्रियान्वित किए गए हैं।
- न्याय विभाग की अध्यक्षता करते हैं, जो कि स्थानीय कानून प्रवर्तन के लिए राजकीय विधि सेवाएँ और समर्थन प्रदान करने के लिए उत्तरदायी होता है।
- राज्य के अभियोग में मुख्य विधि सलाहकार के रूप में कार्य करते हैं।
- कानून प्रवर्तन करने वाली एजेंसियों पर नियंत्रण रखते हैं, जिनमें काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी और शेरिफ़ शामिल हैं।

---

ORLY TAITZ
*कोई पार्टी पसंदगी नहीं*
29839 Santa Margarita, Ste. 100
Rancho Santa Margarita, CA 92688
(949) 683-5411
orly.taitz@hushmail.com
runorlyrun.com

डॉ. Orly Taitz, Esq. CA में एक लायसेंसी अटॉर्नी और एक लायसेंसी डॉक्टर दोनों है, साथ ही वे एक व्यवसायी महिला, 27 वर्षीय पत्नी, और 3 बेटों की माँ भी हैं। Taitz, Californiaवासियों के संवैधानिक और नागरिक अधिकारों को बनाए रखने का प्रयास कर रही हैं। एक AG के रूप में, Taitz निम्न कार्य करेंगी: CA के कानून का अनुपालन करने वाले नागरिकों पर NSA की असंवैधानिक पहरेदारी की समाप्ति; NSA द्वारा Google, Facebook, Yahoo, और अन्य चीज़ों को CA के नागरिकों, साथ ही साथ इन पदों, निर्वाचित अधिकारियों और न्यायाधीशों के डेटा के असंवैधानिक डेटा एकत्रण में एक उपकरण के रूप में उपयोग करने को समाप्त करना; CA के कुछ नागरिकों पर लागू और कॉर्पोरेशंस के लिए छूट प्राप्त एक असंवैधानिक भेदभावपूर्ण Obamacare कर की समाप्ति; निधियों का अंतरंग मित्रों, लक्षित जबरन वसूली, और घुलने-मिलने हेतु दुरूपयोग करने बजाय वसूली गयी मोर्टगेज रकम से घरमालिकों और ऋणदाताओं की सहायता; ऐसे EPA आदेशों की समाप्ति जिनसे CA के व्यवसायों और कृषि को नुकसान पहुँचता है और कृषि के लिए अत्यधिक आवश्यक जल से राज्य को वंचित करता है; व्यापार अनुबंधों जैसे कि TPP, TAFTA, NAFTA, WTO-GATT में CA प्रावधानों का निरस्तीकरण, जिनसे नागरिक कार्य और पर्यावरणीय सुरक्षा, साथ ही साथ रोज़गार, वेतन और लाभों से वंचित हो जाते हैं; NDAA प्रावधानों का निरस्तीकरण जो बिना मुकदमे के अनिश्चित कैद की अनुमति देते हैं; व्यवसायों और राज्य को दिवालिया बनाने वाले अनिधिबद्ध संघीय आदेशों का निरस्तीकरण; चुनावी धोखाधड़ी को समाप्त करना; डेटाबेसेस से अमान्य मतदाता पंजीकरण को निकालना; उम्मीदवारों की वैधता परखना; कानून प्रवर्तन और विशेषज्ञों द्वारा Obama के पास इंडोनेशिया की नागरिकता होने, जाली सिलेक्टिव सर्विस प्रमाणपत्र होने, जाली जन्म प्रमाणपत्र और CT सोशल सिक्युरिटी नंबर होने, व E-सत्यापन और SSNVS दोनों में ही विफल होने के संबंध में लाए गए सभी प्रमाणों को नज़रअंदाज़ करने वाले राजकीय अधिकारियों को दण्डित करना।

---

JONATHAN JAECH
*लिबरटेरियन*
3200 E. 3rd St.
Los Angeles, CA 90063
jonathan@jaech.net
www.jaech.info

2रे संशोधन सहित, अधिकारों के कानून का समर्थन करें। हमारी निजता की रक्षा करें। चरस-गांजे पर प्रतिबंध समाप्त करें। कोई मृत्युदण्ड नहीं। पुलिस दुर्व्यवहार पर क़ानूनी कार्यवाही करें। नागरिक संपत्ति की जब्ती को समाप्त करना।

---

JOHN HAGGERTY
*रिपब्लिकन*
1400 Coleman Ave., Suite C-21
Santa Clara, CA 95050
(408) 988-2019
johnkhaggerty@yahoo.com
www.electjohnhaggertyattorneygeneral.com

नमस्ते! जैसा कि आप जानते हैं, हमें एक ऐसे अटॉर्नी जनरल की आवश्यकता है जो अपराध के विरूद्ध सक्रिय रूप से हमारी रक्षा करे और हमारे राज्य के संविधान को सुरक्षित रखे। *California कानून में इसके अटॉर्नी जनरल को निम्न कार्य करने होते हैं*। अटॉर्नी जनरल के रूप में, John Haggerty उत्साहपूर्वक रूप से: 1) हमारे राज्य में मृत्युदंड में उपयोग में होने वाले विलंब के विरूद्ध लड़ना; 2) हमारे राज्य में वर्तमान, अस्वीकार्य स्तर की हिंसा और चोरी से लड़ना, बहानों पर नहीं, ब्लकि परिणामों पर ध्यान केंद्रित करना; 3) सभी अभियोगों के विरूद्ध, प्रस्ताव 8, 13, और 209 सहित, California के लोकतांत्रिक रूप से क्रियान्वित कानूनों की रक्षा करना; 4) अवैधानिक इमीग्रेशन का विरोध करना; 5) उठाईगिरी और आक्रामक आवारागर्दी के विरूद्ध प्रभावी, राज्यव्यापी अभियान का संचालन करना; 6) हमारे संपूर्ण राज्य में न्याय के प्रशासन को सुधारने हेतु प्रत्येक सरकारी एजेंसी के साथ, *और पूर्ण रूप से जनता के साथ*, मिलकर कार्य करना; और 7) यदि California के लोग चुनते हैं तो—दो नए राज्य—उत्तरी California और दक्षिणी California बनाने के यहाँ के लोगों के अधिकार का समर्थन करना। 1987 से एक California अटॉर्नी, *और एक नागरिक के रूप में*, John Haggerty ने इन कार्यों हेतु कड़ी मेहनत की है: हमारे राज्य में मृत्युदंड को क्रूर हत्यारों के विरूद्ध एक प्रभावी समाधान के रूप में संरक्षित रखना; हमारी सरकार में बदले की भावना भेदभाव को समाप्त करना; राजनेताओं की कार्यावधि को सीमित करना; California की ज्यूरी के निर्देशों को बेहतर करना; सेवानिवृत्त लोगों के अधिकारों को उन्नत करना; शिक्षा में अभिभावकीय पसंदों का विस्तार करना; अजन्मे बच्चों की रक्षा करना; और बच्चों को उनके माता-पिता का अपूरणीय समर्थन प्रदान करने के श्रेष्ठ माध्यम के रूप में विवाह को बनाए रखना। John Haggerty को आगे भी California की सेवा करने में गर्व होगा। 3 जून, 2014 को, कृपया John Haggerty को अटॉर्नी जनरल के रूप में चुनने हेतु मतदान करें।

---

*वक्तव्यों का क्रम लॉट द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ के वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा भिजवाए गए थे और उनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य, उम्मीदवार द्वारा स्वैच्छिक रूप से प्रस्तुत किया गया था और इसे उम्मीदवार के खर्च पर ही मुद्रित किया जाता है। ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किए थे, वे मतपत्र पर प्रकट होने के लिए अन्यथा रूप में पात्र हो सकते हैं।*

# ★ बीमा आयुक्त ★

- बीमा विभाग के सभी कार्यों का निरीक्षण और उन्हें निर्देशित करते हैं।
- बीमा कंपनियों को लायसेंस देते हैं, उन्हें नियंत्रित करते और जाँचते हैं।
- बीमा उद्योग के संबंध में लोगों के प्रश्नों और शिकायतों का उत्तर देते हैं।
- California बीमा कानूनों को लागू करते हैं और कानूनों का क्रियान्वयन करने हेतु विनियमों को अपनाते हैं।

TED GAINES
*रिपब्लिकन*

ted@tedgaines.com
www.tedgaines.com

पिछले 30 वर्षों से किसी पारिवारिक बीमा एजेंट के रूप में, मुझे अपने क्लाइंट्स की ओर से बीमा कंपनियों से लड़ना पड़ा है। और एक निर्वाचित अधिकारी के रूप में, मुझे अपने सहयोगियों की ओर से सरकारी नौकरशाही से लड़ना होगा। आपके बीमा आयुक्त के रूप में, मैं California के बीमा बाज़ार में प्रतिस्पर्धा और आर्थिक विकास लाकर उपभोक्ताओं की रक्षा करने हेतु संघर्ष करूँगा। अधिक प्रतिस्पर्धा का अर्थ है अधिक विकल्प और उपभोक्ताओं के लिए बेहतर दरें, लेकिन इसका वर्तमान नेतृत्व, यानि California बीमा विभाग एक विरोधी नौकरशाही बन गया है जो कंपनियों को हमारे राज्य से बाहर भेज रहा है। इसी दौरान, हमारे बीमा बाज़ार में बहुत अधिक धोखाधड़ी और दुर्व्यवहार भी है। बीमा आयुक्त के रूप में, मैं धोखाधड़ी हेतु आपराधिक दण्ड को बढ़ाने हेतु कार्य करूँगा और हमारे वरिष्ठजनों और हमारे सबसे संवेदनशील नागरिकों को शिकार बनाने वाले लोगों को आक्रामकता के साथ दंडित करूँगा। किंतु बीमा तंत्र में बहुत ही दुर्व्यवहार भी है—ऐसा दुर्व्यवहार जो आपराधिक नहीं हो सकता है किंतु फिर भी वह उपभोक्ताओं को कई मिलियन डॉलर की चपत लगाता है। हमारे राज्य में बीमा की लागत बहुत अधिक है, और झूठे अभियोग इसका सबसे बड़ा कारण हैं। बीमा आयुक्त के रूप में, मैं अभियोग दुर्व्यवहार को कम करने और Sacramento में मुकदमे के वकीलों और उनके समर्थकों से लड़ूँगा। बीमा आयुक्त पर उपभोक्ताओं की रक्षा करने और हमारे राज्य की अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाने तथा अधिक-से-अधिक रोज़गार उत्पन्न करने वाला एक व्यावसायिक वातावरण बनाने का दायित्व होता है। हम इससे भी बेहतर कर सकते हैं। मैं 3 जून को आदरपूर्वक मेरे पक्ष में आपके मतदान की अपेक्षा करता हूँ। अधिक जानकारी के लिए कृपया *tedgaines.com* पर जाएँ।

DAVE JONES
*डेमोक्रैटिक*

915 L Street #C124
Sacramento, CA 95814

(916) 349-4236
teamdavejones@gmail.com
www.davejones2014.com

चार वर्ष पहले, Californiaवासियों ने उपभोक्ताओं की लड़ाई लड़ने और बीमा कंपनियों को जवाबदेह बनाने हेतु बीमा आयुक्त के रूप में Dave Jones को चुना। *Dave Jones ने बढ़ते हुए ऑटो और घरमालिकों की बीमा दरों में कमी लाकर उपभोक्ताओं के $1.4 बिलियन की बचत की है।* हमें उपभोक्ताओं की रक्षा करने हेतु संघर्ष करने के लिए साहस, सत्यनिष्ठा, और स्वतंत्रता वाले बीमा आयुक्त की आवश्यकता है। हमें Dave Jones चाहिए। *Dave Jones बीमा कंपनियों के चंदे या उपहारों को स्वीकार करने से मना कर देते हैं।* उन्होंने कई मिलियन अबीमित Californiaवासियों को स्वास्थ्य बीमा प्रदान कराने हेतु कार्य किया है। उन्होंने स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं को लोगों की पूर्व-मौजूदा स्थितियों के अनुसार उनसे भेदभाव को रोकने वाले विनियम जारी किए हैं। इन्होंने स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं द्वारा ऑटिस्टिक बच्चों को भी बीमित करना आवश्यक बनाया है। Jones स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम में वृद्धि को नियंत्रित करने के संघर्ष का नेतृत्व कर रहे हैं। जब जीवन बीमा कंपनियाँ मृत हुए नीतिधारकों के लाभार्थियों को भुगतान करने में विफल हो गईं थीं, तब Jones ने एक राष्ट्रीय जाँच करवाई और हज़ारों मिलियन वसूल किए। Californiaवासी तब अधिक भुगतान करते हैं जब धोखेबाज़ लोग बीमा कंपनियों को चूना लगाते हैं। Jones के पद संभालने के बाद से, उनके विभाग ने धोखाधड़ी के मामलों में 2,000 से अधिक गिरफ़्तारियाँ की हैं। Jones ने वरिष्ठजनों को घोटालों से बचाने के लिए विनियम लागू किए हैं। और इन्होंने बुज़ुर्गों को शिकार बनाने वाले अपराधियों का पता लगाया है और उन्हें दंडित किया है। Jones इस बात पर ज़ोर देते हैं कि बीमाकर्ता California के विविध व्यवसायों और अक्षम सेवानिवृत्त लोगों से सामान और सेवाएँ खरीदें। बीमाकर्ताओं को अब पर्यावरण परिवर्तन के प्रभावों पर भी विचार करना है, यह सब Dave Jones की वजह से हो पाया है। Jones ने बीमा कंपनियों की शिकायतों को लेकर 100,000 से अधिक उपभोक्ताओं की मदद की है। उन्होंने उपभोक्ताओं के लिए $182 मिलियन वसूल किए हैं। *कंज़्यूमर फ़ेडरेशन ऑफ़ California ने Dave Jones को "उपभोक्ता चैंपियन" नाम दिया है।* बीमा आयुक्त Dave Jones हमारे लिए संघर्ष करें। बीमा आयुक्त के पद हेतु डेमोक्रैट Dave Jones के लिए मतदान करें। *www.davejones2014.com* पर जाएँ।

NATHALIE HRIZI
*पीस एंड फ्रीडम*

2969 Mission St.
San Francisco, CA 94110

(415) 821-6171
hrizi2014@gmail.com
www.hrizi2014.org

गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा एक वैश्विक अधिकार होना चाहिए! बीमा कंपनियों को हटाएँ! पीस एंड फ्रीडम पार्टी में शामिल हों।

*वक्तव्यों का क्रम लॉट द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ के वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा भिजवाए गए थे और उनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य, उम्मीदवार द्वारा स्वैच्छिक रूप से प्रस्तुत किया गया था और इसे उम्मीदवार के खर्च पर ही मुद्रित किया जाता है। ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किए थे, वे मतपत्र पर प्रकट होने के लिए अन्यथा रूप में पात्र हो सकते हैं।*

### प्रत्येक बोर्ड ऑफ ईक्वलाइज़ेशन डिस्ट्रिक्ट में काउन्टी

**डिस्ट्रिक्ट 1**

Alpine, Amador, Butte, Calaveras, El Dorado, Fresno, Inyo, Kern, Kings, Lassen, Los Angeles, Madera, Mariposa, Merced, Modoc, Mono, Nevada, Placer, Plumas, Sacramento, San Bernardino, San Joaquin, Shasta, Sierra, Siskiyou, Stanislaus, Sutter, Tulare, Tuolumne, Yuba

**डिस्ट्रिक्ट 2**

Alameda, Colusa, Contra Costa, Del Norte, Glenn, Humboldt, Lake, Marin, Mendocino, Monterey, Napa, San Benito, San Francisco, San Luis Obispo, San Mateo, Santa Barbara, Santa Clara, Santa Cruz, Solano, Sonoma, Tehama, Trinity, Yolo

**डिस्ट्रिक्ट 3**

Los Angeles, San Bernardino, Ventura

**डिस्ट्रिक्ट 4**

Imperial, Orange, Riverside, San Bernardino, San Diego



## ★ बोर्ड ऑफ ईक्वलाइज़ेशन ★

बोर्ड ऑफ़ ईक्वलाईज़ेशन, राज्य के निर्वाचित कर आयोग, में कार्य करती हैं जो कि:

- दो दर्जन से अधिक कर और शुल्क कार्यक्रमों के प्रशासन को नियंत्रित करता है, जिनमें सिगरेट और तंबाकू, शराब और ईंधन के विक्रय और उपयोग के कार्यक्रम शामिल हैं।
- California आय और फ्रेंचाइज़ कर मामलों के लिए अपीली ईकाई के रूप में कार्य करता है।
- राज्य भर में संपत्ति कर के प्रशासन को नियंत्रित करता है।

### डिस्ट्रिक्ट 1

GEORGE RUNNER
*रिपब्लिकन*
43759 15th Street, West, PMB25
Lancaster, CA 93534
(916) 790-6075
info@georgerunner.com
www.georgerunner.com

आपके निर्वाचित करदाता अधिवक्ता के रूप में, मैं आपके, करदाता के हितों की रक्षा के लिए प्रत्येक दिन कार्य कर रहा हूँ। प्रस्ताव 13 की रक्षा करने से लेकर California परिवारों और व्यवसायों पर कर वृद्धि के विरुद्ध संघर्ष करने तक, मैं उन विशेष हित वाले लोगों के विरुद्ध डटकर खड़ा रहा हूँ जो आपसे और अधिक पैसा निकालना चाहते हैं। इसलिए ही *Howard Jarvis टैक्सपैयर एसोसिएशन* जैसे कर- सैनिक मेरे पुनः निर्वाचन का समर्थन करते हैं। एक व्यवसायी के रूप में, मैं यह जानता हूँ कि इस राज्य में व्यवसाय करना आसान नहीं है। California की कर नीतियों को हमारे राज्य में उद्यम को हतोत्साहित नहीं करना चाहिए, बल्कि निजी क्षेत्र में और अधिक रोज़गार उत्पन्न करने चाहिए। हम प्रगति कर रहे हैं। अपने सहकर्मियों के साथ कार्य करके, हमने नए व्यवसायों के लिए सुरक्षा निधि जमा करने की आवश्यकता को समाप्त किया है, जिससे सैकड़ों मिलियन डॉलर्स की वे निधियाँ किसी सरकारी खाते में कैद रहने के बजाय उनके सही मालिकों को वापस मिल गईं। अन्य करदाता अधिवक्ताओं के साथ-मिलकर, हम संपूर्ण California में घरमालिकों और वरिष्ठ नागरिकों को लक्षित होने वाले अनुचित और अवैधानिक "अग्नि शुल्क " कर के विरुद्ध लड़ रहे हैं। हम न्यायालय में उस लड़ाई को जीतने वाले हैं और कई मिलियन डॉलर राशि करदाताओं को वापस मिल जाएगी। हालाँकि विधानसभा में, मेरी उपलब्धियों में Jessica's Law शामिल है, जिससे कि राष्ट्र के सबसे कड़े लैंगिक हिंसा कानून बने थे। मैं कैलिफ़ोनियाज़ एम्बर अलर्ट का लेखक भी हूँ, जिसने 200 से अधिक अपहृत बच्चों को उनके अभिभावकों से मिलवाने में मदद की है। आपका समर्थन पाकर मैं गौरवान्वित महसूस करूँगा। करदाताओं के अधिकारों की रक्षा करने और California की सरकार को आपके प्रति और प्रतिक्रियाशील और जवाबदेह बनाने के मेरे लक्ष्य के बारे में और जानने के लिए *www.georgerunner.com* पर जाएँ।

CHRIS PARKER
*डेमोक्रैटिक*
P.O. Box 161527
Sacramento, CA 95816-1527
(916) 538-9833
parkerforboe@gmail.com

California के टैक्स बोर्ड हेतु एक टैक्स कर्मचारी, यही कहना उचित होगा।

*वक्तव्यों का क्रम लॉट द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ के वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा भिजवाए गए थे और उनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य, उम्मीदवार द्वारा स्वैच्छिक रूप से प्रस्तुत किया गया था और इसे उम्मीदवार के खर्च पर ही मुद्रित किया जाता है। ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किए थे, वे मतपत्र पर प्रकट होने के लिए अन्यथा रूप में पात्र हो सकते हैं।*

## डिस्ट्रिक्ट 2

FIONA MA
*डेमोक्रैटिक*
1032 Irving Street #908
San Francisco, CA 94122
(415) 845-5450
fiona@fionama.com
www.fionama.com

आपकी बोर्ड ऑफ़ ईक्वलाइज़ेशन सदस्य के रूप में, मैं रोज़गार उत्पन्न करने और हमारी अर्थव्यवस्था में जान डालने के कार्य करूँगी। मैं सबसे पहले एक छोटे व्यवसायी और स्थानीय व्यवसाय की ओर से सलाहकार बनकर प्रमाणित लोक लेखापाल के रूप में जन सेवा की ओर आकर्षित हुई। 20 से भी अधिक वर्षों के बाद, मैं California करदाताओं की लड़ाई लड़ने के लिए अपने कार्य की नैतिकता और व्यावहारिक, प्रमाणित ट्रैक रिकॉर्ड को बोर्ड ऑफ़ ईक्वलाइज़ेशन में ला रही हूँ। प्रत्येक वर्ष, California भूमिगत अर्थव्यवस्था के कारण आठ बिलियन डॉलर एकत्र करने में असफल होता है। राजस्व की यह कमी, महत्वपूर्ण जन सेवा कार्यक्रमों में कमियाँ लाकर और हमारी अर्थव्यस्था वसूली को प्रभावित करके कड़ी मेहनत करने वाले Californiaवासियों को हानि पहुँचाती है। मैं ऑडिटिंग कंपनियों के अपने अनुभव और धोखाधड़ी को दूर करने हेतु वित्तीय कथनों की व्याख्या करने और California के लिए कई बिलियन की कीमत रखने वाले करों की मूल्य से कम रिपोर्टिंग को पढ़ने और समझने के तरीके का उपयोग करूँगी। मैंने हमारे स्थानीय असेसमेंट अपील्स बोर्ड में एक आयुक्त के रूप में कार्य किया है और संपत्ति करों की अपीलों की सुना है, मैं San Francisco पर्यवेक्षक के रूप में, और, California राज्य सभा के सदस्य के रूप में चुनी गई थी, मैंने व्यवसायों को जीवित रखने और California को अन्य राज्यों की प्रतिस्पर्धा में बनाए रखने के लिए कई कर संबंधित कानून लिखें हैं। मैं लेखांकन में बी.एस., कराधान में एम.एस., और एक एमबीए हूँ और 1992 से California में एक प्रमाणित लोक लेखापाल (CPA) के रूप में लायसेंसीकृत हूँ। California में एक निष्पक्ष और प्रभावी कर एकत्रण तंत्र है यह सुनिश्चित करते हुए मेरा उद्देश्य है कि मैं हमारे सुनहरे राज्य में कार्य करने वाले परिवारों को विकसित होने में मदद करूँ। 3 जून, 2014 को आपका मतदान पाकर मुझे प्रसन्नता होगी। धन्यवाद।

## डिस्ट्रिक्ट 3

JEROME E. HORTON
*डेमोक्रैटिक*
6221 Overhill Blvd.
Los Angeles, CA 90043
(310) 402-4705
jehorton@sbcglobal.net
http://boardofequalizationjehorton.com

इस चुनौतीभरे दौर में, बोर्ड ऑफ़ ईक्वलाइज़ेशन (BOE) के अध्यक्ष के रूप में आपकी सेवा करना एक अद्भुत गौरव है, और Californiaवासियों की रक्षा करने और उनकी सेवा करने हेतु BOE, विधानसभा, और वित्तीय क्षेत्र में अपने 36 वर्ष के अनुभव का उपयोग करना भी हर्ष का विषय है—*इसमें बोर्ड ऑफ़ ईक्वलाइज़ेशन के साथ 26 वर्ष का अनुभव शामिल है*। मैंने एक 18 वर्षीय इंटर्न के रूप में बोर्ड के साथ कार्य करना प्रारंभ किया था और California राज्य विधानसभा में शामिल होने के पहले, तेज़ी से प्रगति करके एक कार्यकारी व्यवसाय कर विधि सलाहकार बना। मैंने बाद में California मेडिकल सहायता आयोग और California कार्यबल निवेश बोर्ड में कार्य किया, जहाँ स्वास्थ्य सेवा, अच्छे रोज़गार, और शैक्षणिक अवसरों तक पहुँच को बेहतर करने के लिए संघर्ष किया। 2010 में BOE में निर्वाचित होकर, करदाता के अधिकारों के कानून के रचियता के रूप में, मेरी कार्यावधि के दौरान हमने 1.3 मिलियन उद्यमियों को उनके व्यवसायों को खोलने, रखरखाव करने और विकसित करने में मदद की और राज्य और स्थानीय सेवाओं के राजस्व में $138 बिलियन की वृद्धि लेकर आए। मेरे अपराधी-विरोधी व्यवसाय कार्यक्रमों ने मानव तस्करी से लड़ाई लड़ने में मदद की, जिसमें अवैधानिक रूप से कारोबार करने वाले 128 अपराधियों की गिरफ़्तारी हुई, और सड़कों से कई टन ग़ैर-कानूनी और अस्वास्थ्यकर उत्पादों को हटाया गया। ग़रीबी के विरुद्ध मेरे अभियान से कर वापसी और क्रेडिट में हज़ारों California करदाताओं को कई मिलियन पुनर्प्राप्त करने में मदद मिली और इससे ग़ैर लाभार्थियों को ग़रीबी से लड़ने में मदद मिली। मुझे हमारे युवा लोगों को प्रशिक्षण और रोज़गार अवसर प्रदान करने के लिए बनाए गए मेरे प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर भी समान रूप से गर्व है। 32 अतिरिक्त Horton कार्यक्रमों और अन्य संसाधनों के बारे में जानने के लिए, कृपया *http://boardofequalizationjehorton.com* पर जाएँ। अंत में, कृपया मेरे पुनः निर्वाचन हेतु California के शिक्षकों, दमकल कर्मियों, नर्सों, पुलिस, करदाताओं, और छोटे व्यवसायियों के साथ शामिल हों।

*वक्तव्यों का क्रम लॉट द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ के वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा भिजवाए गए थे और उनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य, उम्मीदवार द्वारा स्वैच्छिक रूप से प्रस्तुत किया गया था और इसे उम्मीदवार के खर्च पर ही मुद्रित किया जाता है। ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किए थे, वे मतपत्र पर प्रकट होने के लिए अन्यथा रूप में पात्र हो सकते हैं।*

## डिस्ट्रिक्ट 4

NADER SHAHATIT
*डेमोक्रैटिक*
28793 Beattie St.
Highland, CA 92346
(909) 440-8769
shahatitnader@yahoo.com
electnadershahatit.com

"मैं आपके लिए मतदान करूँगा।" मुझे मतदाताओं और सह-कर्मियों से यही वचन सुनने को मिल रहा है। आपका प्रतिनिधि होना मेरे लिए गर्व की बात है।

DIANE L. HARKEY
*रिपब्लिकन*
31878 Del Obispo #118; PMB106
San Juan Capistrano, CA 92675
(949) 240-6959
diane@dianeharkey.com
www.dianeharkey.com

मुझे Howard Jarvis टैक्सपेयर एसोसिएशन, California चैंबर ऑफ़ कॉमर्स, और अन्य व्यवसायी समर्थकों, करदाता और जन सुरक्षा समूहों द्वारा लगातार उच्चतम रैंकिंग क्यों मिली है? क्योंकि, मैंने अपव्यय को सफलतापूर्वक उजागर किया है, करों को बढ़ाने का विरोध किया, और राज्य सरकार में अधिक चौकसी और कुशलता अर्जित की है। बोर्ड ऑफ़ ईक्वलाइज़ेशन कर नीति को स्पष्ट करने, विवादों को निपटाने, और विनियमों की व्याख्या करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ठग और अप्रभावी सरकार से त्रस्त होकर मैं आपके, व्यक्तिगत लोगों, और व्यवसायों के लिए कार्य करूँगा। मेरा उद्देश्य सरल है: समृद्ध होने में लोगों और समुदायों की मदद करना और छुपी हुई कर वृद्धि, अत्यधिक लेखांकन, अभियोग, और रोज़गार को समाप्त करने वाले आदेशों को रोककर रोज़गार उत्पन्न करना। ऐसी नीतियों पर ध्यान केंद्रित करना जो लोगों को परेशान नहीं करने, रोज़गार और राजस्व में वृद्धि करने, सरकारी अपव्यय और ऋण में कमी लाने में मदद करेंगी। राज्य सभा में, मैंने गड़बड़ी वाली हाई स्पीड रेल योजना को उजागर किया, कैप और ट्रेड कार्यक्रमों के साथ छुपी लागतों को उजागर किया, ज़िम्मेदारी प्राप्त की, प्रमुख कार्यक्रम परिवर्तन किए, और सूखे से बचने हेतु जल संग्रहण का प्रचार करते हुए, जन सुरक्षा, शिक्षा, परिवहन जैसी महत्वपूर्ण आवश्यकताओं हेतु धन-संचय किया। मैंने वित्त में अपना पेशेवर करियर बनाया, स्थितियों को संतुलित करके लोगों और व्यवसायों की मदद की, तथा अच्छे व बुरे आर्थिक चक्रों में रोज़गार उत्पन्न किए। Californiaवासी व्यवसाय का विस्तार करने, अच्छे वेतन वाले रोज़गार प्राप्त करने, परिवारों को सुरक्षित रूप से पढ़ाने और पालन-पोषण करने, और वरिष्ठ नागरिकों, बच्चों और पोते-पोतियों के लिए एक उज्जवल, सुरक्षित भविष्य का सपना देखने के अवसर चाहते हैं। California का प्राकृतिक और मानवीय संसाधनों में समृद्ध स्थान है। 30 वर्ष से मेरे पति और मैंने, यहाँ अपनी बच्ची का पालन-पोषण किया है और हम जानते हैं कि, साथ मिलकर कार्य करने से, समृद्धि, अवसरों, और जीवन की गुणवत्ता के मामले में हमारा सुनहरा राज्य फिर से राष्ट्र में अग्रणी बन सकता है। मैं आदरपूर्वक आपके मतदान की अपेक्षा करती हूँ।

*वक्तव्यों का क्रम लॉट द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ के वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा भिजवाए गए थे और उनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य, उम्मीदवार द्वारा स्वैच्छिक रूप से प्रस्तुत किया गया था और इसे उम्मीदवार के खर्च पर ही मुद्रित किया जाता है। ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किए थे, वे मतपत्र पर प्रकट होने के लिए अन्यथा रूप में पात्र हो सकते हैं।*

## ★ लोक निर्देश अधीक्षक (निर्दलीय कार्यालय) ★

- राज्य के मुख्य सरकारी स्कूल के अधिकारी के रूप में, ये स्थानीय स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स को शिक्षा नीति और निर्देश प्रदान करते हैं।
- शिक्षा विभाग के सभी कार्य निर्देशित करती हैं और राज्य शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित नीतियों को क्रियान्वित करते हैं।
- राज्य की उच्च शिक्षा प्रणाली के नियंत्रक बोर्ड्स के पदेन सदस्य के रूप में कार्य करते हैं।
- अकादमिक प्रदर्शन को सुधारने के लिए शैक्षणिक समुदायों के साथ कार्य करते हैं।

MARSHALL TUCK
8885 Venice Blvd.
Los Angeles, CA 90034
(323) 332-9859
hello@marshalltuck.com
marshalltuck.com

छात्रों को वैश्विक अर्थजगत के लिए तैयार करने हेतु California के सरकारी स्कूलों को बड़े बदलावों की आवश्यकता है। हमारे स्कूल, देश में पढ़ाई और गणित में 45वें स्थान पर हैं-लेकिन Sacramento के नेता ऐसे बदलाव लाने में असफल रहे हैं जिनसे छात्रों को सफल होने में सहायता मिले। California में, *नेता बहुत अधिक शिक्षा संबंधी निर्णय लेते हैं,* और स्थानीय स्कूलों पर शैक्षिक नौकरशाही का अत्याधिक नियंत्रण है। *मैं अकेला ऐसा उम्मीदवार हूँ जिसके पास असफल स्कूलों को बदलकर रख देने का सिद्ध कीर्तिमान है।* जब मैंने Los Angeles में 15,000 छात्रों को पढ़ाने वाले 17 सरकारी स्कूलों का नेतृत्व किया, तब हमने स्नातक दर को 60% बढ़ा दिया था। हमारा नवाचार वाला "पैरंट कॉलेज" स्कूलों में माता-पिता को शामिल करने का राष्ट्रीय मॉडल बन गया था। और पिछले 5 सालों में, California के बड़े स्कूल तंत्रों में *हमारे स्कूल शैक्षिक सुधारों में पहले स्थान पर* रहे। पहले, मैंने *9 नए चार्टर स्कूल*स्थापित करने के प्रयासों का नेतृत्व किया—जिससे अभिभावकों को असफल स्कूलों के बजाय उच्च कोटि के विकल्प मिले। हम जानते हैं बच्चों को कैसे शिक्षित करना है। लेकिन हमें नेताओं को इससे बाहर रखना होगा। मैं *अभिभावकों और छात्रों के लिए एक स्वतंत्र अधिवक्ता रहूँगा*—कोई अंदरूनी राजनीतिक व्यक्ति नहीं। सबसे पहले, मैं कक्षाओं में और अधिक धन लेकर आने के लिए *शैक्षिक नौकरशाही को खत्म करूंगा* और अनावश्यक कार्यक्रमों को रोकूँगा। दूसरा, मैं अभिभावकों को उनके स्थानीय स्कूलों पर अधिक नियंत्रण देने—और उनके बच्चों की शिक्षा में बड़ी भूमिका निभाने के लिए सहायता करूँगा। तीसरा, मैं प्रतिदिन यह सुनिश्चित करने के लिए काम करूँगा कि प्रभावी शिक्षकों और प्राचार्य और कॉलेज-रेडी पाठ्यक्रम से सभी छात्र लाभ ले सकते हैं। कृपया मेरी योजना के बारे में *www.marshalltuck.com* पर पढ़ें। हमारे स्कूलों में अब बड़े बदलावों की जरूरत है। इसलिए मैं राज्य अधीक्षक पद के लिए खड़ा हुआ हूँ। आइए California के बच्चों के लिए और अच्छा कार्य करें।

TOM TORLAKSON
P.O. Box 21636
Concord, CA 94521
(925) 386-6774
tom@tomtorlakson.com
www.tomtorlakson.com

बतौर क्लासरूम शिक्षक जो मैंने सीखा, वह मेरा आपके अधीक्षक के रूप में आज भी मार्गदर्शन करता है: *हमारे शिक्षा कर के डॉलर्स के निर्णय अभिभावकों, शिक्षकों और स्कूलों द्वारा स्वयं किए जाने चाहिए, न कि Washington या Sacramento के नेताओं द्वारा।* एक अध्यापक के रूप में, मेरे मूल्य उनसे अलग हैं जो सरकारी स्कूलों को निजी लाभ की जगह समझते हैं। इसलिए, अपने स्कूलों के जटिल आर्थिक मुद्दों का सामना करते समय, मैंने शैक्षिक कटौतियों के विरूद्ध और *स्थानीय समुदायों और स्कूलों के हाथ में अधिक नियंत्रण लाने वाले सुधारों* के लिए संघर्ष किया। शिक्षक जानते हैं कि *छात्रों को ऐसे कौशल की ज़रूरत होती है जिसे वे कैरियर और कॉलेज की वास्तविक दुनिया में लागू कर सकें।* इसलिए हम हाई स्कूल छात्रों के लिए कैरियर और तकनीकी प्रशिक्षण का विस्तार कर रहे हैं। शिक्षक जानते हैं कि स्कूल का समय समाप्त होने के बाद भी काफ़ी कुछ होता है। इसलिए मैंने *देश में स्कूल के बाद के कार्यक्रमों की सबसे बड़ी व्यवस्था* बनाने में सहायता की। और हम सभी जानते हैं कि हमारे बच्चों की सुरक्षा से अधिक महत्वपूर्ण और कुछ भी नहीं है। इसलिए *मैंने स्कूलों को सुरक्षित बनाने के लिए कानून लिखे जिनमें बाल यौन शोषण से बचाव भी शामिल है।* और मैं ड्रग्स, गैंग्स और बंदूकों को हमारे स्कूलों से बाहर रखने के लिए कार्य करता रहूँगा। शिक्षा के लिए टीमवर्क चाहिए। मुझे गर्व है कि मुझे आदरणीय कानून प्रवर्तन अधिवक्ताओं जैसे, California एसोसिएशन ऑफ़ हाईवे पैट्रोलमेन सहित नर्सों, दमकल कर्मियों और California के क्लासरूम शिक्षकों का समर्थन प्राप्त है। *बच्चों को वह शिक्षा मिले जिसके वह योग्य हैं, इसके लिए अभी बहुत कुछ करना बाकी है।* आदर के साथ, मैं आपका समर्थन और वोट माँगता हूँ ताकि मैं अपने छात्रों व उनके भविष्य के लिए कार्य करता रहूँ।

*वक्तव्यों का क्रम लॉट द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ के वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा भिजवाए गए थे और उनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य, उम्मीदवार द्वारा स्वैच्छिक रूप से प्रस्तुत किया गया था और इसे उम्मीदवार के खर्च पर ही मुद्रित किया जाता है। ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किए थे, वे मतपत्र पर प्रकट होने के लिए अन्यथा रूप में पात्र हो सकते हैं।*

LYDIA A. GUTIÉRREZ
P.O. Box 1274
Lomita, CA 90717
(310) 503-0389
lydia@lydia4schools.com
www.lydia4schools.com

बच्चों को सर्वोच्च प्राथमिकता देना मेरे जीवन की असली ताकत है—और मेरा जुनून भी है। मेरा मानना है कि अभिभावक, शिक्षक और स्थानीय स्कूल बोर्ड जानते हैं कि हमारे बच्चों की अकादमिक सफलता के लिए क्या सबसे उचित है। बतौर टीचर 25 साल, नेबरहुड काउंसिल में 6 साल और पूर्व एयरोस्पेस प्रशासक, मेरा अनुभव 21वीं सदी की शैक्षिक आवश्यकताओं के प्रति मुझे एक अलग नज़रिया और समझ प्रदान करता है। मेरी शपथ: मैं संघीय सरकार के उन अनिवार्य परीक्षणों का अंत करूंगी जिसके कारण अन्य स्वतंत्र कलाएं एक तरफ हो गईं और उनकी अब तक शैक्षिक जवाबदेही है। मैं "वैज्ञानिक रूप से सिद्ध" मापदंड लाऊँगी जो विकास संबंधी और आयु के अनुसार हैं, जिनमें बच्चों की कुछ खास आवश्यकताएं भी शामिल हैं। मैं बच्चों को यौन हिंसा का शिकार बनाने वाले दरिंदों से बचाने और गैंग जीवन के स्वस्थ्य विकल्प तैयार करने के कानूनों पर ज़ोर दूँगी। मैं सरकारी और चार्टर स्कूलों के खर्चों को पारदर्शी बनाकर इस बात की गारंटी दूँगी कि हमारे कर डॉलर्स का उपयोग हमारे बच्चों की शिक्षा, जैसे स्कूल के बाद की शिक्षा में होगा। मैं यह निश्चित करूँगी कि "कॉलेज और कैरियर की तैयारी" पूर्ण अकादमिक विषयों के साथ में कला, संगीत, और साहित्य का एक संतुलन हो, जिससे नवीन विचारों को नींव मिलेगी; इसलिए ही प्रत्येक स्कूल, ग्रेजुएशन के बाद आज़ादी के लिए छात्रों को तैयार करने हेतु जीवन संबंधी और व्यावहारिक व्यापार कौशल के कार्यक्रम पेश करेगा। अंततया, मैं हमारे संस्थापकों, संविधान, और संयुक्त राज्य अमेरिका की अखंडता सहित, सभी पहलूओं के संबंध में हमारी पाठ्यपुस्तकों में सटीकता की पुष्टि करूँगी। संपूर्ण California में अभिभावकों और स्थानीय क्लासरूम शिक्षकों का समर्थन प्राप्त होने पर मुझ गर्व है। आइए हम मिलकर, *हमारे बच्चों को आगे रखें!* आपका विश्वास हासिल करने पर मुझे गौरव का अनुभव होगा।

*वक्तव्यों का क्रम लॉट द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ के वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा भिजवाए गए थे और उनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य, उम्मीदवार द्वारा स्वैच्छिक रूप से प्रस्तुत किया गया था और इसे उम्मीदवार के खर्च पर ही मुद्रित किया जाता है। ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किए थे, वे मतपत्र पर प्रकट होने के लिए अन्यथा रूप में पात्र हो सकते हैं।*

## प्रस्ताव 41

विधानसभा के 2013–2014 के नियमित सत्र (अध्याय 727, 2013 के कानून) के बिल 639 द्वारा प्रस्तावित कानून California संविधान के अनुच्छेद XVI के प्रावधानों के अनुसार लोगों के लिए प्रस्तुत है।

इस प्रस्तावित कानून में सैन्य और सेवानिवृत्त सैनिक संहिता में धारायें जोड़ी गयी हैं; इसलिए, जोड़े जाने के लिए प्रस्तावित नये प्रावधान, यह दर्शाने के लिए कि वे नये हैं, *तिरछे टाइप* में छापे गये हैं।

### प्रस्तावित कानून

खंड 1. सैन्य और सेवानिवृत्त सैनिक संहिता के डिविजन 4 के अध्याय 6 में अनुच्छेद 5y (धारा 998.540 से शुरू होकर) जोड़ा गया है, जिसे इस प्रकार पड़ा जाये:

*अनुच्छेद 5y. वेटरंस हाउसिंग एंड होमलेस प्रिवेंशन बॉण्ड ऐक्ट ऑफ 2014*

*998.540. इस अनुच्छेद को वेटरंस हाउसिंग एंड होमलेस प्रिवेंशन बॉण्ड ऐक्ट ऑफ 2014 के रूप में जाना जायेगा और इसी रूप में उद्धृत किया जा सकता है।*

*998.541. (a) California लगभग दो मिलियन सेवानिवृत्त सैनिकों का ठिकाना है, जो राष्ट्र में किसी भी अन्य राज्य की तुलना में अधिक हैं, और ईराक व अफ़ग़ानिस्तान में युद्ध बंद हो जाने के साथ, अभूतपूर्व संख्या में California के सेवानिवृत्त सैनिक हमारे समुदायों में वापस लौटेंगे, जिनमें से बहुतों को आवास, रोजगार, मानसिक स्वास्थ्य और नशीली दवा सम्बन्धी उपचार, और भौतिक पुनर्वास की ज़रूरत होगी।*

*(b) दुर्भाग्यवश, California बेघर सेवानिवृत्त सैनिकों की संख्या में भी अग्रणी है, राष्ट्र के बेघर सेवानिवृत्त सैनिकों में से लगभग 25 प्रतिशत California में रहते हैं, लगभग 19,000 सेवानिवृत्त सैनिक। California रिसर्च ब्यूरो के अनुसार, बेघर सेवानिवृत्त सैनिकों की संख्या के संदर्भ में Los Angeles पहले नम्बर पर है, उसके बाद San Diego क्षेत्र तीसरे नम्बर पर, और San Francisco खाड़ी क्षेत्र नौवें नम्बर पर आता है।*

*(c) इसके अलावा, राष्ट्र के बेघर सेवानिवृत्त सैनिकों की आबादी की सूरत बदल रही है क्योंकि और अधिक OIF/OEF सेवानिवृत्त सैनिक खुद को बेघरी की दिशा में उत्तरोत्तर बढ़ता हुआ पाते हैं और, तेजी के साथ, महिला सेवानिवृत्त सैनिक और उनके बच्चे अधिक से अधिक संख्या में बेघर सेवानिवृत्त सैनिकों की जनसाँख्यिकी में शामिल हो रहे हैं।*

*(d) मानसिक आघात के तनाव से उत्पन्न विकार, नशीले पदार्थों के दुरुपयोग, और बेरोजगारी, और साथ ही हमारी महिला सेवानिवृत्त सैनिकों के द्वारा अनुभव किये गये यौन आघात की घटनाओं की उच्च दर होने से, ये सभी अक्सर, अपनी ज़िंदगियों को स्थिर करने के लिए बिना उचित सेवायें प्राप्त किये, गैरअनुपातिक रूप से सेवाओं का इस्तेमाल करके उन्हें समाप्त करके हमारी जेलों, अस्पतालों, और उपचार कार्यक्रमों में अंदर-बाहर होते रहते हैं।*

*(e) विधानमंडल को हमारे सेवानिवृत्त सैनिकों की आवासीय ज़रूरतों का जवाब देने के लिए एक व्यापक, समंवित, और लागत-प्रभावी दृष्टिकोण आगे लाना चाहिये। ऐसे दृष्टिकोण को सार्वजनिक और निजी संसाधनों का लाभ उठाना चाहिये और साथ ही आवास और सेवाओं को भी इकट्ठा करना चाहिये।*

*(f) पाँच वर्ष पहले, California वासियों ने CalVet गृह ऋण कार्यक्रम के माध्यम से सेवानिवृत्त सैनिकों की विशिष्ट रूप से एकल परिवार के घर, फार्म, और मोबाइलहोम खरीदने में मदद करने के उद्देश्य से नौ सौ मिलियन डॉलर ($900,000,000) राशि के सामान्य दायित्व बॉण्ड के, प्रस्ताव 12 को मंजूरी देकर हमारे सेवानिवृत्त सैनिकों के प्रति अपनी कृतज्ञता की जबरदस्त ढंग से पुष्टि की।*

*(g) राष्ट्र के आर्थिक संकट और राज्य में मकानों की बिक्री तथा साथ ही हमारे सेवानिवृत्त सैनिकों की बदलती हुई जनसाँख्यिकी के परिणामस्वरूप, प्रस्ताव 12, के रूप में पारित फार्म एंड होम लोन प्रोग्राम पूरी तरह कामयाब नहीं हो पाया। इसके पारित होने के बाद से पाँच वर्षों तक, पूरी नौ सौ मिलियन डॉलर ($900,000,000) की राशि अव्ययित बची हुई है जैसे प्रस्ताव 32 से पाँच सौ मिलियन डॉलर ($500,000,000) , जिसे मतदाताओं के द्वारा 2000 में पारित किया गया था, का एक हिस्सा बचा हुआ है।*

*(h) इस बीच, सेवानिवृत्त सैनिकों की ऐसे बहुपरिवार आवास की ज़रूरत, जो किफायती, सहयोगात्मक, परिवर्ती हो, अपूरित बनी हुई है और इन उद्देश्यों के लिए उपलब्ध सार्वजनिक और निजी संसाधनों का पूरा उपयोग नहीं हो पाया है।*

*(i) California के मतदाताओं को सेवानिवृत्त सैनिकों की वर्तमान आबादी की आवासीय ज़रूरतों और साथ ही उनकी बदलती हुई जनसाँख्यिकी का बेहतर जवाब देने के लिए प्रस्ताव 12 वेटरंस बॉण्ड प्रोग्राम को पुनर्गठित करने का अवसर दिया जाना चाहिये।*

*(j) वेटरंस हाउसिंग एंड होमलेस प्रिवेंशन बॉण्ड ऐक्ट ऑफ 2014 सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए बहुपरिवार आवास के निर्माण और पुनर्वास के लिए अनुमति देने और ऐसे प्रोजेक्ट्स को प्राथमिकता देने के लिए जिनमें आवास के साथ सेवायें भी जुड़ी हों प्रस्ताव 12 की मौजूदा बॉण्ड धनराशियों में से छह सौ मिलियन डॉलर ($600,000,000) को पुनर्गठित करेगा। बॉण्ड धनराशियों का यह पुनर्गठन कर देने के बाद भी, ऐक्ट अभी भी मौजूदा CalVet फार्म एंड होम लोन प्रोग्राम के लिए आधा मिलियन डॉलर से अधिक की राशि संरक्षित रखता है।*

*(k) वेटरंस हाउसिंग एंड होमलेस प्रिवेंशन बॉण्ड ऐक्ट ऑफ 2014 सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए सेवा विकल्पों को विस्तार देगा, लागत-प्रभावी ढंग में सार्वजनिक पैसे का लाभ उठायेगा, बेघर सेवानिवृत्त सैनिकों की संख्या और उससे सम्बन्धित लागतों को घटायेगा, और सेवानिवृत्त सैनिकों की बेघरी खत्म करने के हमारे राष्ट्र के प्रयासों में 2015 तक California को सबसे आगे ले आयेगा।*

*998.542. (a) राज्य सामान्य दायित्व बॉण्ड कानून (सरकारी संहिता के शीर्षक 2 के डिविजन 4 के भाग 3 का अध्याय 4) (धारा 16720 से शुरू होकर), समय-समय पर यथा संशोधित, सिवाय उसमें अन्यथा प्रदत्त प्रावधानों के, इस अनुच्छेद के द्वारा जारी किये जाने के लिए अधिकृत बॉण्ड, के निर्गमन, बिक्री, और उसके पुनर्भुगतान, तथा उससे सम्बन्धित अन्यथा प्रावधानों के उद्देश्य के लिए स्वीकार किया जाता है, और उस कानून के प्रावधान इस अनुच्छेद में शामिल हैं मानो उन्हें इस अनुच्छेद में पूरा बताया गया हो। "इस स्थान पर" इस अनुच्छेद में सभी संदर्भ इस अनुच्छेद और उस कानून से सम्बन्ध रखते हैं।*

*(b) राज्य सामान्य दायित्व बॉण्ड कानून के उद्देश्यों के लिए, डिपार्टमेंट ऑफ वेटरंस अफेयर्स को बोर्ड के रूप में निर्दिष्ट किया गया है। डिपार्टमेंट ऑफ वेटरंस अफेयर्स, California आवास वित्त एजेंसी और आवास एवं सामुदायिक विकास विभाग के परामर्श से बोर्ड के कर्तव्य पूरे करेगा।*

*998.543.* इसमें प्रयोग किये गये अनुसार, निम्नलिखित शब्दों के अर्थ निम्नलिखित हैं:

*(a)* "बोर्ड" का मतलब है डिपार्टमेंट ऑफ वेटरंस अफेयर्स (सेवानिवृत्त सैनिकों के मामलों का विभाग)।

*(b)* "बॉण्ड" का मतलब है सेवानिवृत्त सैनिकों का बॉण्ड, राज्य सामान्य दायित्व बॉण्ड कानून के प्रावधानों का पालन कर रहे इस अनुच्छेद के अनुरूप जारी किया गया, राज्य सामान्य दायित्व बॉण्ड।

*(c)* "बॉण्ड ऐक्ट" का मतलब है राज्य सामान्य दायित्व बॉण्ड्स के निर्गमन को मंजूरी देने वाला और संदर्भ के हिसाब से राज्य सामान्य दायित्व बॉण्ड कानून का पालन करने वाला यह अनुच्छेद।

*(d)* "समिति" का मतलब है धारा 998.547 के अनुरूप स्थापित, सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए आवास वित्त समिति।

*(e)* "कोष" का मतलब है धारा 998.544 के अनुरूप स्थापित, सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए आवास निधि।

*998.544.* *(a)* उपखंड (b) में व्यक्त किये गये उद्देश्यों को पूरा किये जाने के लिए इस्तेमाल किये जाने वाली निधि प्रदान करने के लिए और सरकारी संहिता की धारा 16724.5 के अनुसार निधि केंद्रित सामान्य दायित्व बॉण्ड सम्बन्धी खर्च की प्रतिपूर्ति करने के लिए कुल छह सौ मिलियन डॉलर ($600,000,000) की राशि, या उसमें से जितनी राशि आवश्यक हो, जिसमें कोई बॉण्ड वापसी की राशि शामिल नहीं है, या उसमें से जितनी राशि आवश्यक हो, के बॉण्ड जारी किये जा सकते हैं और बेचे जा सकते हैं। बेचे जाने पर, बॉण्ड्स स्टेट ऑफ California का एक वैध और बाध्यकारी दायित्व होंगे और दायित्व गठित करेंगे, स्टेट ऑफ California का पूर्ण विश्वास और साख को, मूलधन के रूप में बॉण्ड्स और उन पर देय ब्याज, दोनों के यथासमय भुगतान के लिए एतद्द्वारा गिरवी रखा जाता है।

*(b)* इस धारा के अनुसार जारी किये गये और बेचे गये बॉण्ड्स से प्राप्त धनराशियां वेटरंस हाउसिंग एंड होमलेस प्रिवेंशन बॉण्ड ऐक्ट ऑफ 2014 (अनुच्छेद 3.2 (धारा 987.001 से शुरू होकर)), और सेवानिवृत्त सैनिकों और उनके परिवारों को आवास प्रदान करने के उद्देश्य के लिए बाद के किसी भी ऐसे वैधानिक अधिनियमन जो ऐक्ट को संशोधित करता हो या किसी भी उत्तराधिकारी ऐक्ट को अधिनियमित या संशोधित करता हो, के अनुसार सेवानिवृत्त सैनिकों और उनके परिवारों को बहुपरिवार आवास प्रदान करने हेतु एक कोष बनाने के उद्देश्यों के लिए बोर्ड को उपलब्ध करायी जायेंगी।

*(c)* विधानमंडल, कार्यक्रम की दक्षता, प्रभावकारिता, और जवाबदेही में सुधार लाने के उद्देश्य के लिए, या कार्यक्रम के समग्र लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य के लिए समय-समय पर, बहुमत से, इस ऐक्ट के प्रावधानों में संशोधन कर सकता है।

*(d)* इस अनुच्छेद के अनुसार जारी किये गये और बेचे गये बॉण्ड्स से प्राप्त धनराशियां हाउसिंग फॉर वेटरंस फंड, जो एतद्द्वारा बनाया जाता है, में जमा की जायेंगी।

*998.546.* इस अनुच्छेद के द्वारा अधिकृत बॉण्ड्स राज्य सामान्य दायित्व बॉण्ड कानून (सरकारी संहिता के शीर्षक 2 के डिविजन 4 के भाग 3 के अध्याय 4 (धारा 16720 से शुरू होकर) ) में बताये अनुसार तैयार किये जायेंगे, निष्पादित किये जायेंगे, बेचे जायेंगे, भुगतान किये जायेंगे, और मुक्त किये जायेंगे, और सरकारी संहिता की धारा 16727 के उपखंड (a) और (b) को छोड़ कर उस कानून के सभी प्रावधान, बॉण्ड्स और इस अनुच्छेद के लिए लागू होंगे और वे एतद्द्वारा इस अनुच्छेद में शामिल किये जाते हैं मानो वे पूरी तरह इसी अनुच्छेद में बताये गये हों।

*998.547.* केवल इस अनुच्छेद के द्वारा अधिकृत बॉण्ड्स के राज्य सामान्य दायित्व बॉण्ड कानून के अनुसार निर्गमन और उनकी बिक्री को मंजूरी देने के उद्देश्य के लिए, सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए आवास वित्त समिति एतद्द्वारा बनायी जाती है। इस अनुच्छेद के उद्देश्यों के लिए, सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए आवास वित्त समिति राज्य सामान्य दायित्व बॉण्ड कानून में प्रयुक्त शब्द के अनुसार "समिति" है। इस समिति में नियंत्रक, कोषाध्यक्ष, वित्त निदेशक, व्यापार, उपभोक्ता सेवायें, और आवास सचिव, और सेवानिवृत्त सैनिकों के मामलों के सचिव, या उनके निर्दिष्ट प्रतिनिधि शामिल होते हैं। कोषाध्यक्ष समिति के अध्यक्ष के रूप में काम करेगा। समिति के सदस्यों का बहुमत समिति के लिए काम कर सकता है।

*998.548.* समिति निर्धारित करेगी कि क्या धारा 998.544 में बताये गये कार्यों को पूरा करने के लिए इस अनुच्छेद के अनुसार अधिकृत बॉण्ड्स जारी करना आवश्यक या वांछनीय है या नहीं और, अगर ऐसा है, तो जारी किये जाने वाले और बेचे जाने वाले बॉण्ड्स की राशि। उन कार्यों को उत्तरोत्तर पूरा करने के लिए बॉण्ड्स के क्रमानुसार इश्यु अधिकृत किये जा सकते हैं और बेचे जा सकते हैं, और यह आवश्यक नहीं है कि जारी किये जाने के लिए अधिकृत सभी बॉण्ड्स एक ही समय पर बेचे जायें।

*998.549.* राज्य की सामान्य राजस्व राशियों के अलावा, बॉण्ड्स के मूलधन, और उस पर लगने वाले ब्याज का भुगतान करने के लिए आवश्यक राशि हर साल उसी ढंग में और उसी समय पर वसूल की जायेगी जैसे अन्य राजकीय राजस्व वसूल किया जाता है। कानून द्वारा राजस्व वसूली के सम्बन्ध में किसी भी काम के लिए निर्दिष्ट किये गये सभी प्रभारी अधिकारियों का कर्तव्य है कि वे उस अतिरिक्त राशि की वसूली करने के लिए आवश्यक हर कार्य का निष्पादन करें।

*998.550.* सरकारी संहिता की धारा 13340 के होते हुए भी, इस अनुच्छेद के उद्देश्यों के लिए, राजकीय ट्रेजरी के सामान्य कोष से, निम्नलिखित के योग के बराबर राशि एतद्द्वारा विनियोजित की जाती है:

*(a)* इस अनुच्छेद के अनुसार जारी किये गये और बेचे गये बॉण्ड्स के मूलधन, और उस पर लगने वाले ब्याज का भुगतान करने के लिए वार्षिक रूप से आवश्यक राशि, जैसे ही मूलधन और ब्याज देय हो।

*(b)* धारा 998.551 के कार्यों को पूरा करने के लिए आवश्यक राशि, वित्तीय वर्षों का लिहाज किये बिना विनियोजित।

*998.551.* इस अनुच्छेद को कार्यांवित करने के उद्देश्यों के लिए, वित्त निदेशक सामान्य कोष से अधिकतम ऐसे अविक्रित बॉण्ड्स, जिन्हें इस अनुच्छेद को कार्यांवित करने के उद्देश्य के लिए बेचे जाने के लिए समिति के द्वारा अधिकृत कर दिया गया हो, की राशि के बराबर धनराशि की निकासी अधिकृत कर सकता है। निकाली गयीं कोई भी धनराशियां कोष में जमा की जायेंगी। इस धारा के तहत उपलब्ध कराया गया कोई भी धन इस अनुच्छेद को कार्यांवित करने के उद्देश्य के लिए बॉण्ड्स की बिक्री से प्राप्त धनराशियों से सामान्य कोष को वापस कर दिया जायेगा।

*998.552.* कोष में जमा किया गया ऐसा समस्त धन जिसकी उत्पत्ति बेचे गये बॉण्ड्स पर ऐसे प्रीमियम और उपार्जित ब्याज से हुई हो, जो बॉण्ड्स को जारी किये जाने की लागतों का भुगतान करने के लिए प्रयुक्त प्रीमियम की राशि से अधिक हो, कोष में आरक्षित रहेगा और वह धन बॉण्ड ब्याज के खर्चों में क्रेडिट के रूप में सामान्य कोष में ट्रांसफर किये जाने के लिए उपलब्ध होगा।

*998.553. सरकारी संहिता के शीर्षक 2 के डिविजन 4 के भाग 3 के अध्याय 4 (धारा 16720 से शुरू होकर) के अनुसार, बॉण्ड निर्गमन की समस्त लागत या उसका एक हिस्से का भुगतान बॉण्ड की बिक्री से प्राप्त धनराशियों से किया जा सकता है, इसमें बॉण्ड्स की बिक्री से उत्पन्न कोई प्रीमियम भी शामिल है। ये लागतें इस बॉण्ड ऐक्ट के माध्यम से वित्तपोषित हर कार्यक्रम के द्वारा अनुपातिक रूप में बांट दी जायेंगी।*

*998.554. इस अनुच्छेद को कार्यांवित करने के उद्देश्यों के लिए सरकारी संहिता की धारा 16312 के अनुसार, बोर्ड अंतरिम वित्तपोषण के अन्य अधिकृत स्वरूपों सहित, जिनमें वाणिज्यिक पेपर शामिल है, लेकिन इसी तक सीमित नहीं हैं, पूल्ड मनी इंवेस्टमेंट बोर्ड को पूल्ड मनी इंवेस्टमेंट अकाउंट से ऋण देने के लिए अनुरोध कर सकता है। इस अनुरोध की राशि ऐसे अबिक्रित बॉण्ड्स की राशि से अधिक नहीं होगी, जिन्हें समिति ने, संकल्प के द्वारा, इस अनुच्छेद को कार्यांवित करने के उद्देश्यों के लिए बेचे जाने के लिए अधिकृत कर दिया है। बोर्ड ऋण प्राप्त करने और उसे अदा करने के लिए पूल्ड मनी इंवेस्टमेंट बोर्ड द्वारा आवश्यक कोई भी दस्तावेज निष्पादित करेगा। उधार दी गयीं कोई भी राशियां बोर्ड द्वारा इस अनुच्छेद के अनुसार आबंटित किये जाने वाले कोष में जमा की जायेंगी।*

*998.555. बॉण्ड्स सरकारी संहिता के शीर्षक 2 के डिविजन 4 के भाग 3 के अध्याय 4 के अनुच्छेद 6 (धारा 16780 से शुरू होकर) के अनुसार, वापस किये जा सकते हैं, जोकि राज्य सामान्य दायित्व बॉण्ड कानून का हिस्सा है। इस अनुच्छेद में वर्णित बॉण्ड्स के निर्गमन के लिए राज्य के मतदाताओं द्वारा दी जाने वाली मंजूरी में इस अनुच्छेद के तहत मूल रूप से जारी किये गये कोई भी बॉण्ड्स को वापस करने के लिए जारी किये जाने वाले कोई भी बॉण्ड्स की मंजूरी शामिल है।*

*998.556. इस अनुच्छेद, या राज्य सामान्य दायित्व बॉण्ड कानून के किसी भी अन्य प्रावधान के होते हुए भी, कोषाध्यक्ष बॉण्ड की बिक्री से प्राप्त धनराशियों के निवेश के लिए और बिक्री से प्राप्त उन धनराशियों पर अर्जित आय के निवेश के लिए अलग अकाउंट रख सकता है। कोषाध्यक्ष बिक्री से प्राप्त उन धनराशियों या अर्जित आय का उपयोग संघीय कानून के तहत आवश्यक कोई भी छूट, जुर्माना, या अन्य भुगतान अदा करने या संघीय टैक्स कानून के तहत आवश्यक या वांछित बॉण्ड की बिक्री से प्राप्त उन धनराशियों के निवेश और उपयोग के सम्बन्ध में कोई अन्य कार्यवाही करने या इस राज्य की धनराशियों की ओर से संघीय कानून के तहत कोई अन्य फायदा लेने के लिए कर सकता है या उपयोग को निर्देशित कर सकता है।*

*998.557. विधानमंडल एतद्द्वारा जानता है और घोषित करता है कि, इस अनुच्छेद के द्वारा अधिकृत बॉण्ड्स की बिक्री से प्राप्त धनराशियां "टैक्सों से प्राप्त धनराशियां" नहीं हैं जैसे वह शब्द California के संविधान के अनुच्छेद XIII B में प्रयोग किया गया है, इन धनराशियों का वितरण उस अनुच्छेद के द्वारा लगायी गयी पाबंदियों के आधीन नहीं है।*

## प्रस्ताव 42

सीनेट संवैधानिक 2013–2014 नियमित सत्र का संशोधन 3 (संकल्प अध्याय 123, 2013 के अधिनियम) द्वारा प्रस्तावित यह संशोधन California के संविधान को उसकी धाराओं में संशोधन करके स्पष्ट रूप से संशोधित करता है; इसलिए, जोड़े जाने के लिए प्रस्तावित नये प्रावधानों को यह दर्शाने के लिए कि वे नये हैं *तिरछे टाइप* में छापे गये हैं।

**अनुच्छेद I के खंड 3 और अनुच्छेद XIII B के खंड 6 में प्रस्तावित संशोधन**

पहला—कि अनुच्छेद I का खंड 3 यह पढ़े जाने के लिए संशोधित किया जाता है:

खंड 3. (a) लोगों को अपने प्रतिनिधियों को निर्देश देने, शिकायतों के निवारण के लिए सरकार को याचिका देने, और लोकहित के लिए स्वतंत्र रूप से इकट्ठा होने का अधिकार है।

(b) (1) लोगों को लोगों के कारोबार के संचालन से सम्बंधित जानकारी की सुलभता का अधिकार है, और, इसलिए, सार्वजनिक निकायों की बैठकें और सरकारी अधिकारियों व एजेंसियों के लेखन रिकॉर्ड सार्वजनिक जाँच के लिए खुले होंगे।

(2) किसी कानून, अदालती नियम, या अन्य प्राधिकार, जिनमें वे भी शामिल हैं जो इस उपखंड की प्रभावी तारीख पर प्रभावी हैं, का सुविस्तृत अर्थ लगाया जायेगा अगर वह लोगों के सुलभता के अधिकार को आगे बढ़ाता है, और उसका संकीर्ण अर्थ लगाया जायेगा अगर वह लोगों के सुलभता के अधिकार को सीमित करता है। इस उपखंड की प्रभावी तारीख के बाद अपनाया गया कोई ऐसा कानून, अदालती नियम, या अन्य प्राधिकार, जो सुलभता के अधिकार को सीमित करता हो, उस परिसीमा यानि पाबंदी के द्वारा संरक्षित हित और उस हित की रक्षा करने की ज़रूरत को दर्शाने वाले निष्कर्षों के साथ अपनाया जायेगा।

(3) इस उपखंड में कुछ भी खंड 1 के द्वारा गारंटित निजता के अधिकार की जगह नहीं लेता है या उसे संशोधित नहीं करता है या किसी कानून, अदालती नियम, या अन्य प्राधिकार के निर्माण को उस हद तक प्रभावित नहीं करता है कि यह निजता के उस अधिकार की रक्षा करे, इसमें किसी पीस ऑफिसर के आधिकारिक प्रदर्शन या व्यावसायिक योग्यताओं से सम्बन्धित खोज या जानकारी के प्रकटीकरण को नियंत्रित करने वाली कोई भी वैधानिक कार्यविधियां शामिल है।

(4) इस उपखंड में कुछ भी इस संविधान के किसी भी प्रावधान की जगह नहीं लेता है या उसे संशोधित नहीं करता है, जिसमें ऐसी गारंटियां भी शामिल हैं कि किसी व्यक्ति को कानून की उचित प्रक्रिया के बिना जीवन, स्वतंत्रता, या सम्पत्ति से वंचित नहीं किया जा सकता है, या उसे कानूनों के समान संरक्षण से इंकार नहीं किया जा सकता है, जैसा खंड 7 में बताया गया है।

(5) यह उपखंड स्पष्ट रूप से या आशय के द्वारा, सार्वजनिक रिकॉर्ड या सार्वजनिक निकायों की बैठकों की सुलभता के किसी भी ऐसे संवैधानिक या सांविधिक अपवाद को निरस्त नहीं करता या उसे अमान्य घोषित नहीं करता जो इस उपखंड की प्रभावी तारीख पर प्रभावी हो, जिसमें शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है, कानून प्रवर्तन और अभियोजन रिकॉर्ड की गोपनीयता की रक्षा करने वाला कोई भी कानून।

(6) इस उपखंड में कुछ भी राज्य के कानून के अनुच्छेद IV के खंड 7 या उन प्रावधानों को आगे बढ़ाने के लिए अपनाये गये वैधानिक नियमों के द्वारा प्रदत्त विधानमंडल, विधानमंडल के सदस्यों, और उसके कर्मचारियों, समितियों, और गुटों की कार्यवाही और रिकॉर्ड की गोपनीयता के संरक्षणों को निरस्त नहीं करता, अमान्य घोषित नहीं करता, उनकी जगह नहीं लेता, या उन्हें संशोधित नहीं करता; ना ही यह विधानमंडल, विधानमंडल के सदस्यों, और उसके कर्मचारियों, समितियों, और गुटों के विचार-विमर्श के सम्बन्ध में न्यायिक या प्रशासनिक कार्यवाही में अनुमत खोज के दायरे को प्रभावित करता है।

*(7) पैराग्राफ (1) में दिये गये ब्यौरे के अनुसार, सार्वजनिक निकायों की बैठकों और सरकारी अधिकारियों व एजेंसियों के लेखन रिकॉर्ड की सार्वजनिक सुलभता सुनिश्चित करने के लिए, हर स्थानीय एजेंसी के लिए एतद्द्वारा California सार्वजनिक रिकॉर्ड ऐक्ट (सरकारी संहिता के शीर्षक 1 के डिविजन 7 के अध्याय 3.5 (धारा 6250 से शुरू होकर) और Ralph M. Brown ऐक्ट (सरकारी संहिता के शीर्षक 5 के डिविजन 2 के भाग 1 के (अध्याय 9 (धारा 54950 से शुरू होकर), तथा इसके बाद का या तो उत्तराधिकारी ऐक्ट का अधिनियन करने वाला ऐक्ट, या किसी भी ऐसे उत्तराधिकारी ऐक्ट में संशोधन करने वाला ऐक्ट जिसमें यह प्रदर्शित करने वाले निष्कर्ष शामिल हों कि यह सांविधिक अधिनियमन इस धारा के उद्देश्यों को आगे बढ़ाता है।*

दूसरा—कि अनुच्छेद XIII B का खंड 6 यह पढ़े जाने के लिए संशोधित किया जाता है:

खंड 6. (a) जब कभी भी विधानमंडल या कोई राज्य एजेंसी किसी स्थानीय सरकार पर कोई नया कार्यक्रम या उच्चतर स्तर की सेवा का जनादेश देती है, तो राज्य उस कार्यक्रम या सेवा के बढ़े हुए स्तर की लागतों के लिए उस स्थानीय सरकार की प्रतिपूर्ति करने के लिए धनराशियों का अनुदान प्रदान करेंगे, सिवाय इसके कि विधानमंडल निम्नलिखित जनादेशों के लिए धनराशियों का अनुदान प्रदान कर सकता है, लेकिन ऐसा करना ज़रूरी नहीं है:

(1) स्थानीय एजेंसी द्वारा मांगे गये विधायी जनादेश से प्रभावित।

(2) किसी नये अपराध को परिभाषित करता हुआ या किसी अपराध की मौजूदा परिभाषा को बदलता हुआ कानून।

(3) विधायी जनादेश जनवरी 1, 1975 से पूर्व अधिनियमित हो, या शुरुआत में कानून को लागू करने वाले कार्यकारी आदेश अथवा विनियम जनवरी 1, 1975 से पूर्व अधिनियमित हों।

*(4) अधिनियमों में शामिल विधायी जनादेश अनुच्छेद I के खंड 3 के उपभाग (b) के पैराग्राफ (7) के दायरे में हो।*

(b) (1) जैसा पैराग्राफ (2) में दिया गया है, को छोड़ कर, 2005–06 वित्तीय वर्ष और उसके बाद के प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए, ऐसे जनादेश के लिए जिसके लिए कानून के अनुसार राज्य द्वारा देय दावेदार स्थानीय सरकार की लागतें पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष में निर्धारित की जा चुकी हैं, विधानमंडल कानून द्वारा निर्धारित ढंग में, या तो ऐसी पूरी देय राशि, जिसका पूर्व में भुगतान नहीं किया गया है, को वार्षिक बजट ऐक्ट में विनियोजित करेगा, या उस वित्तीय वर्ष के लिए जनादेश के संचालन को निलम्बित करेगा, जिसके लिए वार्षिक बजट ऐक्ट लागू होता है।



(2) 2004–05 वित्तीय वर्ष से पूर्व खर्च की गयीं लागतों के लिए देय दावों जिनका भुगतान 2005–06 वित्तीय वर्ष से पूर्व नहीं किया गया है, का भुगतान, कानून द्वारा निर्धारित वर्षों में किया जा सकता है।

(3) किसी नये कार्यक्रम या उच्चतर स्तर की सेवा की लागतों की किसी स्थानीय सरकार को प्रतिपूर्ति करने के लिए यथामूल्य सम्पत्ति कर राजस्व राशियों का उपयोग नहीं किया जायेगा।

(4) उपखंड किसी जनादेश के लिए केवल तभी लागू होता है जब यह किसी शहर, काउंटी, शहर और काउंटी, या विशेष डिस्ट्रिक्ट को प्रभावित करता हो।

(5) उपखंड किसी भी स्थानीय सरकार के कर्मचारी या सेवानिवृत्त कर्मचारी, या किसी भी स्थानीय सरकार के कर्मचारी संगठन को कोई भी कार्यविधि सम्बंधी या मूलभूत सुरक्षा, अधिकार, लाभ, या रोजगार की स्थिति को प्रदान करने ता स्वीकार करने के लिए किसी ऐसी आवश्यकता के लिए लागू नहीं होगा, जो स्थानीय सरकार के रोजगार से पैदा होती हो, प्रभावित करती हो, या सीधे उसके भविष्य, वर्तमान, या अतीत से सम्बंध रखती हो और जो इस खंड के आधीन जनादेश गठित करती हो।

(c) आदेशित नये कार्यक्रम या उच्चतर स्तर की सेवा में विधानमंडल के द्वारा किसी ऐसे आवश्यक कार्यक्रम के लिए पूरी या आंशिक वित्तीय जिम्मेदारी का राज्य से शहरों, काउंटियों, शहरों और काउंटियों, या विशेष डिस्ट्रिक्ट्स को ट्रांसफर शामिल है जिसके लिए पूर्व में पूरी या आंशिक वित्तीय जिम्मेदारी राज्य के पास थी।

**ALAMEDA काउंटी**
1225 Fallon Street, Room G-1
Oakland, CA 94612
(510) 272-6933 या (510) 272-6973
*www.acgov.org/rov*

**ALPINE काउंटी**
50 Diamond Valley Road
Woodfords, CA 96120
P.O. Box 158
Markleeville, CA 96120
(530) 694-2281
*www.alpinecountyca.gov*

**AMADOR काउंटी**
810 Court Street
Jackson, CA 95642
(209) 223-6465
*www.amadorgov.org*

**BUTTE काउंटी**
25 County Center Drive, Suite 110
Oroville, CA 95965-3361
(530) 538-7761 या
(800) 894-7761 (केवल Butte काउंटी)
*http://buttevotes.net*

**CALAVERAS काउंटी**
891 Mountain Ranch Road
San Andreas, CA 95249
(209) 754-6376
*www.elections.calaverasgov.us*

**COLUSA काउंटी**
546 Jay Street, Suite 200
Colusa, CA 95932
(530) 458-0500 या (877) 458-0501
*www.countyofcolusa.org/elections*

**CONTRA COSTA काउंटी**
555 Escobar Street
P.O. Box 271
Martinez, CA 94553
(925) 335-7800 या (925) 335-7874
*www.cocovote.us*

**DEL NORTE काउंटी**
981 H Street, Suite 160
Crescent City, CA 95531
(707) 464-7216
*www.co.del-norte.ca.us*

**EL DORADO काउंटी**
2850 Fairlane Court
P.O. Box 678001
Placerville, CA 95667
(530) 621-7480 या (800) 730-4322
*www.edcgov.us/elections*

**FRESNO काउंटी**
2221 Kern Street
Fresno, CA 93721
(559) 600-VOTE (8683)
*www.co.fresno.ca.us/elections*

**GLENN काउंटी**
516 W. Sycamore Street, 2nd Floor
Willows, CA 95988
(530) 934-6414
*www.countyofglenn.net/govt/departments/elections*

**HUMBOLDT काउंटी**
3033 H Street, Room 20
Eureka, CA 95501
(707) 445-7481
*www.co.humboldt.ca.us/election*

**IMPERIAL काउंटी**
940 W. Main Street, Suite 206
El Centro, CA 92243
(760) 482-4226 या (760) 482-4285
*www.co.imperial.ca.us/elections*

**INYO काउंटी**
168 N. Edwards Street
P.O. Drawer F
Independence, CA 93526
(760) 878-0224 या (760) 878-0410
*www.inyocounty.us/Recorder/Clerk-Recorder.html*

**KERN काउंटी**
1115 Truxtun Avenue, 1st Floor
Bakersfield, CA 93301
(661) 868-3590
*www.co.kern.ca.us/elections*

**KINGS काउंटी**
1400 W. Lacey Boulevard
Hanford, CA 93230
(559) 852-4401
*www.countyofkings.com*

**LAKE काउंटी**
255 N. Forbes Street, Room 209
Lakeport, CA 95453
(707) 263-2372
*www.co.lake.ca.us/Government/Directory/ROV.htm*

**LASSEN काउंटी**
220 S. Lassen Street, Suite 5
Susanville, CA 96130
(530) 251-8217 या (530) 251-8352
*www.lassencounty.org*

**LOS ANGELES काउंटी**
12400 Imperial Highway
Norwalk, CA 90650
P.O. Box 54187
Los Angeles, CA 90099-4684
(800) 815-2666
*voterinfo@rrcc.lacounty.gov*
*www.lavote.net*

**MADERA काउंटी**
200 W. 4th Street
Madera, CA 93637
(559) 675-7720 या (800) 435-0509
*www.madera-county.com*

**MARIN काउंटी**
3501 Civic Center Drive, Room 121
San Rafael, CA 94903
P.O. Box E
San Rafael, CA 94913-3904
(415) 473-6456
*www.marinvotes.org*

**MARIPOSA काउंटी**
4982 10th Street
P.O. Box 247
Mariposa, CA 95338
(209) 966-2007
*www.mariposacounty.org*

**MENDOCINO काउंटी**
501 Low Gap Road, Room 1020
Ukiah, CA 95482
(707) 234-6827
*www.co.mendocino.ca.us/acr*

**MERCED काउंटी**
2222 M Street, Room 14
Merced, CA 95340
(209) 385-7541 या (800) 561-0619
*www.mercedelections.org*

**MODOC काउंटी**
108 E. Modoc Street
Alturas, CA 96101
(530) 233-6205
*www.co.modoc.ca.us*

**MONO काउंटी**
74 N. School Street
P.O. Box 237
Bridgeport, CA 93517
(760) 932-5537 या (760) 932-5534
*www.monocounty.ca.gov*

**MONTEREY काउंटी**
1370-B S. Main Street
Salinas, CA 93901
P.O. Box 4400
Salinas, CA 93912
(831) 796-1499 या (866) 887-9274
*www.montereycountyelections.us*

**NAPA काउंटी**
900 Coombs Street, Suite 256
Napa, CA 94559
(707) 253-4321 या (707) 253-4374
*www.countyofnapa.org*

**NEVADA काउंटी**
950 Maidu Avenue, Suite 250
Nevada City, CA 95959
(530) 265-1298
*www.mynevadacounty.com/nc/elections*

**ORANGE काउंटी**
1300 S. Grand Avenue, Building C
Santa Ana, CA 92705
P.O. Box 11298
Santa Ana, CA 92711
(714) 567-7600
*www.ocvote.com*

**PLACER काउंटी**
2956 Richardson Drive
Auburn, CA 95603
(530) 886-5650 या (800) 824-8683
*www.placerelections.com*

**PLUMAS काउंटी**
520 Main Street, Room 102
Quincy, CA 95971
(530) 283-6256
*www.countyofplumas.com*

**RIVERSIDE काउंटी**
2724 Gateway Drive
Riverside, CA 92507
(951) 486-7200
*www.voteinfo.net*

**SACRAMENTO काउंटी**
7000 65th Street, Suite A
Sacramento, CA 95823
(916) 875-6451
*www.elections.saccounty.net*

**SAN BENITO काउंटी**
440 5th Street, Room 206
Hollister, CA 95023
(831) 636-4016 या (877) 777-4017
*www.sbcvote.us*

**SAN BERNARDINO काउंटी**
777 E. Rialto Avenue
San Bernardino, CA 92415
(909) 387-8300
*www.sbcountyelections.com*

**SAN DIEGO काउंटी**
5600 Overland Avenue
San Diego, CA 92123
(858) 565-5800 या (800) 696-0136
*www.sdvote.com*

**SAN FRANCISCO काउंटी**
1 Dr. Carlton B. Goodlett Place,
Room 48
San Francisco, CA 94102
(415) 554-4375
*www.sfelections.org*

**SAN JOAQUIN काउंटी**
44 N. San Joaquin Street, Suite 350
Stockton, CA 95202
P.O. Box 810
Stockton, CA 95201
(209) 468-2885
*www.sjcrov.org*

**SAN LUIS OBISPO काउंटी**
1055 Monterey Street, D120
San Luis Obispo, CA 93408
(805) 781-5228 या (805) 781-5080
*www.slovote.com*

**SAN MATEO काउंटी**
40 Tower Road
San Mateo, CA 94402
(650) 312-5222
*www.shapethefuture.org*

**SANTA BARBARA काउंटी**
4440-A Calle Real
Santa Barbara, CA 93110
P.O. Box 61510
Santa Barbara, CA 93160-1510
(800) SBC-VOTE या (805) 568-2200
*www.sbcvote.com*

**SANTA CLARA काउंटी**
1555 Berger Drive
San Jose, CA 95112
P.O. Box 611360
San Jose, CA 95161
(408) 299-VOTE (8683)
*www.sccvote.org*

**SANTA CRUZ काउंटी**
701 Ocean Street, Room 210
Santa Cruz, CA 95060
(831) 454-2060 या (866) 282-5900
*www.votescount.com*

**SHASTA काउंटी**
1643 Market Street
Redding, CA 96001
P.O. Box 990880
Redding, CA 96099-0880
(530) 225-5730
*www.elections.co.shasta.ca.us*

**SIERRA काउंटी**
100 Courthouse Square, Room 11
P.O. Drawer D
Downieville, CA 95936
(530) 289-3295
*www.sierracounty.ca.gov*

**SISKIYOU काउंटी**
510 N. Main Street
Yreka, CA 96097
(530) 842-8084 या
(888) 854-2000 एक्सटेंशन 8084
*www.sisqvotes.org*

**SOLANO काउंटी**
675 Texas Street, Suite 2600
Fairfield, CA 94533
(707) 784-6675
*www.solanocounty.com/elections*

**SONOMA काउंटी**
435 Fiscal Drive
Santa Rosa, CA 95403
P.O. Box 11485
Santa Rosa, CA 95406-1485
(707) 565-6800 या
(800) 750-VOTE (8683)
*vote.sonoma-county.org*

**STANISLAUS काउंटी**
1021 I Street, Suite 101
Modesto, CA 95354
(209) 525-5200
*www.stanvote.com*

**SUTTER काउंटी**
1435 Veterans Memorial Circle
Yuba City, CA 95993
(530) 822-7122
*www.suttercounty.org/elections*

**TEHAMA काउंटी**
444 Oak Street, Room C
P.O. Box 250
Red Bluff, CA 96080
(530) 527-8190 या (530) 527-0454
*www.co.tehama.ca.us*

**TRINITY काउंटी**
11 Court Street
P.O. Box 1215
Weaverville, CA 96093
(530) 623-1220
*www.trinitycounty.org*

**TULARE काउंटी**
5951 S. Mooney Boulevard
Visalia, CA 93277
(559) 624-7300 या (559) 624-7302
*www.tularecounty.ca.gov/registrarofvoters*

**TUOLUMNE काउंटी**
2 S. Green Street
Sonora, CA 95370
(209) 533-5570
*www.tuolumnecounty.ca.gov*

**VENTURA काउंटी**
800 S. Victoria Avenue
Ventura, CA 93009
(805) 654-2664
*venturavote.org*

**YOLO काउंटी**
625 Court Street, Room B05
Woodland, CA 95695
P.O. Box 1820
Woodland, CA 95776
(530) 666-8133 या (800) 649-9943
*www.yoloelections.org*

**YUBA काउंटी**
915 8th Street, Suite 107
Marysville, CA 95901
(530) 749-7855
*www.yubaelections.org*

## निम्नलिखित के लिए राजकीय सचिव की वेबसाइट देखें:

- अनुसंधान अभियान सम्बन्धी योगदान और लॉबींग गतिविधि
  *http://cal-access.sos.ca.gov*

- दूसरी भाषाओं में मतदाता मार्गदर्शिकायें देखें
  *www.voterguide.sos.ca.gov*

- चुनाव के दिन अपने मतदान स्थल का पता करें
  *www.sos.ca.gov/elections/find-polling-place.htm*

- डाक-द्वारा-मतदान करने के मतपत्र सम्बन्धी जानकारी प्राप्त करें
  *www.sos.ca.gov/elections/elections_m.htm*

- पहली-बार मतदान करने वाले मतदाताओं के लिए उपयोगी जानकारी प्राप्त करें
  *www.sos.ca.gov/elections/new-voter/hindi*

- चुनाव के दिन मतदान बंद हो जाने के बाद चुनाव नतीजों का सीधा प्रसारण देखें
  *http://vote.sos.ca.gov*

---

## क्या आप पिछली बार मतदान करने के बाद से कहीं और चले गये हैं?

जब आप कहीं और चले जायें, तो अपने मतदाता पंजीकरण को अद्यतन कराना महत्वपूर्ण है। ऐसा करना सुनिश्चित करेगा कि आप सभी उपयुक्त उम्मीदवारों और विधेयकों के पक्ष में मतदान कर पायें, और यह भी कि आपको चुनाव सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारी डाक में प्राप्त हो।

3 जून, 2014, राज्यव्यापी सीधे प्राथमिक चुनाव में मतदान करने के लिए पंजीकरण कराने के लिए आखिरी दिन, सोमवार, 19 मई, 2014 है।

अगर आप अपने नये पते पर 19 मई, 2014 के बाद गये थे, तो आप अपने पूर्व मतदान स्थल पर मतदान कर सकते हैं।

मतदाता पंजीकरण के सम्बन्ध में और अधिक जानकारी के लिए, कृपया राजकीय सचिव के कार्यालय से (888) 345-2692 पर सम्पर्क करें या *www.sos.ca.gov* वेबसाइट देखें।

# मतदाता अधिकारों की सूची

1. आपको वोट डालने का अधिकार तभी है जब आप एक वैध पंजीकृत मतदाता हों।

   एक वैध पंजीकृत मतदाता का अर्थ है संयुक्त राज्य अमेरिका का कोई नागरिक जो इस राज्य में निवास करता हो, जिसकी उम्र कम से कम 18 वर्ष हो और जो किसी घोर अपराध के लिये सजा पाने के कारण जेल में या परोल पर न हो, और जो अपने मौजूदा निवास के पते पर मत डालने के लिए पंजीकृत हो।

2. आपको एक अंतरिम मत डालने का अधिकार है यदि आपका नाम मतदाता सूची में नहीं दिया गया है।
3. आपको वोट डालने का अधिकार तभी है जब आप मतदान समाप्त होने से पहले मतदान स्थल पर उपस्थित हों तथा पंक्ति में हों।
4. आपको बिना भय या धमकी के गुप्त रूप से मतदान करने का अधिकार है।
5. यदि अपना मतपत्र डालने से पहले आपको लगता है कि आपसे कोई गलती हो गई है, तो आपको एक नया मतपत्र लेने का अधिकार है।

   यदि अपना मतपत्र अंतिम रूप से डालने से पहले आपको लगता है कि आपसे कोई गलती हो गई है, तो आपको खराब हो गए मतपत्र के बदले एक नया मतपत्र लेने का अधिकार है। डाक–द्वारा–मतदान सम्बन्धी मतदाता भी एक नया मतपत्र मांग सकते हैं और प्राप्त कर सकते हैं, बशर्ते चुनाव दिवस पर मतदान समाप्त होने से पहले वे अपना खराब मतपत्र किसी चुनाव अधिकारी को लौटा दें।

6. आपको अपना वोट डालने में सहायता प्राप्त करने का अधिकार है, यदि आप बिना सहायता लिए वोट डालने में असमर्थ हों।
7. आपको काउन्टी के किसी भी प्रीसिंक्ट को पूरा किया गया डाक–द्वारा–मतदान सम्बन्धी मतपत्र लौटाने का अधिकार है।
8. आपको दूसरी भाषा में चुनाव सामग्री प्राप्त करने का अधिकार है, बशर्ते आपके प्रीसिंक्ट में ऐसा किए जाने के लिए पर्याप्त संख्या में निवासी हों।
9. आपको चुनाव प्रक्रिया के बारे में प्रश्न पूछने तथा चुनाव प्रक्रिया को देखने का अधिकार है।

   आपको प्रीसिंक्ट बोर्ड तथा चुनाव अधिकारियों से चुनाव प्रक्रिया के बारे में प्रश्न पूछने तथा उत्तर प्राप्त करने अथवा उत्तर पाने के लिए किसी उपयुक्त अधिकारी के पास भेजे जाने का अधिकार है। लेकिन, यदि निरंतर प्रश्न पूछने से बोर्ड या चुनाव अधिकारियों के दायित्व निभाने में बाधा पड़ती है, तो वे प्रश्नों का उत्तर देना बंद कर सकते हैं।

10. आपको अधिकार है कि आप किसी भी गैर-कानूनी या कपटपूर्ण गतिविधि की रिपोर्ट किसी स्थानीय चुनाव अधिकारी को अथवा राजकीय सचिव के कार्यालय में कर सकते हैं।

---

**यदि आपको लगता है कि आपको इनमें से किसी भी अधिकार से वंचित किया गया है, अथवा आपको किसी भी चुनाव से जुड़ी धोखाधड़ी या गलत आचरण की जानकारी है, तो कृपया राजकीय सचिव की गोपनीय शुल्क मुक्त मतदाता हॉटलाइन (888) 345-2692 पर फोन करें।**

---

आपके मतदाता पंजीकरण हलफनामे में दी गई सूचना का प्रयोग करके चुनाव अधिकारी आपको मतदान प्रक्रिया के बारे में आधिकारिक सूचना भेजेंगे, जैसे कि आपके मतदान स्थल की जगह और मुद्दे तथा उम्मीदवार जो मतपत्र पर दिखाई देंगे। मतदाता पंजीकरण सूचना का वाणिज्यिक उपयोग करने की कानूनन मनाही है और इसे एक दुष्कर्म माना जाएगा। राजकीय सचिव द्वारा तय किए गए अनुसार किसी पद के उम्मीदवार, मतपत्र विधेयक समिति को, अथवा किसी अन्य व्यक्ति को चुनाव, अध्ययन, पत्रकारिता, राजनीतिक, अथवा सरकारी उद्देश्यों के लिए मतदाता जानकारी उपलब्ध कराई जा सकती है। आपके मतदाता पंजीकरण कार्ड पर दर्शाए गए ड्राइवर लाइसेंस और सोशल सिक्युरिटी नम्बर, अथवा आपके हस्ताक्षर, इन उद्देश्यों के लिए नहीं दिए जा सकते। यदि आपके मन में मतदाता जानकारी के संबंध में कोई प्रश्न हों अथवा आप ऐसी जानकारी के संदिग्ध दुरुपयोग की रिपोर्ट करना चाहते हों, तो कृपया राजकीय सचिव की मतदाता हॉटलाइन (888) 345-2692 पर फोन करें।

कुछ ऐसे मतदाता जिनके समक्ष जीवन को खतरे में डालने वाली स्थिति हो, गोपनीय मतदाता के दर्ज़े हेतु योग्य हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए, राजकीय सचिव के घर पर सुरक्षित कार्यक्रम में शुल्क मुक्त (877) 322-5227 पर संपर्क करें अथवा विज़िट करें - *www.sos.ca.gov*।

**California Secretary of State**
**Elections Division**
1500 11th Street
Sacramento, CA 95814

NONPROFIT
U.S. POSTAGE
PAID
CALIFORNIA
SECRETARY OF STATE

OFFICIAL ELECTION MAIL
Authorized by the U.S. Postal Service ®

**CALIFORNIA राज्यव्यापी सीधा**

# प्राथमिक चुनाव

www.voterguide.sos.ca.gov

**आधिकारिक मतदाता सूचना मार्गदर्शिका**

मतदान करने हेतु पंजीकरण कराने के लिये आखिरी दिन
**सोमवार, 19 मई, 2014**

मतदान करना न भूलें!
**मंगलवार, 3 जून, 2014**
मतदान सुबह 7:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक खुला रहेगा

For additional copies of the Voter Information Guide in English, please contact your county elections office or call (800) 345-VOTE (8683). For TTY/TDD, call (800) 833-8683.

Para obtener copias adicionales de la Guía de Información para el Votante en español, póngase en contacto con la oficina electoral de su condado o llame al (800) 232-VOTA (8682).

如需索取額外的中文選民資訊指南，請與您的縣立選舉辦事處聯繫或致電(800) 339-2857。

हिन्दी में मतदाता जानकारी मार्गदर्शिका की अतिरिक्त प्रतियां प्राप्त करने के लिए, कृपया अपने काउंटी चुनाव कार्यालय से संपर्क करें या इस नंबर पर फ़ोन करें (888) 345-2692।

投票情報ガイドの日本語版をご希望の場合は、最寄の郡選挙事務所にお問い合わせになるか(800) 339-2865にお電話ください。

សំរាប់សំណៅបន្ថែម នៃព័ត៏មានណែនាំអ្នកបោះឆ្នោត ជាភាសាខ្មែរ សូមទាក់ទងការិយាល័យបោះឆ្នោត ខោនធីរបស់អ្នក ឬទូរស័ព្ទ (888) 345-4917។

한국어로 된 유권자 정보 지침의 사본이 추가로 필요할 경우 해당 카운티 선거관리 사무실로 연락하거나 다음 번호로 전화하십시오: (866) 575-1558

Para sa mga karagdagang kopya ng Patnubay na Impormasyon Para sa Botante sa Tagalog, mangyaring makipag-ugnayan sa opisina sa mga halalan ng inyong county o tumawag sa (800) 339-2957.

สำหรับสำเนาเพิ่มเติมของคู่มือสำหรับผู้ออกเสียงเลือกตั้งเป็นภาษาไทย กรุณาติดต่อสำนักงานการเลือกตั้งประจำเทศมณฑลของคุณ หรือโทรศัพท์ถึง (855) 345-3933

Muốn có thêm Tập Hướng Dẫn Cử Tri bằng Việt Ngữ, xin liên lạc với văn phòng bầu cử quận của quý vị hoặc gọi số (800) 339-8163.

चुनाव की लागत कम करने के लिए, राज्य द्वारा प्रत्येक घर को केवल एक मार्गदर्शिका डाक से भेजी जाती है।

OSP 14 132802